संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 30 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 146 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियों को समझाया।

## मणिपुर में रविवार को फिर हिंसा, 5 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/इम्फाल**
**मणिपुर** में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर 3 मई से हिंसा जारी है। रविवार को एक बार फिर राजधानी इंफाल से लगे सेरौ और सुगनू इलाके में हिंसक झड़प हुई। इसमें 1 पुलिसकर्मी समेत 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हुए हैं। राज्य में हिंसा के चलते अब तक करीब 80 लोगों की जान गई है। 26 दिनों से जारी हिंसा के बीच पुलिस ने रविवार तक 40 लोगों का एनकाउंटर भी किया है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने इन एनकाउंटर की पुष्टि की है। उन्होंने एनकाउंटर में मारे गए लोगों को 'मिलिटेंट' बताया है। सीएम ने कहा- ये लोग आम नागरिकों के खिलाफ एम-16, एके-47 असॉल्ट राइफलों और स्नाइपर गन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## टेरर फंडिंगः यासिन मलिक के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने हत्या और टेरर फंडिंग के मामले में दोषी करार दिए गए यासिन मलिक को फांसी की सजा देने की नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की मांग पर सुनवाई करते हुए यासिन मलिक को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली बेंच ने अगली सुनवाई पर 9 अगस्त को यासिन मलिक को पेश करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया। सुनवाई के दौरान एनआईए की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने यासिन मलिक के ऊपर लगे आरोपों को सही पाया था। उन्होंने कहा कि यह अजीब है कि कोई भी देश की अखंडता को तोड़ने की कोशिश करे और बाद में कहे कि मैं अपनी गलती मानता हूं और ट्रायल का सामना न करे।

## इसरो ने जीएसएलवी-एफ12 सैटेलाइट लॉन्च किया



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीहरिकोटा**
**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने आज (सोमवार) पूर्वाह्न 10 बजकर 42 मिनट पर जीएसएलवी-एफ12 सैटेलाइट (भूस्थिर उपग्रह प्रक्षेपण यान) को लॉन्च कर दिया। इसरो के वैज्ञानिकों ने बताया कि इसे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से लॉन्च किया गया। 51.7 मीटर लंबा जीएसएलवी अपनी उड़ान में 2,232 किलोग्राम वजनी एनवीएस-01 नौवहन उपग्रह को लेकर रवाना हुआ। प्रक्षेपण के करीब 20 मिनट बाद, रॉकेट लगभग 251 किलोमीटर की ऊंचाई पर भू-स्थिर स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में उपग्रह को स्थापित करेगा।

## हरिवंश नए संसद भवन के उद्घाटन में गए..जदयू भड़की



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
नए संसद भवन के उद्घाटन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह का समारोह में जाना अब जदयू को खलने लगा है। जदयू अब उपसभापति हरिवंश पर हमलावर हो गई है। मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने उन्हें भटका हुआ बताया। दल के नेता यह भी कह रहे हैं उन्होंने अपनी नैतिकता को भाजपा के सामने बेच दिया है। उन्होंने अपनी लेखनी बेच दी है। उपसभापति हरिवंश नए संसद भवन के उद्घाटन में उन तीन प्रमुख लोगों में थे जो मंच पर बैठे थे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ही शामिल थे।

# एमपी चुनाव पर कांग्रेस का मंथन

### पार्टी कर्नाटक जैसी ही रणनीति मध्यप्रदेश में भी अपनाएगी, पार्टी दिसंबर में होने वाले चुनावों में 150 सीटें जीतेगीः राहुल

**दावा**

= हमें मध्य प्रदेश में 150 सीटें मिलने की आशा है। उन्होंने कहा कि जो कर्नाटक में किया उसे मध्यप्रदेश में दोहराया जाएगाः राहुल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में सोमवार को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी कर्नाटक जैसी ही रणनीति मध्यप्रदेश में भी अपनाएगी। उन्होंने दावा किया कि पार्टी दिसंबर में होने वाले चुनावों में 150 सीटें जीतेगी।
मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह सहित केन्द्रीय नेतृत्व और राज्य के नेताओं ने भाग लिया। इस बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमारा आंतरिक आंकलन था कि हमें कर्नाटक में 136 सीटें मिलेंगी। इसी तरह हमें मध्य प्रदेश में 150 सीटें मिलने की आशा है। उन्होंने कहा कि जो कर्नाटक में किया उसे मध्यप्रदेश में दोहराया जाएगा। वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री चेहरे कौन होगा इस सवाल पर राहुल गांधी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं पार्टी नेता कमलनाथ ने कहा कि अभी बेहद महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें चुनाव की रणनीति और मध्य प्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित रखा जाए इस पर चर्चा हुई।

### मन बहलाने के लिए ख्याल अच्छा.ः शिवराज



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**राहुल** गांधी ने मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एमपी में 150 सीटें जीतेगी। राहुल गांधी के दावे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि हम उनकी बात से सहमत हैं। सीएम शिवराज सिंह ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि मन को बहलाने को बाबा ख्याल अच्छा है। हालांकि राहुल गांधी इस सवाल को टाल गए कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की ओर से सीएम फेस कौन होगा? दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में एमपी के पार्टी नेताओं के साथ चुनावी तैयारियों को लेकर बैठक की। राहुल गांधी ने कहा कि 'बैठक में हमारी लंबी चर्चा चली। हमारा आंतरिक आकलन है कि हमें कर्नाटक में 136 सीटें मिली हैं। मध्यप्रदेश में 150 सीटें मिलने वाली हैं। कर्नाटक में जो किया, उसे हम रिपीट करने जा रहे हैं।' कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, हम मध्यप्रदेश भी जीतने जा रहे हैं।
**राहुल गांधी के दावे पर कमलनाथ बोले- हम उनकी बात से सहमतः** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि चुनाव में कैसी रणनीति बनाई जाए, मध्यप्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित रखा जाए, इस पर बैठक में चर्चा हुई। कमलनाथ ने राहुल के दावे पर कहा, 'हम उनकी बात से सहमत हैं। उनके पास इनपुट है। हमने शुरूआत कर दी है। हमारी नारी सम्मान योजना है।

### राहुल मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहेः वीडी

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। वे कांग्रेस की चिंता करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में बीजेपी आगामी विधानसभा चुनाव में 'अबकी बार दो सौ पार' के संकल्प के साथ जीत का इतिहास बनाएगी।

### नियुक्तियों को लेकर बैठक में नाराजगी

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ हुई बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने बिना सहमति के जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों की नियुक्तियों को लेकर शिकायत की। इसको लेकर राहुल गांधी ने कहा आप लिखित में केसी वेणुगोपाल को दे दीजिए। अगर स्पेसिफिक इश्यू को लिखित में देंगे तो हम उसका समाधान कराएंगे, लेकिन ये समय छोटी-छोटी बातों में उलझने का नहीं हैं। आप लोग सिर्फ एक टारगेट सेट कीजिए। अपने क्षेत्र में कांग्रेस के कैंडिडेट को जिताना और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना।
**राहुल ईस्ट से वेस्ट करेंगे पदयात्राः** बैठक में यह भी बताया गया कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को व्यापक जनसमर्थन मिला था। अब राहुल गांधी पूर्व से पश्चिम तक यात्रा करेंगे। हालांकि यात्रा की तारीख अभी तय नहीं हुई है। इस यात्रा में मप्र के कुछ हिस्सों को शामिल किया जा सकता है।

# दिल्ली में नाबालिग लड़की की सड़क पर हत्या

**आरोपी गिरफ्तार**

= लड़की के पूरे शरीर में घोंपे चाकू...पत्थर से कुचल दिया सिर; फिर सीना चौड़ा करके निकला साहिल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** लड़की की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले आरोपी साहिल (20) को पुलिस ने सोमवार दोपहर 3 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने साहिल को बुलंदशहर से गिरफ्तार किया है। साहिल ने शाहबाद डेयरी इलाके में रविवार शाम 16 साल की साक्षी की सरेराह हत्या कर दी थी। साक्षी को 20 से ज्यादा बार चाकू मारे गए थे। साहिल ने 6 बार उसके सिर पर पत्थर भी पटका था। इस घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैप्चर हो गया। पुलिस के मुताबिक, दोनों रिलेशनशिप में थे, लेकिन शनिवार को किसी बात पर दोनों का झगड़ा हो गया था।
**कई लोग सड़क से गुजरे, कुछ लोगों ने रोकने की कोशिश भी की:** पुलिस ने बताया- एक व्यक्ति ने लड़की की हत्या की जानकारी दी। पुलिस टीम को साक्षी का शव सड़क पर मिला। वह जेजे कॉलोनी की रहने वाली थी। जब वह रविवार शाम बर्थडे पार्टी में जा रही थी, तब अचानक साहिल ने उसे रोका और हमला कर दिया। पहले चाकू से वार किए। इसके बाद पत्थर पटका। उसके सड़क पर गिरने के बाद लगातार लात से मारता रहा। दिल्ली डिप्टी पुलिस कमिश्नर सुमन नलवा के मुताबिक, लड़की के शव का पोस्टमॉर्टम जारी है। आरोपी साहिल नाम के युवक ने

### घटना पर सीएम केजरीवाल ने कहा- एलजी साहब कुछ कीजिए

**घटना** की जानकारी मिलते ही सीएम केजरीवाल ने सीसीटीवी फुटेज ट्वीट करते हुए लिखा- दिल्ली में खुलेआम एक नाबालिग बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है। ये बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराधी बेखौफ हो गए हैं, पुलिस का कोई डर ही नहीं है। एलजी साहब, कानून व्यवस्था आपकी ज़िम्मेदारी है, कुछ कीजिए। दिल्ली के लोगों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

16 वर्षीय युवती की जिस तरह से चाकू और पत्थरों से हत्या की उसने दिल्ली को एक बार फिर शर्मसार कर दिया है। इतना तो साफ है कि हत्यारे को पुलिस और समाज का जरा भी डर नहीं था।


हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से भेंट की। मुख्यमंत्री ने अवगत करवाया कि शानन परियोजना की 99 वर्ष का लीज एग्रीमेंट मार्च, 2024 में समाप्त हो रहा है। पंजाब सरकार को लीज अवधि समाप्त होने से पहले हिमाचल प्रदेश को परियोजना सौंपने के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

## एक जुलाई से श्रीखंड महादेव की यात्रा

**शिमलाः** विश्व की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव की यात्रा इस बार एक जुलाई से शुरू हो सकती है। बरसात को देखते हुए श्रीखंड यात्रा ट्रस्ट ने यह यात्रा जल्दी कराने का प्रस्ताव तैयार किया है। कुल्लू में 29 मई को होने वाली मीटिंग में इस प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। बताया जा रहा है कि श्रीखंड यात्रा ट्रस्ट ने इस धार्मिक यात्रा के लिए फिलहाल दो प्रस्ताव तैयार किए हैं। पहले प्रस्ताव में एक से 15 जुलाई तक और दूसरे प्रस्ताव में 5 से 20 जुलाई तक यात्रा करने का जिक्र है, क्योंकि देरी से यात्रा शुरू होने से कई बार बरसात इसमें बाधा उत्पन्न करती है।

# 'आज कोई भारत को टेढ़ी नजर से नहीं देख सकता'

### भारत की सीमाएं सुरक्षित, आतंकवाद-नक्सलवाद पर कसा शिकंजाः योगी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मोदी** सरकार के 9 साल पूरे होने पर सीएम योगी ने सोमवार को लखनऊ के ताज होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- अटल बिहारी बाजपेई ने कहा था कि हम सब बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है। अलगाववाद, आतंकवाद, नक्सलवाद के खिलाफ हम मजबूत हुए हैं। आज कोई भारत की ओर टेढ़ी नजर से देख नहीं सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले 9 साल का कालखंड नए



**आंतरिक सुरक्षा मजबूत**

= अटल बिहारी बाजपेई ने कहा था कि हम सब बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकतेः सीएम योगी

भारत को दर्शाता है। पापुआ न्यूगिनी ने हमने देखा...वहां के प्रधानमंत्री ने प्रोटोकॉल तोड़ एक सम्प्रभु राष्ट्र का स्वागत किया और सर्वोच्च सम्मान दिया। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका के राष्ट्र प्रमुखों द्वारा प्रधानमंत्री के सम्मान से 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान बढ़ा है। आज भारत के प्रति दुनिया में प्रश्न नहीं, कौतूहल है... जिज्ञासा है। आज भारत के योग के साथ दुनिया के 190 देश जुड़कर सम्मान दे रहे हैं।' सीएम योगी ने कहा, यूपी वाटर-वे में नंबर एक है। देश में 22 नए एम्स के निर्माण हुए। देश में 48 करोड़ जनधन खाते खुले। आज उन्हें डीबीटी के जरिए सीधा फायदा मिल रहा है।

## केंद्र के 9 साल के कार्यकाल रहा विकास से भरपूरः निर्मला



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्र सरकार के 9 साल के कार्यकाल को प्रगति और विकास से भरपूर बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले नौ साल में अलग-अलग क्षेत्रों में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। वित्त मंत्री ने सोमवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल पूरा होने पर रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न दिया गया, जबकि 220 करोड़ लोगों को देशभर में वैक्सीन की मुफ्त खुराक दी गई।

# धरना दे रहे पहलवान दिल्ली से रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**जंतर-मंतर** पर रविवार को पुलिस से हुई झड़प के बाद पहलवान सोमवार को दिल्ली से रवाना हो गए। पुलिस ने कहा कि हमने 38 दिन से धरना दे रहे पहलवानों को हर मुमकिन सुविधा दी थी, लेकिन रविवार को इन लोगों ने कानून तोड़ा। डिप्टी पुलिस कमिश्नर सुमन नालवा ने कहा कि अगर पहलवानों ने अगली बार धरने की इजाजत मांगी तो हम उन्हें जंतर-मंतर नहीं, दूसरी जगह पर भेजेंगे। दरअसल, रविवार को झड़प के बाद रेसलर साक्षी ने कहा था कि अब जंतर-



मंतर पर सत्याग्रह करेंगे। रविवार को नई संसद के सामने महिला महापंचायत बुलाई गई थी। रेसलर्स ने वहां जाने के लिए मार्च निकाला और बैरिकेड्स भी तोड़े। इस दौरान पुलिस के साथ झड़प भी हुई। इसके बाद विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया समेत कई पहलवानों को हिरासत में लिया गया। हालांकि, बाद में उन्हें रिहा भी कर दिया गया। दिल्ली पुलिस ने पहलवानों समेत 109 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। इन पर दंगा फैलाने, सरकारी काम में बाधा डालने जैसे आरोप हैं।
इन धाराओं में 7 साल तक कारावास का प्रावधान है। वहीं जींद में खापों व किसानों ने पंचायत कर ऐलान किया कि दिल्ली में दूध, सब्जी, फल और अन्य सामान की सप्लाई को बंद करेंगे। किसान आंदोलन की तरह दिल्ली को चारों तरफ से घेर लिया जाएगा।

# पीएम ने नॉर्थ-ईस्ट की पहली वंदे-भारत को झंडी दिखाई

### गुवाहाटी से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलेगी, 411 किमी का सफर साढ़े 5 घंटे में पूरा करेगी



**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नॉर्थ-ईस्ट की पहली और देश की 18वीं वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। पीएम इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। यह ट्रेन असम के गुवाहाटी से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलेगी, जो 411 किलोमीटर की दूरी साढ़े 5 घंटे में तय करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि नॉर्थ-ईस्ट की कनेक्टिविटी से जुड़े तीन काम हो रहे हैं। नॉर्थ-ईस्ट को पहली मेड इन इंडिया वंदे भारत मिल रही है। दूसरा- ये पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली तीसरी वंदे भारत है। तीसरा- मेघालय के लगभग 425 किमी ट्रैक पर इलेक्ट्रिफिकेशन का काम पूरा हो गया है। बीते 9 साल नए

**लोकतांत्रिक भविष्य**

= नॉर्थ-ईस्ट की कनेक्टिविटी से जुड़े तीन काम हो रहे हैं। नॉर्थ-ईस्ट को पहली मेड इन इंडिया वंदे भारत मिल रही है

भारत के निर्माण के रहे हैं। कल ही देश को आजाद भारत की भव्य-दिव्य आधुनिक संसद मिली है। ये भारत के हजारों साल पुराने लोकतांत्रिक इतिहास को हमारे उदार लोकतांत्रिक भविष्य से जोड़ने वाली संसद है। 2014 से पहले नॉर्थ ईस्ट के लिए रेलवे का बजट 2500 करोड़ रुपए था। अब यह 10.000 करोड़ से ज्यादा है। जल्द ही पूर्वोत्तर के सभी हिस्से ब्रॉड गेज नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। उस पर 1 लाख करोड़ खर्च रुपए किए जा रहे हैं।

**विरोध** एलसीए मार्क-2 के लिए 'आत्मनिर्भर योजना' के तहत भारत में होगा जेट इंजनों का निर्माण, अमेरिकी 30 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने के सौदे पर भी हस्ताक्षर होने की उम्मीद

# पीएम मोदी के अमेरिका दौरे से पहले जीई के फाइटर जेट इंजन निर्माण का होगा सौदा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** में फाइटर जेट इंजन बनाने की जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कई अरब डॉलर का यह सौदा इस सप्ताह अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन की भारत यात्रा के दौरान पूरा होने की संभावना है। ऑस्टिन की नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान 30 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने के सौदे पर भी हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। अमेरिकी रक्षा सचिव ऑस्टिन लॉयड इस सप्ताह भारत की यात्रा पर नई दिल्ली आएंगे। जनवरी, 2021 में कार्यभार संभालने के बाद से यह ऑस्टिन की भारत की दूसरी यात्रा होगी। अपनी भारत यात्रा के दौरान ऑस्टिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेताओं से मिलेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान दोनों पक्ष जून में पीएम मोदी की प्रस्तावित अमेरिका यात्रा से पहले लंबित सौदों को अंतिम रूप देंगे। शीर्ष स्तर के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वे 'एयर इंफॉर्मेशन शेयरिंग' समझौते के जल्द निष्कर्ष पर भी चर्चा कर सकते हैं। ओहियो स्थित जीई की सहायक कंपनी जीई एयरोस्पेस भारत में फाइटर जेट इंजन बनाने की प्रौद्योगिकी विकसित करने की योजना पर भारत के साथ एक साल से अधिक समय से चर्चा कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की 21 से



24 जून तक अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा प्रस्तावित है, जहां उनकी मेजबानी व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन करेंगे। फाइटर जेट इंजन सौदे की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी की अगले महीने अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान की जा सकती है। दरअसल, इस साल जनवरी में व्हाइट हाउस को भारत में संयुक्त रूप से इंजन बनाने के लिए जीई से एक आवेदन मिला है। वाशिंगटन डीसी में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन पहले दौर की वार्ता कर चुके हैं। भारत में जीई के एफ-414 जेट इंजनों का निर्माण सरकार की 'आत्मनिर्भर योजना' के तहत स्वदेशी लड़ाकू विमान लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-2 की ताकत बढ़ाने के लिए है। एलसीए मार्क-1 जीई कंपनी के एफ-404 इंजन से ही संचालित हैं। अब एलसीए मार्क-2 के लिए भारत में ही जीई के एफ-414 जेट इंजनों के साथ भारत की विदेशी निर्माताओं के साथ मिलकर 114 मल्टीरोल फाइटर जेट विकसित करने की भी योजना है। अमेरिका भी भारत के साथ जेट इंजन प्रौद्योगिकी के पूर्ण हस्तांतरण के लिए तैयार है।
इसकी घोषणा अमेरिकी वायु सेना के सचिव फ्रैंक केंडल ने इसी साल मार्च में अपनी भारत यात्रा के दौरान एनएसए डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात के दौरान की थी।
भारत ने चीन के साथ-साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और निगरानी को बढ़ावा देने के लिए सेना, नौसेना और वायु सेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जताई है। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है।

# मिशन चौक से लेकर ककरोई चौक तक फ्लाईओवर के दोनों तरफ की सड़क का होगा पुनर्निर्माण

## 36 लाख 20 हजार की लागत से नगर निगम करवाएगा सड़क का पुनर्निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोमवार को** नगर निगम मेयर निखिल मदान ने शहर के विधायक सुरेंद्र पवार, डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, निगम पार्षद नीतू दहिया एवं निगम अधिकारियों के साथ मिलकर वार्ड नं 20 में विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस मौके पर मिशन चौक से लेकर ककरोई चौक तक जा रहे फ्लाईओवर के नीचे दोनों तरफ की सड़क को इंटरलॉकिंग टाइलों एवं आवश्यकता अनुसार कुछ जगह पर सीसी से पक्के किए जाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य को नगर निगम द्वारा 36 लाख 20 हजार की लागत से पूरा करवाया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक प्रेमचंद जिंदल ने



नारियल फोड़कर इस कार्य का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय व्यापारियों ने विधायक, मेयर एवं पार्षदों का फूल मालाओं से स्वागत किया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि स्थानीय व्यापारी दीपक रोहिल्ला, मार्केट एसोसिएशन के अन्य सदस्यों और निगम पार्षद नीतू दहिया के माध्यम से इस सड़क पर जलभराव की समस्या उनके संज्ञान में आई थी। निगम अधिकारियों के निरीक्षण में यह बात सामने आई थी कि सड़क का लेवल ठीक नहीं है। अब फ्लाईओवर के दोनों तरफ सड़क का लेवल ठीक कर-के दोबारा से इंटरलॉकिंग टाइलों के साथ सड़क का पुनर्निर्माण



किया जाएगा। इस कार्य में आवश्यकतानुसार कई जगह सीसी से भी सड़क को पक्का किया जाएगा। क्षेत्र की व्यस्ततम सड़क होने के चलते उन्होंने निगम अधिकारियों और संबंधित एजेंसी को इस कार्य को जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, निगम पार्षद नीतू दहिया,संजय सिंगला, राजेश दहिया, विजय वर्मा, राधेश्याम, सोनू मित्तल, दीपक रोहिल्ला, नवीन जिंदल, अशोक मित्तल, प्रेम जिंदल, सोमवीर दूहन, राजेश, पारस जैन, सोनू, अशोक, राजेश, राजेश पांचाल, सतीश आदि लोग मौजूद रहे।

# 'आशा एक प्रयास' ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य जांच परीक्षण का आयोजन

**8 160 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें शुगर टेस्ट, बीपी हड्डी रोग की जांच की गई**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**आशा** एक प्रयास ट्रस्ट द्वारा जिओ गीता पार्क सेक्टर 8 एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 160 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें शुगर टेस्ट, बीपी हड्डी रोग की जांच की गई। इस शिविर में डॉक्टर यूडी शर्मा डॉक्टर, अशोक सरवाल, डॉक्टर पीडी गुप्ता ने आए हुए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा डॉ पीडी गुप्ता ने स्वस्थ रहने के कुछ विशेष टिप्स दिए। आशा एक प्रयास की ओर से प्रधान प्रेम




भाटिया महासचिव मनोज घई उपाध्यक्ष अजय बक्शी तथा टीम के अन्य लोगों ने भाग लिया इस अवसर पर एकम न्यास ट्रस्ट के पदाधिकारी तथा इंडिया यूके ट्रस्ट के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पहलवानों के साथ दमनकारी कार्रवाई अनुचित:अर्जुन धीमान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**न्यायालय** द्वारा मंजूर धरना स्थल जंतर-मंतर से भारत के पदक विजेता खिलाड़ियों को हिरासत में लेने तथा जंतर-मंतर पर जा रहे किसानों की गिरफ़्तारी कि कड़ी निंदा करते हुए कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव व विश्वकर्मा धीमान समाज हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह धीमान ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ नए संसद भवन का उद्घाटन किया गया दूसरी तरफ संसद भवन से 500 मीटर दूर अहंकार में चूर घमंडी सरकार द्वारा जंतर-मंतर पर ओलंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट जैसी देश की बेटियों का अपमान



करते हुए जनता की आवाज को दबाया गया। स्पष्ट है कि यह अहंकारी सरकार सत्ता के घमंड में सही और गलत में अंतर भूल गई है। ओलंपिक पदक विजेता पहलवानों को हिरासत में लेना और पुलिस द्वारा उनपर दमनपूर्वक कार्रवाई की जितना निंदा की जाए, वो कम है। जंतर-मंतर से पुलिस द्वारा न्याय माँग रहीं बेटियों के टैंट और तंबू हटाना और देश की महिला खिलाड़ियों के साथ ऐसा बर्ताव होना बहुत ही शर्मनाक है। भाजपा सरकार का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा बस ढोंग है। असल नारा भाजपा से बेटी बचाओ होना चाहिए।

अर्जुन सिंह धीमान ने कहा कि इस सरकार में न्याय और सच के लिए आवाज उठाना भी गुनाह हो गया है।
आरोपी पर कार्रवाई करने की बजाय पहलवानों के साथ इस तरह की दमनकारी कार्रवाई अत्यंत शर्मनाक है। पहलवानों के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के किसानों को दिल्ली आने से रोका भी अत्यंत निंदनीय है।

# भिवानी: 30 मई से होंगे सीटीपी कैटेगरी के आवेदन होंगे लाईव

**भिवानी।** हरियाणा मुक्त विद्यालय की सैकेंडरी तथा सीनियर सैकेंडरी परीक्षा के लिए ऑनलाइन फार्म भरने के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट बीएसईएच डॉट ओआरजी डॉट इन पर 30 मई से आवेदन कर सकते हैं। परीक्षार्थी समय रहते ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित कर लें। आवेदन की तिथियों से अभिप्राय है कि सफल पंजीकरण के साथ-साथ निर्धारित परीक्षा शुल्क का बोर्ड के निमित बैंक खाते में जमा होना। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि ओपन की सैकेंडरी सीटीपी व अतिरिक्त विषय के परीक्षार्थियों के लिए 1100 रुपए एवं रि-अपीयर व आंशिक अंक सुधार तथा पूर्व विषय अंक सुधार कैटेगरी के परीक्षार्थी की एक हजार रुपए परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में रक्त जांच शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
भारत विकास परिषद्, नगर शाखा द्वारा मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर मे रक्त जांच शिविर लगाया गया कइस कार्यक्रम के आयोजक आर एन मित्तल रहे क इस शिविर के अंतर्गत विद्यालय के लगभग 145 बच्चो व विद्यालय के स्टाफ की खून की जांच की गई कइस अवसर पर नगर शाखा से विद्यालय से ही पढ़े हुए अध्यक्ष डॉ सौरव गुप्ता, सचिव राजेश बंसल, उप सचिव अमरदीप सिंगला, पी के अग्रवाल , महिला प्रमुख साक्षी अग्रवाल, सदस्य मदन लाल अग्रवाल, संजय गोयल, संजय बतरा रहे क सिविल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ जशनप्रीत सिंह, डॉ तमन्ना, टेकनिशियन ऑफिसर डॉ राजेश त्यागी व टीम मेम्बर्स श्री नरेंद्र, श्री सुनील, अर्चना, रितिका, दीपमाला रहे क डॉ सौरभ गुप्ता जी ने बच्चो मे अनीमिया के कारण पौष्टिक आहार को सेवन न करना, फल, सब्जियों, दूध, दही का सेवन न करना बताया कव अनीमिया को खत्म करने के लिए



गुड़ चना, हरी पत्तेदार सब्जियां व फलों का भरपूर सेवन करने की सलाह दी कइस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी ने भारत विकास परिषद् नगर शाखा की सारी टीम का तहेदिल से शुक्रिया किया कव द्वारा की इस समाज सेवा की खूब प्रशंसा भी की कव सभी बच्चो को आयरन से भरपूर खाध पदार्थों के सेवन की भी सलाह दी कयह सारा कार्यक्रम विद्यालय की कोऑर्डिनेटर शमा शर्मा की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ।

# 30 हजार नशीली गोलियों सहित आरोपी काबू, सप्लायर को भी किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने के लिए नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान 26 मई 2023 को ईन्चार्ज पुलिस चौकी नम्बर-4 अम्बाला शहर उप-निरीक्षक गुरमेल सिहँ व पुलिस दल ने प्रबन्धक थाना अम्बाला शहर निरीक्षक नरेन्द्र सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना अम्बाला शहर क्षेत्र मगंत राम का अहाता के पास से नाकाबन्दी के दौरान आरोपी मंगत सिहँ उर्फ मंगा निवासी दुर्गा नगर अम्बाला शहर थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर को 30 हजार नशीली गोलियों कुल वजन 11 किलो 280 ग्राम सहित गिरफ्तार कर थाना अम्बाला शहर में मुकदमा नम्बर 322 दिनांक 26 मई 2023 एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 22-सी-61-



85 के अन्तर्गत मामला दर्ज किया। आरोपी को 27 मई 2023 को माननीय न्यायालय में पेश कर 03 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि वह नशीली गोलियाँ आरोपी सप्लायर सुरेन्द्र कुमार उर्फ काका निवासी मीरापुर मौहल्ला शाहबाद से खरीद कर लाया है। पुलिस ने 28 मई 2023 को कार्यवाही करते हुए स्पलायर आरोपी सुरेन्द्र कुमार उर्फ काका निवासी मीरापुर मौहल्ला शाहबाद जिला कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार किया जिसे माननीय न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड की मांग की जाएगी।

आरोपी सुरेन्द्र का कलसानी गावँ में जुनेजा मैडिकल स्टोर है। पुलिस चौकी नम्बर-4 अम्बाला शहर के पुलिस दल को 26 मई 2023 को मुखबर खास ने सूचना दी थी कि आरोपी भारी मात्रा में नशीली गोलियों की तस्करी का कार्य करता है। आरोपी 26 मई 2023 को भारी मात्रा में नशीली गोलियाँ ग्राहकों को सप्लाई करने के लिए अम्बाला शहर की ओर जाएगा, यदि उचित समय पर कार्रवाई की जाए तो उसको भारी मात्रा में नशीली गोलियों सहित काबू किया जा सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना अम्बाला शहर क्षेत्र मगंत राम का अहाता के पास नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान सन्दिग्ध वाहनों की चैकिंग करते समय एक्टिवा सवार आरोपी को रोककर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उसकी एक्टिवा पर रखे कट्टे में से 30 हजार नशीली गोलियाँ बरामद हुई। आरोपी की पहचान मंगत सिहँ उर्फ मंगा निवासी दुर्गा नगर अम्बाला शहर थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर के रूप में हुई।

**अपराधिक रिकार्ड**
अनुसंधान के दौरान अभी तक आरोपी मंगत सिहँ के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं होना पाया गया है। आरोपी नशीली दवाओं के बेचने का कार्य पिछले लम्बे समय से कर रहा है। आरोपी नशीली दवाओं पर 4 गुणा मुनाफा कमाता है।
आरोपी सुरेद्र कुमार के अपराधिक रिकार्ड का पता लगाया जाएगा।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में अम्बाला पुलिस ने 1 जनवरी 2023 से अब तक नशा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 79 मामले दर्ज कर 137 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा है। जिसमें 17 मामले व्यवसायिक मात्रा के अर्न्तगत दर्ज किए गए हैं।

# सीआईए ने 1 किलो 150 ग्राम अफीम सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के दिशा-निदेर्शानुसार सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल को मिली बड़ी सफलता मिली है। अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने के लिए नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के दौरान 27 मई 2023 को सी.आई.ए.-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए छापेमारी के दौरान थाना पड़ाव क्षेत्र गावँ शाहपुर के नजदीक नैशनल हाईवे नम्बर 44 पर बने ओवरब्रिज के नीचे से आरोपी महावीर निवासी गावँ सरकपुर सुभानपुर डा. रहमा जिला बदायू यूपी को 1 किलो 150 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार कर थाना पड़ाव में मुकदमा नम्बर 286 एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 18-61-1985 के अर्न्तगत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को 28 मई 2023 को माननीय न्यायालय में पेश कर 03 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया जिससे कि अनुसंधान के दौरान आगामी कार्यवाही की जा सके।
अनुसंधान जारी है।
सी.आई.ए.-1 अम्बाला की पुलिस टीम को 27 मई 2023 को मुखबर खास ने सूचना दी थी कि आरोपी थाना पड़ाव क्षेत्र गावँ शाहपुर के नजदीक नैशनल हाईवे नम्बर 44 पर बने ओवरब्रिज के नीचे ग्राहकों को अफीम देने के लिए खड़ा है अगर तुरन्त कार्यवाही की जाए तो अफीम सहित काबू किया जा सकता है। प्राप्त सूचना के आधार पर सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना पड़ाव क्षेत्र गावँ शाहपुर के नजदीक नैशनल हाईवे नम्बर 44 पर बने ओवरब्रिज के नीचे छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरोपी के पीठू बैग की विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उसके पीठू बैग से 01 किलो 150 ग्राम अफीम बरामद हुई जिसे अफीम सहित गिरफ्तार कर थाना पड़ाव में मामला दर्ज किया।

# भाजपा अंबाला जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न




**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** जिला कार्यकारिणी भाजपा अंबाला की बैठक जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा की अध्यक्षता में पीकेआर जैन स्कूल आर्य चौक अंबाला शहर में हुई जिला मीडिया प्रमुख सुधीर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकारिणी बैठक में विशेष रुप से हरियाणा के गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, जिला अंबाला प्रभारी घनश्यामदास अरोड़ा, अंबाला शहर विधायक असीम गोयल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा ने पार्टी के आने वाले कार्यक्रमों के विस्तार से जानकारी दी विधायक असीम गोयल ने रत्न लाल कटारिया के जीवन पर प्रकाश डाला व कार्यकताओं को उनकी उपलब्धियों को साझा किया। जिला प्रभारी घनश्यामदास अरोड़ा ने कार्यकताओं को तन मन से संगठन के आदमी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमने उस समय संगठन का काम किया जब हम विधायक या सरकार के जीतने के बारे में सोच भी नहीं सकते थे मोदी सरकार के 9 वर्षों का कार्यकाल भारत के स्वर्ण युग का कार्यकाल है मोदी जी की आज विश्व प्रशंसा कर रहा है अमेरिका के राष्ट्रपति ने मोदी जी को कहा लोग आपके साथ डिनर का कार्यक्रम जहां होना है वह स्थान फुल हो चुका है और लोग उस में सम्मिलित होने के लिए अनुरोध कर रहे हैं आपकी विश्व लोकप्रियता देखते हुए। वह खुद भी उनका ऑटोग्राफ लेना चाहते हैं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री मोदी जी को विश्व का बॉस कहा। लॉर्ड इवन की बनाई हुई संसद में विपक्ष खुशी-खुशी जाना चाहता है आजाद भारत की नव निर्मित संसद में जाने में विपक्ष संकोच कर रहा है । अनिल विज ने कार्यकर्ताओं को नवनिर्मित संसद भवन की बधाई देते हुए विपक्ष पर कटाक्ष किया।

# सत्ता के गुरूर में सभी मर्यादायें भूली भाजपा सरकार: मलौर

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**भाजपा की** सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर सभी सामाजिक मयार्दायें भूल चुकी है। जिस देश मे बेटियो को देवी का रूप मानकर पूजा जाता है उन्ही बेटियों को भाजपा के इशारे पर पुलिस ने अपराधियों की तरह सड़को पर घसीट कर अपमानित किया है ।देश के लिये ओलम्पिक और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मैडल जीतने वाली बेटियों से अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है और आरोपी मंत्रियों पर मुकद्दमे दर्ज होने के बावजूद उन्हें सरंक्षण दिया जा रहा है। मलौर ने कहा कि खिलाड़ियों के साथ पुलिस द्वारा किये गए दुर्व्यवहार की घोर निंदा। की है ।उन्होंने कहा कि भाजपा की तानाशाही को पूरा देश देख रहा है और 2024 के चुनावों में वोट की चोट से इन अत्याचारों का जवाब देने का मन बना चुका है। देश मे अघोषित एमरजेंसी जैसे हालात बने हुये है जो भी नागरिक अपने हकों की मांग उठाता है सरकार उसकी बात सुनने की बजाय बल प्रयोग से आवाज को दबाने का प्रयास करती है। भाजपा सरकार 9 वर्ष के कार्यकाल में हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है ।अपनी असफलताओं को छुपाने के लिये विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस के पुर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जब



देश की जनता की आवाज संसद में उठाना चाहते है घबराई हुई भाजपा सरकार उनकी सदस्यता समाप्त करवा कर उनकी आवाज को दबाने का असफल प्रयास करती है।
देश के 135 करोड़ नागरिकों की आवाज बन चुके राहुल गांधी भाजपा के इन हथकंडों से चुप होने वाले नही है क्योंकि त्याग की भावना उन्हें विरासत में मिली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की खट्टर सरकार भी पुर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस की बढ़ती हुई लोकप्रियता से बौखलाई हुई है।

# सिताब सिंह सैनी और आशु सैनी सैकडों समर्थकों के साथ आप में शामिल

## आप के प्रदेशाध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता ने पार्टी की टोपी पहनाकर किया शामिल, पानीपत में पहुंचने पर प्रदेशाध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता का जिला अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत के** वार्ड 13 की एकता विहार कालोनी में रविवार शाम को आयोजित कार्यक्रम में डा. सिताब सिंह सैनी और आशु सैनी अपने सैकडों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गये। आप के प्रदेशाध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता ने दोनो को आप की टोपी पहनाकर पार्टी में शामिल किया। वहीं आप प्रदेशाध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता का पानीपत में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष राकेश चुघ सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी है और शिक्षा संस्थानों का अभाव है। महिलाओं पर अपराध प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इन सभी मुद्दों को हल करने को लेकर राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को



हरियाणा में आमंत्रित किया जा रहा है ताकि अरविंद केजरीवाल हरियाणा में आए और कार्यकताओं में नई उर्जा का संचार करे। वहीं डा. सुशील गुप्ता ने

**8 डा. सिताब सैनी व आशु सैनी और इनके सैकड़ों समर्थकों के आप में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी**

पहलवानों के मामले में कहा कि मोदी सरकार डरी हुई सरकार है। आज एक महीने से ऊपर हो गया देश के सर्वश्रेष्ठ पहलवान न्याय मांगने के लिए जंतर मंतर पर बैठे हैं। एक एफआईआर लिखवाने के लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट जान पड़ा। आज एक शांतिपूर्ण महिला पंचायत का आयोजन देश की उन चुनिंदा खिलाडि?ों ने किया जो विश्व में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मोदी साहब को ऐसी क्या दिक्कत हो गई जो सरकार द्वारा पंजाब, हरियाणा और यूपी बॉर्डर पर महिलाओं को रोका जा रहा है। इससे ये पता लगता है कि इनके मन में महिलाओं के प्रति कितना सम्मान है। वहीं जिला प्रधान राकेश चुघ ने कहा कि डा. सिताब सैनी व आशु सैनी और इनके सैकड़ों समर्थकों के आप में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। राकेश चुघ ने कहा कि जिला में नये कार्यकर्ताओं को जोडकर पार्टी संगठन को मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर करनाल लोकसभा अध्यक्ष दलविंद्र सिंह चीमा, लोकसभा सचिव प्रमोद गुप्ता, जिला अध्यक्ष राकेश चुघ, सुखबीर मलिक, पवन कोहली, दीपक बगा, संतोष शर्मा,मनमोहन सिंह, राजकुमार मुंडे, बाबु राम गोयल, नीलम प्रणामी, प्रितपाल खेड़ा, अनिल शर्मा, गौरव शर्मा व योगेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

# मर गई दिल्ली की इंसानियत ! साहिल ने साक्षी पर किए थे ताबड़तोड़ 21 वार

## साहिल चाकू और पत्थर से लड़की पर करता रहा वार, पास से गुजरते रहे पत्थरदिल लोग, साहिल ने साक्षी पर किए थे ताबड़तोड़ 34 वार, बात करना बंद किया तो आरोपी पर हुआ खून सवार

### दरिंदा..वीभत्स..

**= एक युवक युवती पर पहले चाकू से बार करता है, उसका सर पत्थर से कुचलता है और लोग आस-पास से गुजरते रहते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**राजधानी** दिल्ली एक बार फिर से शर्मसार हुई है। एक युवती का सरेआम मर्डर होता और लोग तमाशा देखते रहते हैं। जिस तरह की तस्वीरें और वीडियो इस घटना के सामने आ रही है वो किसी को भी विचलित कर सकती हैं। इन तस्वीरों और वीडियो ने एक सवाल भी खड़ा कर दिया है कि आखिर राजधानी के लोग कितने संवेदनहीन हो गए हैं। बीच सड़क पर लोगों के सामने एक युवक युवती पर पहले चाकू से बार करता है, उसका सर पत्थर से कुचलता है और लोग आस-पास से गुजरते रहते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। यह घटना राजधानी के शाहबाद डेयरी इलाके की बताई जा रही है।






### एनसीडब्ल्यू ने लिया संज्ञान, गठित की जांच कमेटी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने सोमवार को दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में 16 वर्षीय लड़की की निर्मम हत्या का संज्ञान लेते हुए दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही समयबद्ध जांच के लिये पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस घटना के बाबत निष्पक्ष और समयबद्ध जांच करने के साथ-साथ आरोपित की जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को लेकर दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा है। आयोग ने मामले की जांच के लिए सदस्य डेलिना खोंगडुप की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का भी गठन किया है। टीम पीड़िता के परिवार से मिलने जाएगी और आगे की पूछताछ के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों से मुलाकात करेगी। आयोग ने इस मामले में आरोपियत को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है

**'कातिल साहिल को हो फांसी: मृतका की मां**
घटना के बाद पहली बार बेटी की मां मीडिया के सामने आई और बातचीत की। मां ने बातचीत में बताया कि मेरी बेटी पढ़ने में बहुत अच्छी थी, अभी उसने 10वीं पास किया था। वो बीते 10 दिन से अपनी सहेली नीतू के घर पर रह रही थी। मुझे नहीं पता था कि साहिल उसे मार डालेगा।

**जल्द घर आने वाली थी बेटी:** मां ने बताया कि हत्या से पहले दिन में करीब डेढ बजे मेरी बात हुई थी। उसने कहा था की नीतू के दो छोटे बच्चे हैं जिनमें से एक का आज बर्थडे है तो उसका बर्थडे मनाना है। मैंने उसे घर आने को कहा तो उसने कहा कि नीतू के पति जेल में हैं जैसे ही वो छूटकर आ जाएंगे तो मैं आ जाऊंगी। मां ने बताया कि उसे साहिल के बारे में कुछ भी नहीं पता है। पीड़िता की मां ने कहा कि मैं चाहती हूं कि साहिल को फांसी की सजा हो।

आरोपी साहिल नाम के युवक ने 16 वर्षीय युवती की जिस तरह से चाकू और पत्थरों से हत्या की उसने दिल्ली को एक बार फिर शर्मसार कर दिया है। इतना तो साफ है कि हत्यारे को पुलिस और समाज का जरा भी डर नहीं था। दिल्ली में संवेदनहीनता का यह पहला उदाहरण नहीं है इससे पहले भी कई मामले ऐसे आ चुके हैं जिसने यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर राजधानी के लोगों में इंसानियत बची भी या नहीं। कुछ दिन पहले ही कंझावला कांड में भी इंसानियत शर्मसार हुई थी जिसमें लोग एक युवती को गाड़ी के नीचे कई किलोमीटर तक घसीटते रहे। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि साहिल और युवती के बीच संबंध थे, लेकिन रविवार को दोनों के बीच विवाद हो गया। जब युवती अपनी सहेली के बेटे के जन्मदिन में जा रही थी तो इसी दौरान साहिल ने उसे गली में रोक लिया। दोनों के बीच कहासुनी हुई।

इसके बाद आरोपी साहिल ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिए। जब इतने में भी मन नहीं भरा तो आरोपी ने कई बार उस पर पत्थर उठाकर मारा।

### पुलिस ने बुआ के घर से दबोचा

**साक्षी** की हत्या करने के बाद साहिल बुलंदशहर में रहने वाली बुआ के घर चला गया था। इसके मोबाइल की लोकेशन से पुलिस को पता लग गया था। वहां जाकर उनसे अपनी मां को फोन कर बताया कि वह बुआ के पास पहुंच गया है, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।

**सामना होते ही कर दी हत्या:** संयुक्त आयुक्त विवेक किशोर का कहना है कि साहिल ने साक्षी पर चाकू से वार किए थे। कई दिनों से साक्षी ने उससे बात करनी बंद कर दी थी। रविवार रात अचानक साहिल का लड़की से अचानक आमना-सामना हो जाने पर उसने चाकू निकाल बेरहमी से मारना शुरू कर दिया था। पुलिस को जानकारी मिलते ही शव कब्जे में ले लिया और अस्पताल लेकर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस शव को सीधा श्मशान लेकर पहुंच गई। साक्षी के परिजनों ने बताया कि उसका शव घर के लिए देने से मना कर दिया। जहां पुलिस ने जल्दबाजी में अंतिम संस्कार करा दिया। आउटर-नॉर्थ (दिल्ली) के एडीसीपी ने बताया कि लड़का और लड़की एक दूसरे को पहले से जानते थे लेकिन कबसे जानते थे, यह जांच का विषय है। हमारे पास अभी ज्यादा जानकारी नहीं आई है, हम इसमें जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं।



रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में डीसी चौक सेक्टर 9 रोहिणी मे मुख्यमंत्री केजरीवाल के काले कारनामों का भंडाफोड़ करने के लिए बीजीपे विधायक विजेंद्र गुप्ता ने जनसभा को संबोधित किया।

## मयूर विहार फेज-1 से एम्स तक नहीं मिलेगी रेडलाइट, सफर होगा आसान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बारापुला** एलिवेटेड कारिडोर फेज-तीन के शेष हिस्से पर ो निर्माण कार्य शुरू हो गया। आठ सौ मीटर के इस बचे हुए हिस्से का एक साल में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य के पूरा होते ही परियोजना पूरी हो जाएगी।

यमुना नदी पर बन रही कुल साढ़े तीन किलोमीटर लंबाई वाली इस परियोजना के पूरा होने पर मयूर विहार फेज-एक से एम्स तक आना-जाना बहुत आसान हो जाएगा, क्योंकि बीच में कोई लालबत्ती नहीं होगी। अगले वर्ष के अंत तक इस परियोजना के जनता को समर्पित किए जाने की उम्मीद है।

किसानों की भूमि बीच में आ जाने से 2014 में शुरू हुई इस परियोजना के कार्य में व्यवधान आ गया था। इस परियोजना के लिए किसानों की जमीन अधिगृहीत होने के बाद अब काम शुरू किया गया है। निर्माण स्थल पर वह मशीन स्थापित कर दी गई जिससे फ्लाईओवर के पिलर बनाने के लिए जमीन में फाउंडेशन बनाने के लिए खोदाई की जाती है। काम शुरू कर दिया गया है।

# बदमाशों ने कपड़ा कारोबारी को मारी गोली, हालत गंभीर

## दुकान में तोड़फोड़ का वीडियो आया सामने

### केस दर्ज

**= दुकानदार को बचाने पहुंचे उसके बेटे को बदमाशों ने चाकू मार दिया, जबकि दूसरे बेटे के साथ भी मारपीट की गई**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी दिल्ली के** लक्ष्मी नगर इलाके में बदमाशों ने कपड़ा कारोबारी को गोली मार दी। दुकानदार को बचाने पहुंचे उसके बेटे को बदमाशों ने चाकू मार दिया, जबकि दूसरे बेटे के साथ भी मारपीट की गई। गंभीर हालत में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पिता की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हमले का वीडियो में भी सामने आया है, जिसमें बदमाश हाथों में बंदूक लेकर हमला करते नजर आ रहे हैं। दुकानदार के बेटे सारिक अनवर ने बताया कि उनका लक्ष्मी नगर के रमेश पार्क में कपड़ों की दुकान है। रात करीब 10:30 बजे वह अपनी दुकान को बंद करने की तैयारी कर रहे थे कि तभी हथियारों से लैश कुछ बदमाश वहां आए और उनके पिता गुड्डू अंसारी को लेकर पूछताछ की और दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस बीच, दूसरी दुकान बंद करके आ रहे उनके पिता के गली में होने की जानकारी बदमाशों को मिली। इसके बाद बदमाश वहां से निकलकर उनके पिता की तरफ दौड़े और बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद बदमाशों ने उनपर गोली चला दी। पिता के साथ मारपीट की जानकारी मिलते ही उसके दो भाई तारिक अनवर और अनस अहमद वहां पहुंचे तो बदमाशों ने उनके भाइयों के साथ भी मारपीट की। अनस अहमद ने एक बदमाश को पकड़ने की कोशिश की तो उसने अनस को चाकू मारकर घायल कर दिया।




सारिक ने बताया कि छह की संख्या में आए बदमाशों के हाथों में बंदूके थी और उन्होंने कई राउंड फायरिंग भी की और फरार हो गए। सारिक का आरोप है कि अमीन नाम के बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर ये हमला किया है। इनके खिलाफ हत्या सहित कई अपराधिक मामले दर्ज हैं।

सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची क्राइम टीम और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि इस हमले के पीछे की वजह क्या है।

## दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-एनसीआर में** सोमवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। पहले धूल भरी आंधी चली और फिर बूंदाबादी हुई। अचानक मौसम में हुए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बता दें कि बीती रात भी दिल्ली में कई जगहों पर बारिश हुई थी। मौसम विभाग का कहना है कि अभी कुछ दिन मौसम खुशगवार बना रहेगा। रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी।

**30 मई तक बने रहेंगे बारिश के आसार:** दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भी कहा था अगले 24 घंटों में दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश के साथ-साथ गरज और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मई के महीने में जिस तरह से बारिश हुई है उससे अब तक सामान्य से दुगुनी से ज्यादा बारिश हो चुकी है। सामान्य तौर पर मई के महीने में 30.7 मिमी बारिश होती है लेकिन अब तक 77.7 मिमी बारिश हो चुकी है। जबकि अभी मई का महीना समाप्त होने में चार दिन बाकी है। विभाग ने अभी 30 मई तक हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

**35-36 डिग्री के आसपास रहेगा तापमान:** मौसम विभाग के उपमहानिदेशक डॉ. कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मई के महीने में सामान्य 30.7 मिमी बारिश होती है लेकिन अब तक 77.7 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि एक और पश्चिमी विक्षोभ दस्तक दे रहा है। मौसम का ऐसा मिजाज 31 मई तक बना रहेगा। इस कारण से तापमान भी 35-36 डिग्री के आसपास ही रहेगा।

## 'पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का बढ़ा सम्मान'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र में** मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर सोमवार को भाजापा ने प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इसी कड़ी में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "सेवा सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है।

केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिल्ली के लोगों को मिल रहा है। मोदी की सोच और काम से पूरे विश्व में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। 30 जून तक पूरे देश मे मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए अभियान चलेगा।"



# जंतर-मंतर पर धरना नहीं दे पाएंगे पहलवान

## पुलिस ने साफ की स्थिति, कहा- उन्होंने कानून तोड़े, पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर पहलवानों में गुस्सा देखने को मिल रहा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जंतर-मंतर पर रविवार को पुलिस और पहलवानों के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई। दिल्ली पुलिस ने कई पहलवानों को सुरक्षा घेरा तोड़कर महिला महापंचायत के लिए नये संसद भवन की ओर बढ़ने की कोशिश करने के बाद कानून-व्यवस्था के उल्लंघन को लेकर हिरासत में लिया और जंतर-मंतर से पहलवानों के तंबू भी हटा दिए गए। पुलिस ने वहां धारा 144 लगाते हुए कहा कि अब पहलवानों को वहां दोबारा वापस नहीं आने दिया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर पहलवानों में गुस्सा देखने को मिल रहा है।

### कार्रवाई

**= पुलिस ने वहां धारा 144 लगाते हुए कहा कि अब पहलवानों को वहां दोबारा वापस नहीं आने दिया जाएगा**

**साक्षी बोलीं- हमारा आंदोलन खत्म नहीं हुआ:** साक्षी मलिक ने ट्वीट किया, 'हमारा आंदोलन खत्म नहीं हुआ है... हम अपना सत्याग्रह जंतर-मंतर से शुरू करेंगे। इस देश में तानाशाही नहीं होगी, बल्कि महिला पहलवानों का सत्याग्रह होगा।'



**मैं बाकी पहलवानों से मिलूंगा:** मामले को लेकर बजरंग पुनिया ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यौन उत्पीड़न के आरोपी एक व्यक्ति ने नए संसद भवन के उद्घाटन में भाग लिया। दिल्ली पुलिस को हमारे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में केवल कुछ घंटे लगे लेकिन बृजभूषण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में उन्हें 7 दिन लग गए। घर वापस जाना कोई विकल्प नहीं है। मैं बाकी पहलवानों से मिलूंगा और हम तय करेंगे कि आगे क्या करना है। विनेश फोगाट ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस को यौन शोषण करने वाले बृज भूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में सात दिन लगते हैं और शांतिपूर्ण आंदोलन करने पर हमारे खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में सात घंटे भी नहीं लगाए। क्या इस देश में तानाशाही शुरू हो गई है? सारी दुनिया देख रही है सरकार अपने खिलाड़ियों के साथ कैसा बर्ताव कर रही है। एक नया इतिहास लिखा जा रहा है।

### साहिल के हाथ में कलावा कैसे? ये लव जिहाद: कपिल मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के शाहबाद मर्डर केस में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही नाबालिग की बेरहमी से हत्याकरने वाले 20 वर्षीय साहिल को गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्याकांड के बीच अब राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने इस मामले को लव जिहाद बताया है और कहा कि हमारी बेटियों की हत्या एक योजना बनाकर की जा रही है। कपिल मिश्रा ने ट्वीट कर लिखा कि ये है मोहम्मद साहिल पुत्र सरफराज है।

# नाचते-गाते, जिम करते क्यों हो रही है लोगों की मौत? कार□पता लगाने में जुटा दिल्ली एम्स

## अचानक मौत के कारणों का पता लगाने के लिए एम्स के फारेंसिक मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डा. सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में शोध शुरू किया गया है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कोरोना के** बाद अचानक कार्डियक अरेस्ट और हार्ट अटैक के कारण मौत के मामले तेजी से बढ़े हैं। पिछले कुछ समय में विभिन्न समारोहों में नाचते, गाते, जिम में व्यायाम करने के दौरान मौत के कई वीडियो वायरल हुए हैं। इसके मद्देनजर अचानक मौत के कारणों का पता लगाने के लिए एम्स के फारेंसिक मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डा. सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में शोध शुरू किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) ने यह शोध शुरू कराया है।

**डॉक्टरों ने शुरू किया शोध:** आइसीएमआर ने एम्स को यह शोध करने की जिम्मेदारी दी है। एम्स के फारेंसिक मेडिसिन, न्यूरोलाजी, कार्डयोलाजी, पैथोलोजी व रेडियोलाजी इन पांच विभागों के डाक्टर मिलकर इस शोध में जुटे हैं।

**आइसीएमआर उपलब्ध करा रहा है संसाधन:** न्यूरोलाजी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. एमवी पद्मा व कार्डियोलाजी के प्रोफेसर डा. अंबुज राय इस शोध में शामिल हैं। इस शोध के प्रमुख इंवेस्टिगेटर डा. सुधीर गुप्ता ने बताया कि इस शोध के लिए फंड सहित सभी जरूरी संसाधन आइसीएमआर उपलब्ध करा रहा है। देश में पहली बार यह शोध शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि यह शोध मार्च में शुरू किया गया था। यह शोध 45 वर्ष से कम उम्र में मरने वाले उन लोगों पर किया जा रहा है जो पहले स्वस्थ थे, जिन्हें पहले से कोई पुरानी बीमारी नहीं थी, लेकिन अचानक मौत हो गई। कोरोना के दौरान मरने वाले 45 वर्ष से कम उम्र के लोगों व कोरोना के बाद अब मरने वाले लोगों पर तुलनात्मक शोध किया जा रहा है। इसके तहत कोरोना के दौरान मरने वाले 250 लोगों की आटोप्सी रिपोर्ट को इसमें शामिल किया जाएगा। वहीं, कोरोना के बाद के करीब 200 मृतकों आटोप्सी कर शोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शोध में मृतक के मस्तिष्क, हृदय व फेफड़े का परीक्षण कर यह जानने की कोशिश की जा रही है कि मौत का कारण क्या रहा है? इसलिए तीन चीजों पर फोकस किया जा रहा है।




### शोध जारी

**= इस शोध के लिए फंड सहित सभी जरूरी संसाधन आइसीएमआर उपलब्ध करा रहा है। देश में पहली बार यह शोध शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि यह शोध मार्च में शुरू किया गया था**

पहला मस्तिष्क की धमनियों व नसों में ब्लॉकेज तो नहीं था, जिससे ब्रेन हेमरेज हुआ हो। दूसरा फेफड़े में किसी तरह की परेशानी के कारण सांस लेने में दिक्कत हुई हो और तीसरा हृदय संबंधी परेशानी जिससे अचानक अचानक दिल ने काम करना बंद कर दिया हो। यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि मृतकों को पहले एक या दो बार कोरोना का संक्रमण हुआ था या नहीं।

**30 मृतकों की हो चुकी है आटोप्सी:** उन्होंने बताया कि शोध के लिए मृतकों का वर्चुअल पोस्टमार्टम व पारंपरिक पोस्टमार्टम दोनों तरीके से परीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए सीटी एंजियोग्राफी, फारेंसिक हिस्टोपैथोलाजी व फारेंसिक इम्यूनो-हिस्टोकेमिस्ट्री जैसी अत्याधुनिक जांच का भी सहारा लिया जा रहा है। 45 वर्ष से कम उम्र में मरने वाले अब तक 30 मृतकों की आटोप्सी हो चुकी है। अभी शोध का परिणाम बताना तो मुश्किल है, लेकिन अब तक के शोध में जो बात सामने आ रही है उसमें ज्यादातर लोगों की मौत का कारण हृदय संबंधी परेशानी के कारण कार्डियक अरेस्ट सामने आ रहा है।

शोध पूरा होने पर इसका कारण भी स्पष्ट होगा कि इसका कारण क्या है। एक वर्ष में यह शोध पूरा करना है। लेकिन इसकी प्राथमिक रिपोर्ट जल्द ही आइसीएमआर को सौंपी दी जाएगी। आइसीएमआर इसे मंत्रालय को सौंपेगा।

## न्यूज फ्लैश

### यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने जरूरत मंद बच्चो को वितरित की पाठ्या सामग्री

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड डिवीजनल ऑफिस अंबाला छावनी ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत बीमा जागरुकता कार्यक्रम गवर्नमेंट मिडिल स्कूल डेह बस्ती अंबाला छावनी मैं आयोजित किया ' मुख्य अतिथि वरिष्ठ मंडल अधिकारी तेजेंद्र सिंह ने सभी को बीमा के महत्व के बारे में बताया और इस दौरान स्कूल में पौधारोपण भी किया गया और और सभी को पौधारोपण करने के बारे जागरूक भी किया गया ' जरूरतमंद बच्चों को किताबें वर्दी आदि चीजे भी वितरित की गई ' साथ ही बिजली के पंखे भी स्कूल को दिए गए ' वही सिविल अस्पताल से डॉक्टर जोगिंदर सिंह द्वारा बच्चों का हेल्थ चेकअप भी किया गया ' इस कार्यक्रम में नीरज ,नवीन जैन , गुरविंदर सिंह ,गुलशन ,प्रजापति प्रेमचंद ,शमशेर सिंह, वीर सिंह ,प्रिंसिपल चमन लाल ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया

### आज एसडीएम को ज्ञापन देंगे भूतपूर्व सैनिक: बलजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** जिले के भूत पूर्व सैनिक अपनी मांगों को लेकर एसडीएम अंबाला को ज्ञापन देंगे। भूतपूर्व सैनिक लंबे समय से वन रैंक वन पेंशन मे हुई गलतियों को दूर करने की मांग कर रहे हैं इसी के चलते बलजीत सिंह रंगा कि अध्यक्षता में ज्ञापन सौंपा जाएगा। अम्बाला जिला के सभी जेसीओ जवान कल सुबह मानव चौंक पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर केन्द्र सरकार को अपना बल दिखाएंगे। रंगा ने कहा कि कल जंतर मंतर दिल्ली में बैठे शान्ति पूर्वक धरना दे रहे लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया जिससे देश भर में रोष है। ये सैनिकों का अपमान है। जो कोई भी भारत वासी सहन नहीं करता। इसी लिए कल पूरे देश में अपने अपने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 36 वीं पुण्यतिथि मनाई

**मथुरा: पूर्व प्रधानमंत्री** चौधरी चरण सिंह की 36 वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। किसान एवं राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने कलेक्ट्रेट स्थित प्रतिमा पर किसानों एवं राजनीतिक पार्टियों से जुड़े कार्यकताओं ने 0 पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा इस अवसर पर शान्ति हवन किया गया।



उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह एकमात्र किसान नेता थे, जिन्होंने किसानों के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए थे। मुख्य रूप से जमींदारी उन्मूलन एक्ट लागू कर किसानों को खेती का मालिक बनाया था। उनका कहना था कि देश की खुशहाली का रास्ता, खेत और खलिहान से गुजरता है। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकताओं के साथ अन्य दलों से नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थिति रहे। मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सरदार सिंह, पूर्व विधायक कुशल पाल सिंह, कुंवर नरेन्द्र सिंह, चौधरी धर्म सिंह, नरेंद्र सिंह एड., बाबूलाल प्रमुख, अनूप चैधरी, प्रीतम सिंह, डॉ. नंदन सिंह, कमल सिंह नेता, रामवीर सिंह भारंगर, सुरेश भगत, रामरसपाल सिंह पौनिया, राजेश चैधरी, कमल दिवाकर, लक्ष्मण वकील, अमित गुर्जर, हेमराज गुजर, सीमा भुकेश, हरवीर चैधरी, सीम चैधरी, विवेक देशवार, धीरज चैधरी, विश्वनाथ सिंह, हरवीर सिंह, अनिल पचहरा, गौरव तोमर, हरवीर नरवार उपस्थिति रहे।

### खेड़ी तगा की पंचायत में दसवीं कक्षा के मेधावी छात्रों का नोटों की माला पहनाकर स्वागत किया

**गन्नौर।** खेड़ी तगा गांव की पंचायत ने दसवीं कक्षा के मेरिट प्राप्त छात्रों को किया सम्मानित गन्नौर राजकीय उच्च विद्यालय खेड़ी तगा मैं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में प्रस्ताव प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जिसमें गांव के सरपंच वेद प्रकाश रंगा ने स्कूल के मुख्याध्यापक के साथ छात्रों को इनाम दे वितरित किए कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच का मुख्याध्यापक विजेंद्र कुमार ने फूलमालाओं से स्वागत किया।
इसके बाद पंच सरपंच ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त तीनों छात्रों को 1100- 1100 रुपएं की माला पहनाकर उनका सम्मान बढ़ाया इसके बाद खेड़ी तगा के स्कॉलर एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष अमित जांगड़ा ने 500-500 देकर तीनों छात्रों को सम्मानित किया स्कूल के मुख्याध्यापक ने बताया कि स्कूल की छात्रा ज्योति ने दसवीं कक्षा में 85 प्रतिशत अंक, साक्षी ने 82 प्रतिशत, अजय ने 81 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है।
इस मौके पर समाजसेवी महेंद्र सिंह रंगा, तांबूल त्यागी, सत्य प्रकाश त्यागी ,पंडित सुभाष, पंडित रामेश्वर, पंडित अशोक, जयकिशन जांगड़ा, पंच मुकेश ,अनिल, बलिस्टर ,बलिराम व शिक्षक सतीश, रमेश, अशोक आदि सदस्य मौजूद थे।

# दिल्ली जा रहे महिला किसानों के जत्थे को पंजाब भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**किसान** मजदूर संघर्ष कमेटी के बैनर तले पंजाब के 300 किसानों का काफिला पहलवानों के समर्थन में दिल्ली जाने के लिए सिटी के मंजी साहिब गुरुद्वारे में रातभर रुका रहा। गत दिवस अम्बाला के 500 पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें दिल्ली जाने से रोक दिया। प्रदर्शन कर रहे किसान जब टेंट लगाने लगे तो एएसपी दीपक ने उन्हें मना किया, लेकिन किसान टेंट लगाने पर आमदा हुए तो पुलिस टेंट उठाने लगी, तभी किसान पुलिस कर्मियों के साथ भिड़ गए।आखिर डीएसपी अर्शदीप सिंह ने किसानों को समझाकर मामला शांत कराया।



दिल्ली में नई संसद का उद्घाटन होने पर पंजाब के किसान 10 बसों व 3-4 छोटी गाड़ियों में तरनतारन से मंजी साहिब गुरुद्वारे शनिवार शाम 6:30 बजे पहुंचे थे, ताकि वह दिल्ली जाकर पहलवानों का समर्थन कर सकें। पुलिस को किसानों के आने की भनक लगी तो देर शाम को भारी संख्या में पुलिस कर्मियों की वहां ड्यूटी लगा दी गई। रात को किसानों ने गुरुद्वारे में बैठक कर दिल्ली जाने की रणनीति बनाई, लेकिन पुलिस मुस्तैद थी। रातभर एसडीएम दर्शन कुमार वहां मौजूद थे। किसान कमेटी के प्रधान सुखविंदर सिंह सुभरा व महासचिव सरवन सिंह की अध्यक्षता में गुरुद्वारे के बाहर धरने पर बैठ गए और टेंट लगाने लगे तो एएसपी दीपक ने टेंट लगाने से मना कर दिया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को टेंट कब्जे में लेने के निर्देश दिए।
पुलिस कर्मी टेंट कब्जे में लेने लगे तो किसान भिड़ गए। इसी बीच एक बार वहां माहौल काफी गर्म हो गया था फिर डीएसपी अर्शदीप सिंह ने समझाया। उन्होंने किसानों को 4 बजे तक टेंट लगाने की अनुमति दी, लेकिन किसान समय सीमा खत्म होने से पहले ही पंजाब की तरफ वाहनों में रवाना हो गए।
मंजी साहिब गुरुद्वारे में किसानों के साथ जो महिलाएं पहुंची, वह अधिकतर अधेड़ उम्र की थीं।
उन्हें दिल्ली के गुरुद्वारों के दर्शन कराने के बहाने बसों में भरकर लाया गया था। लगभग 60 साल की कर्मजीत कौर ने इसका खुलासा किया। महिला ने कहा कि उन्हें कहा गया था कि उन्हें दिल्ली के गुरुद्वारों के दर्शन कराएंगे, इसलिए महिलाएं उनके साथ आई।

**2 शिफ्ट में थी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी**

एसपी ने पुलिस कर्मियों की 2 शिफ्ट में ड्यूटी लगाई थी। मंजी साहिब गुरुद्वारा, सद्दोपुर नाका, जमीतगढ़, बलदेव नगर तथा जग्गी सिटी सेंटर नाका पर 2 शिफ्ट में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। ये कर्मी पंजाब जाने वाले वाहनों को डायवर्ट कर रहे थे।

**फायर ब्रिगेड व वाटर कैनन का था प्रबंध**

सुबह से ही फायर ब्रिगेड ऑफिस के बाहर 4 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां निकली हुई थी, जबकि एक गाड़ी टोल प्लाजा के पास खड़ी थी। यही नहीं पुलिस ने 7 रोडवेज बसें, वाटर कैनन व वज्रा का भी प्रबंध किया था।

## गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर 'यमुना तट पर बालू से स्नान'



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**यमुना** प्रदूषण को लेकर अब पहले जैसी हाय तौबा नहीं है। यमुना प्रदूषण का मुद्दा विगत कुछ वर्षों से आंदोलन का विषय नहीं रह गया है। बावजूद इसके गंगा दशहरा जैसे स्नान पर्व के मौके पर लोगों का ध्यान जरूर इस ओर चला जाता है। हालांकि यमुना जल में प्रदूषण अब भी उतना ही या पहले से कहीं ज्यादा है। यमुना प्रदूषण की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर कुछ लोगों ने अनूठा प्रदर्शन किया। यमुना के घाट पर बालू से स्नान कर लोगों को यह बताने का प्रयास किया कि यमुना का पानी स्नान और आचमन के योग्य नहीं है। बालू स्नान से ब्रजवासियों को पीड़ा को भी सांकेतिक रूप से प्रदर्शित किया। सोमवार को प्रदर्शनकारी ताराचंद गोस्वामी ने यमुना के जुगल घाट पर यमुना भक्तों को साथ लेकर रेती से स्नान कर अपना विरोध दर्ज कराया।

## 11 मई को परिवहन मंत्री का घेराव करेंगे रोडवेज कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा रोडवेज** कर्मचारी सांझा मोर्चा ने सरकार द्वारा राडवेज विभाग में ऑनलाइन तबादला नीति के तहत किये गये बिना आधार के तबादलों के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम महाप्रबंधक को प्रदर्शन करके आनन्द कुण्डू,रविन्द्र राणा,सर्वजीत सिंह की अध्यक्षता में ज्ञापन दिया गया। संचालन महाबीर पाई,बसन्त सैनी ने किया। कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए। विशेष रूप से मौजूद केंद्रीय नेता इंद्र सिंह बधाना,जयबीर घणघस, विक्रम राणा, रमन सैनी ने बताया कि सरकार द्वारा पॉलिसी जारी करके कर्मचारियों को यह बताया गया था कि जो कर्मचारी स्वेच्छा से अपना तबादला चाहता हैं। वह तबादला पोर्टल पर अपनी स्वेच्छा हां को चुने ओर जो कर्मचारी तबादला नही चाहता वह अपनी स्वेच्छा ना को चुने। तबादला चाहने वाले कर्मचारियों ने अपनी स्वेछा को हां में चुना। जब सरकार द्वारा स्टेशन चुनने के लिए पोर्टल को खोला गया। तो जिन कर्मचारियों ने अपनी स्वेच्छा से जो स्टेशन भरने थे वो स्टेशन पोर्टल पर खुल ही नही रहे थे।जिस कारण कर्मचारी अपनी स्वेच्छा से वंचित रह गए। ऑनलाइन तबादले करने के लिए विभाग द्वारा जो ड्राफ्ट बनाया गया था उसके अनुरूप एक भी ट्रांसफर नहीं किया गया।सांझा मोर्चे से परिवहन मंत्री ने भी वायदा किया था कि सभी कर्मचारियों को उनके घर के पास के स्टेशनों पर भेजा जाएगा। जबकि कर्मचारियों को लगभग 200 किलोमीटर दूर भेजा गया हैं। क्रॉनिक व अन्य गम्भीर बीमारी से ग्रस्त कर्मचारियों, कप्पल केस, ऑन ड्यूटी दुर्घटना में ड्यूटी करने मे असहाय कर्मचारियों,नौकरी के अंतिम वर्ष में कार्य कर रहे कर्मचारियों रहे किसी भी कर्मचारियों को कोई छूट भी नही दी गई हैं। जिससे कर्मचारियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

### बिजली घर पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**मथुरा: भारतीय किसान** यूनियन टिकैत के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार रघुवंशी महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी के नेतृत्व में विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे जनता के उत्पीड़न के विरोध में कैंट बिजली घर का घेराव कर प्रदर्शन किया। विद्युत विभाग के अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने कहा कि बिजली विभाग बिजली के बिल के नाम पर जनता का उत्पीड़न कर रहा है लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है कई कई घंटे तक विद्युत कटौती की जाती है, उसके बाद भी बिल के नाम पर जनता का उत्पीड़न किया जाता है। 200 हजार से 5000 के बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया जाता है।

## पानीपत के आर्य बाल भारती स्कूल में आर्य वीर दल शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आर्य** बाल भारती स्कूल परिसर में आर्य प्रतिनिधि सभा एवं स्कूल प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पंच दिवसीय सार्वदेशिक आर्य वीर दल शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य ने भाग लिया और सम्मानित अतिथि के रूप में सभा के मंत्री उमेद सिंह शर्मा ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधक राजेंद्र जागलान, कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक एवं आचार्य सत्यदेव हरिद्वार रहे। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के प्रधान आर्य



रणदीप कादियान ने की। स्कूल प्राचार्य आर्य सत्यवान मलिक ने कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी गई।
उप प्राचार्य एवं शिविर अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने समरोह का मंच संचालन किया। वहीं प्रधान राधा कृष्ण आर्य ने कहा कि देश भक्ति, राष्ट्रवाद, चरित्र निर्माण और आर्य वीरों के अधिकारों एवं कर्तव्यों को लेकर पूरी तरह पारंगत करने के लिए ही आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा प्रदेश के सभी 22 जिलों में ऐसे शिविर लगाए जाते हैं। लोगों में वैदिक धर्म के प्रति जागृति पैदा करने के लिए इन शिविरों का आयोजन किया जाता है। सभा के मंत्री उमेद सिंह शर्मा ने कहा कि संसार में वैदिक शिक्षा का प्रचार और प्रसार का एकमात्र माध्यम आर्य वीर दल का यह शिविर हैं। शिविर के प्रशिक्षक महावीर आर्य, प्रवीण आर्य, अनिल आर्य व यूनिक मलिक रहे।

## वृंदावन में फेल हुआ ट्रैफिक प्लान, लग रहा जाम

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**मंदिरों की नगरी** श्री धाम वृंदावन में जाम की समस्या का शायद किसी के पास निदान नहीं। प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने जाम की समस्या को लेकर कई प्लान तैयार किए और लागू किया, लेकिन राहत किसी प्लान से नहीं मिली। वृंदावन की सड़कों पर वाहनों की कतार किसी अति व्यस्त शहर का आभास कराती रहती हैं। वाहनों में बैठे लोगों के मुंह से सुनाई देने लगता है कि यहां कोई ट्रैफिक सिस्टम नहीं हैं। शनिवार रविवार, अमावस्या, पूर्णिमा या किसी विशेष पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों से जाम की स्थिति बनती



है। जिला संयुक्त चिकित्सालय के पास तिराहा अक्सर जाम की चपेट में रहता है। यहां पर पुलिस का प्लान ही जाम की समस्या का कारण है। यमुना एक्सप्रेस वे की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं की गाड़ियों को मंडी परिसर या दारुक पार्किंग में खड़ी न कराकर सीधे भेज देते हैं। फिर यहां गाड़ियां वात्सल्य ग्राम के पास कट से जुड़कर इस तिराहे पर आ जाती हैं। फिर इन गाड़ियों के कारण तिराहे पर जाम लग जाता है। पुलिस ने इन गाड़ियों को फिर मंडी परिसर और दारुक पार्किंग में पार्किंग के लिए भेजती है। यदि पहले से उन गाड़ियों को मंडी पार्किंग स्थल और दारुक पार्किंग स्थल पर रोक लिया जाए तो काफी हद तक जाम की समस्या से निजात मिल सकती है। छटीकरा से आने वाली गाड़ियों को मल्टी लेवल पार्किंग पर खड़ा कराया जाता है, लेकिन कई लोग अपनी गाड़ियों को दूसरे रास्तों से होकर वृंदावन के अंदर प्रवेश कर लेते हैं। फिर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। समाजसेवी सुधीर शुक्ला कहते हैं कि अब नगर निगम, पुलिस और प्रशासन को मिलकर जाम की समस्या का समाधान निकालने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी का कहना है, कि जाम की समस्या काफी पुरानी है। अब तो यह समस्या ऐसी हो गई है कि हर कोई परेशानी महसूस करने लगा है। अब तो ऐसा प्रतीत होता है, कि नगर वासियों को शनिवार, रविवार और विशेष दिनों के समय पर अपने घरों में कैद हो जाना चाहिए। क्योंकि अब जाम की समस्या आम हो चुकी है और नगरवासी जाम से कब तक जूझे।

## मोबिल ने ऋतिक रोशन को बनाया नया ब्रांड एंबेसडर

**गुरुग्राम।** मोबिल जो ल्यूब्रीकेशन टेक्नोलॉजी इनोवेशन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर है, एक्सॉन मोबिल ने आज बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया। अपने आत्मविश्वास और बेजोड़ ऊर्जा के साथ मशहूर एक्टर, ऋतिक रोशन मोबिल को मानव प्रगति को बढ़ावा देने, विश्वास निर्माण एवं ग्राहकों को उनकी वास्तविक क्षमता को पहचानने में ब्रांड की बेमिसाल पसंद के रूप में उभरे हैं। एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहा, ह्लभारत में ऋतिक रोशन को अपने मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स के साथ पार्टनर बनाए जाने को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। हमें भरोसा है कि उनका व्यक्तित्व ट्रेड पार्टनरों से प्रतिध्वनित होगा एवं उपभोक्ताओं में जबरदस्त भरोसा कायम होगा, जिससे उन्हें भारत में ल्यूब्रीकेशन की जरूरतों को पूरा करने की मोबिल की क्षमता में विश्वास पैदा होगा। ब्रांड एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए, अभिनेता ऋतिक रोशन ने कहा, मैं मोबिल और इसके भरोसेमंद ब्रांड के साथ पार्टनरशिप करने के लिए बड़ा उत्सुक हूं, जिसे न केवल भारत में अपितु दुनिया भर में पहचाना जाता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि लोगों के जीवन और समुदाय को बेहतर बनाने में के चैंपियंस के प्रयासों के पीछे आत्मविश्वास ही सच्ची प्रेरक शक्ति है, और वह यही मोबिल ब्रांड है।
इससे पहले एक्सॉन मोबिल ने ऋतिक रोशन की एक्शन थ्रिलर 'विक्रम वेधा' में पार्टनरशिप की थी।

### फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने दीपालय के सहयोग से शुरू किया नारी शक्ति प्रोग्राम

**गुरुग्राम।** फ्लिपकार्ट ग्रुप के तहत फ्लिपकार्ट फाउंडेश ने समाज के कमजोर तबके की महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए कार्यरत एनजीओ दीपालय के साथ एक नई पहल के लिए हाथ मिलाया है। इस पहल के जरिए समाज के कम सुविधाप्राप्त वर्ग की युवतियों तथा महिलाओं को सशक्त एवं समर्थ बनाया जाएगा। प्रोग्राम के तहत 600 से अधिक युवतियों एवं महिलाओं को ऐसी जरूरी वोकेशनल स्किल्स दी जाएंगी जो उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सकें और साथ ही, उन्हें माइक्रो-एंटरप्राइज स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहित भी करें। इस प्रोजेक्ट को हरियाणा के तावडू जिले और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के तितरों नगर में 12 महीने चलाने की योजना है। यह प्रोग्राम 18 साल से अधिक उम्र की उन महिलाओं को प्रशिक्षण देगा जो लक्षित भौगोलिक इलाकों में रहती हैं।

## मोदी ने सविधान को कलंकित किया: शिवसेना

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**शिवसेना उद्धव** ठाकरे के प्रदेश प्रमुख हरकेश शर्मा ने अशोक विहार कॉलोनी पानीपत में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश में मोदी और भाजपा द्वारा सविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। देश के लिए मेडल लाने वाली देश की पहलवान बेटियां आज जंतर मंतर पर बैठकर न्याय मांग रही है। हरकेश शर्मा ने कहा कि आज मोदी ने नई सांसद का उद्घाटन किया जबकि 19 पार्टियों ने इस पार्लियामेंट के उद्घाटन का बरिष्कार किया, क्योंकि उनकी मांग थी कि नई पार्लिमेंट का



उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा किया जाए ,लेकिन मोदी ने अपना तानाशाह रवैया अपनाते स्वयं पार्लियामेंट का उद्घाटन किया। जबकि मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देश में दिया गया। आज देश की बेटियां पहलवान न्याय के लिए दर दर की ठोकरे खा रही है हरकेश शर्मा ने कहा सत्ता के घमंड मे मोदी भाजपा सरकार द्वारा पुलिस के माध्यम से हमारे देश की बेटियों के साथ जो बर्ताव किया गया वो निंदनीय है, पुलिस का यह कृत्य लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान है ! अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले पहलवानों के साथ किया गया बर्ताव देश का आम- अवाम याद रखेगा और समय आने पर इसका जवाब भी जनता सरकार को देगी । अपने कठिन परिश्रम के बलबूते पर देश के लिए मैडल जीत कर विदेशों में भारतीय तिरंगे को लहराने वाले इन खिलाड़ियों को न्याय और सम्मान देना हर देशवासी और सरकार का कर्तव्य है। शिवसेना के साथ ज्यादा से ज्यादा युवा जुड़े ताकि हम आपको भ्रष्टाचार और भय मुक्त समाज दे सकें आज हरियाणा में भी हिंदू भाजपा के राज में सुरक्षित नहीं है।

## वृंदावन में ई रिक्शा के अभियान चला कर काटे चालान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**वृंदावन में** नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चला कर कार्यवाही की। मल्टीलेवल पार्किंग, रुक्मणी बिहार, प्रेम मंदिर तिराहा, नन्दन वन कट और सुनरख रोड पर अभियान चलाया गया। जिसमें कई ई रिक्शा चालकों के खिलाफ सीज और चालान की कार्यवाही की गई। धर्म नगरी वृंदावन में ठाकुर जी के दर्शन करने को श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी तो कई ई रिक्शा चालक श्रद्धालु भक्तों से मोटी कमाई करने के चक्कर में वे परवाह होकर वृंदावन की



सड़कों पर ई रिक्शाओं को दौड़ते हुए नजर आए तो वहीं ई रिक्शा चालक पैसे कमाने के चक्कर में इतने ज्यादा व्यस्त और मशगूल नजर आए कि वह यातायात के नियमों का पालन करना तो दूर शायद उन्हें यह भी याद नहीं रहा कि ट्रैफिक पुलिस कई दिनों से लगातार यातायात अभियान चला रही है और यातायात नियमों के मद्देनजर सब कुछ भूल चुके ई रिक्शा चालक बेपरवाह होकर धड़ल्ले से ई रिक्शा में ओवरलोड सवारियां ले जाते दिखाई दिए तो यातायात उप निरीक्षक रवि भूषण शर्मा द्वारा लगातार चलाए जा रहें।

## चोरी कर रहे व्यक्ति को दुकानदार ने रंगे हाथों पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**खेड़ी रोड** स्थित एक बिजली की दुकान का शटर उखाड़ कर चोरी कर रहे एक व्यक्ति को दुकानदार ने रंगे हाथों पकड़ लिया। जबकि उसका एक साथी वहां से भागने में कामयाब हो गया। दुकानदार ने चोर को थाना गन्नौर पुलिस के हवाले कर उसके खिलाफ दुकान में चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज करवा दिया। शहर के वार्ड नंबर 1 खेड़ी रोड के रहने वाले शमशेर सिंह ने बताया कि उसकी खेड़ी रोड पर रेलवे पुल के निकट राणा इलेक्ट्रिकल्ज के नाम से बिजली की दुकान है। 28 मई की रात वह अपनी दुकान के शटर को ताला लगा कर अपने घर चला गया था। रात को उनके पड़ोसी महक फौगाट ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि एक अंजान व्यक्ति उसकी दुकान का शटर उखाड़ने का प्रयास कर रहा है। सूचना के बाद वह तुरंत मौके पर पहुंचा तो उसने देखा कि एक व्यक्ति राड व हथोड़े से शटर तोड कर उसकी दुकान के अंदर घुस कर सामान चोरी कर रहा था। जिसे उन्होंने चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया, जबकि उसका एक साथी मारूती कार को मौके पर ही छोड़ कर वहां से फरार हो गया। इसकी सुचना शमशेर सिंह ने डायल 112 पर दी। सूचना के बाद डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और चोर को कार सहित पकड़ कर थाना गन्नौर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शमशेर सिंह की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी हवलदार सुमित ने बताया कि आरोपित से पूछताछ शुरू करी तो उसने अपनी पहचान ओमप्रकाश निवासी गांव कालखा, इसराना, पानीपत के रूप में दी।

## आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य को राज्यपाल आचार्य ने किया सम्मानित

**▸▸ प्रकृति संवर्धन व महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार के लिए यह सम्मान दिया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आर्य** प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य को आर्य समाज को दी गई उल्लेखनीय सेवाओं के लिए गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने विशेष रूप से सम्मानित किया है। यह जानकारी देते हुए आर्य बाल भारती स्कूल पानीपत के प्रधान आर्य रणदीप कादियान



ने बताया कि आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य को अपने कार्यकाल के दौरान भारत में वेद प्रचार, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, प्रकृति संवर्धन व महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार के लिए यह सम्मान दिया गया है। उन्होंने बताया कि जब से राधा कृष्ण ने कार्यभार संभाला है, तभी से सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं और आर्य समाज की विभिन्न संस्थाएं तेजी से आर्य समाज की शिक्षाओं को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निकट भविष्य में इनके किए गए सभी प्रयासों के सार्थक परिणाम आएंगे और वर्ष 2023 के परीक्षा परिणाम इस बात के गवाह हैं कि उनके द्वारा किया गया परिश्रम कभी भी व्यर्थ नहीं जाता।

## संपादकीय

# गंगा की लहरों पर भारत की अमर कहानी

**भारतीय** सभ्यता और संस्कृति को जीवंत बनाने में यदि किसी का सर्वाधिक योगदान है तो वह हैं गंगा। गंगा सिर्फ नदी नहीं हैं, वह जीवनदायिनी हैं। गंगा की पवित्र लहरों में भारत की अमर कहानी अंकित है। सभ्यता और संस्कृति को सर्व लोक उपकारी बनाने की प्रेरणा गंगा की लहरों ने ही मानव हृदय को दी है। भारत में गंगा की निर्मल धारा प्राचीन काल से ही अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह धरती पर बहकर भी देवताओं की नदी है। गंगा लोक की सुख-समृद्धि की विधात्री हैं। ऋषि, संत और मुनि जिन सात नदियों का स्मरण स्नान के समय करते हैं, उनमें सर्वप्रथम गंगा का ही नाम आता है। 'गंगे चै यमुने चौव गोदावरी सरस्वती, नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेस्मिन्‌ सन्निधिं कुरु।' नदियों में पवित्रता एवं महात्म्य की दृष्टि से गंगा का स्थान सर्वोच्च है। गोमुख से लेकर गंगा सागर तक गंगा की अजस्त्र वाहिनी पावन धारा से कितने ही नर, नारी, पशु, कीट, पतंग, जलचर, नभचर आदि जीव-जंतु अपना एहिक और पारलौकिक कार्य करते हैं। जो लोग नित्य गंगा में स्नान करने का पुण्य अवसर नहीं निकाल पाते हैं, वह दर्शन, स्पर्श एवं आचमन करने के लिए थोड़ा सा गंगाजल अपने घरों में रखते हैं। पूजन आदि के समय गंगा जल के अभाव में केवल गंगा का नाम स्मरण ही अनेक जन करते हैं। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जो हजारों योजन दूर से पावन शब्द गंगा का स्मरण करता है, वह अपने सभी पातकों से मुक्त होकर विष्णुलोक को चला जाता है। प्रतिदिन असंख्य व्यक्तियों द्वारा संस्मृत, ध्यानावस्थित, पूजित, मज्जित एवं पीत, गंगा की महिमा की समानता विश्व में अन्य नदी से नहीं हो सकती। यही कारण है कि प्राचीनकाल से लेकर अब तक गंगा की महिमा से संस्कृत, हिन्दी, उर्दू, अरबी, फारसी आदि साहित्य का जितना आंचल भरा गया है, उतना किसी अन्य नदी की महिमा से नहीं।

सहस्त्रों वर्षों से गंगा देश के कण-कण में व्याप्त है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हिमालय की औषधियों का ऐसा विचित्र प्रभाव है, जिसके कारण गंगा जल में कीटाणु नहीं पड़ते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार पुण्य सलिला गंगा भगवान विष्णु के पदनख से निकलने के कारण समस्त लौकिक एवं पारलौकिक रोगों तथा पापों को हरने वाली हैं। गंगा तट वासियों को तो हमेशा यह स्तोत्र याद रहता है कि 'गंगे तव दर्शनान्मुत्तिः।' दर्शन, स्नान तथा पान करने से दैहिक, दैविक एवं भौतिक ताप नष्ट करने की अमोघ शक्ति गंगा जल में सदैव से विद्यमान रही है। जो पाप एवं रोग दोनों को समाप्त कर देती है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है 'कहि-कहि कोटिक कथा प्रसंगा, राम विलोकहि गंग तरंगा।' उन्होंने तो एक ही चौपाई में गंगा के संबंध में वह सब कह दिया है जो प्राचीन काल से लोग आज तक कहते चले आए हैं 'गंग सकल मुद मंगल मूला, सब सुख करनी हरनि सब सूला।' सनातन धर्मावलंबियों ने गंगा को माता कहा है। यह माता ही नहीं लोक माता भी हैं। अखिल ब्रह्माण्ड व्यापक जग के विधाता, पोषक एवं संहारक ब्रह्मा, शंकर एवं विष्णु के द्रव रूप में भागीरथी हिन्दुओं के मानस पटल पर ऐसा प्रभाव डालती हैं कि कोई भी हिन्दू समाज गंगा को न तो नदी के रूप में देखता है और न किसी के मुख से यह सुनना चाहता है कि गंगा नदी है। उसकी तो अंतिम इच्छा होती है कि मृत्यु के समय उसके मुख में एक बूंद भी गंगा जल चला जाए तो उसका मानव जीवन सफल हो जाएगा।

# मौत कि मंडी बन रहा है शिक्षा नगरी कोटा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढनेवाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में पुलिस, प्रशासन, कोचिंग संस्थानो ने छात्रों में पढ़ाई का तनाव कम करने के बहुत से प्रयास किए मगर घटनाएं नहीं रुक पा रही हैं। नामांकन कराने के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की तैयार करने के लिए देशभर से छात्र कोटा आते हैं"

**देश-दुनिया** में शिक्षा नगरी के नाम में प्रसिद्ध राजस्थान के कोटा शहर में कोचिंग संस्थानों की संख्या में वृद्धि के साथ ही आत्महत्याओं की घटनाओं में भी बढ़ोत्तरी हो रही हैं। कोचिंग की मंडी बन चुका राजस्थान का कोटा शहर अब आत्महत्याओं का गढ़ बनता जा रहा है। यहां शिक्षा के बजाय मौत का कारोबार हो रहा है। कोटा एक तरफ जहां मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देने के लिए जाना जाता है। वहीं इन दिनों छात्रों द्वारा आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में हैं। कोटा पुलिस के अनुसार साल 2018 में 19 छात्रो ने 2017 में 7 छात्रो ने 2016 में 18 छात्र 2015 में यहां 31 छात्रों ने मौत को गले लगा लिया था। वर्ष 2014 में 45 छात्रों ने आत्महत्या की थी।

27 मई को कोटा में फिर एक छात्रा साक्षी ने खुदकुशी कर ली। छात्रा अपने चाचा के पास रहकर नीट की कोचिंग कर रही थी। उसकी लाश कमरे में फांसी में फंदे पर लटकी मिली। कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। उसमें लिखा था कि मेरी मौत का जिम्मेदार कोई नहीं है। साक्षी (17) मूलरूप से टोंक की रहने वाली थी। साक्षी के चाचा सुरेंद्र जाट जो कोटा थर्मल में सहायक अभियंता हैं ने बताया कि साक्षी बाहर वाले कमरे में पढ़ाई करती थी। उसी में चुन्नी से फांसी लगा ली। सुरेंद्र जाट ने बताया कि सम्भवतः पढ़ाई के तनाव में चलते उसने फांसी लगाई है। कुन्हाड़ी थानाधिकारी गंगा सहाय शर्मा ने बताया कि छात्रा साक्षी के खुदकुशी करने को लेकर कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है।

इससे पूर्व 24 मई को कोटा में राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहे बिहार के नालंदा जिले के खोजपुरा गांव के एक 16 वर्षीय छात्र आर्यन ने आत्महत्या कर ली थी। गौरतलब है कि मई माह के 27 दिनों में यह पांचवी घटना थी। जब कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रही छात्रा ने खुदकुशी कर ली। कोटा में पिछले पांच महीने में आत्महत्या और आत्महत्या के प्रयास के 11 मामले सामने आए हैं।

कोटा संभाग में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के मामलों को लेकर 24 जनवरी 2023 को विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था।



जिसके जवाब में सरकार की ओर से कहा गया है कि कोटा संभाग में विगत चार साल 2019 से 2022 में स्कूल-कॉलेज और कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों की आत्महत्या के कुल 53 मामले दर्ज हुए हैं। अपने जवाब में सरकार ने जो प्रमुख कारण आत्महत्या के गिनाए हैं। उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण भी हैं। कोटा में राजीव गांधी नगर इलाके के तलवंडी, जवाहर नगर, विज्ञान विहार, दादा बाड़ी, वसंत विहार और आसपास के इलाके में करीब पौने दो लाख व लैंडमार्क इलाके में 60 हजार छात्र रहते हैं। इसी तरह हजारों की संख्या में छात्र कोरल पार्क, बोरखेड़ा में भी रहते हैं। कोटा में करीबन ढाई लाख छात्र पढ़ रहें हैं। जिनमें सर्वाधिक उत्तर प्रदेश और बिहार से आते हैं। कोटा में सात नामी व कई अन्य कोचिंग सेंटर हैं। शहर में करीबन साढ़े तीन हजार हॉस्टल और पीजी हैं। कोटा शहर के हर चौक-चैराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि कोटा में कोचिंग हीं सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। उनमें से कुछ अपनी असफलता बर्दाश्त नहीं कर पाते हें। आज कोटा देश में कोचिंग का सुपर मार्केट है। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानतः सालाना 200-300 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं।

आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढनेवाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में पुलिस, प्रशासन, कोचिंग संस्थानो ने छात्रों में पढ़ाई का तनाव कम करने के बहुत से प्रयास किए मगर घटनाएं नहीं रुक पा रही हैं। इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में नामांकन कराने के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की तैयार करने के लिए देशभर से छात्र कोटा आते हैं और यहां के विभिन्न निजी कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेकर तैयारी में लगे रहते हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि परीक्षा उत्तीर्ण करने के दबाव में आकर पिछले कुछ वर्षों में काफी छात्रों ने आत्महत्या की है। जिसके लिए अत्याधिक मानसिक तनाव को कारण माना जा रहा है। कोचिंग संस्थान भले ही बच्चों पर दबाव न डालने की बात कह रहे हों। लेकिन कोटा के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में तैयारी करने वाले बच्चे दबाव महसूस न करें ऐसा संभव नहीं।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने एक मोबाइल पोर्टल और ऐप लाने की बात कही है। जिससे इंजीनियरिंग में दाखिले की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए कोचिंग की मजबूरी खत्म की जा सके। चूंकि इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम, आयु, अवसर और परीक्षा का ढांचा कुछ ऐसा है कि विद्यार्थियों के सामने कम अवधि में कामयाब होने की कोशिश एक बाध्यता होती है। इसलिए वे सीधे-सीधे कोचिंग संस्थानों का सहारा लेते हैं। अगर मोबाइल पोर्टल और ऐप की सुविधा उपलब्ध होती है तो इससे इंजीनियरिंग में दाखिले की तैयारी के लिए विद्यार्थियों के सामने कोचिंग के मुकाबले बेहतर विकल्प खुलेंगे।

कोटा की पूरी अर्थव्यवस्था कोचिंग पर ही टिकी हैं ऐसे में कोचिंग सिटी के सुसाइड सिटी में बदलने से यहां के लोगों में घबराहट है कि कहीं छात्र कोटा से मुंह न मोड़ लें।

इसे देखते हुए प्रशासन, कोचिंग संस्थाएं और आम शहरी इस कोशिश में लग गए हैं कि आखिर छात्रों की आत्महत्याओं को कैसे रोका जाए। यदि शिघ्र ही कोटा में पढने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाओं पर रोक नहीं लग पायेगी तो यहां का एक बार फिर वही हाल होगा जो कुछ साल पहले यहां के कल-कारखानों में तालाबन्दी होने के चलते व्याप्त हुये आर्थिक संकट के कारण हुआ था। इसके लिए प्रशासन ने कोचिंग संस्थानो के संचालन के लिये नियम कायदे कानून बनाना शुरू किया है। जिनसे ही शायद आत्महत्या की घटनाओ पर काबू पाया जा सके।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

## कविता

### न तुम गलत! न मैं

कभी तुम्हे समझने
की,
कोशिश करता हूँ ,
कभी अपने आपको,
न तुम गलत हो,
न मैं गलत हूँ।
फिर ये सवाल किस
बात का है
और ये बबाल किस
बात है।

कभी मैं तुम्हे
समझाता हूँ
कभी तुम मुझे
समझाते हो
ये समझने समझाने में
जीवन
के अनमोल पल
निकल जाएंगे।
पता नही ये पल कभी
फिर से लौटकर
आएँगे।

यूँ तुम रूठा करो
हमसे कभी
हम तुम्हे मनायेंगे
प्यार भरी बातें करके
अधरों पर मुस्कान
लाएँगे
बस साथ रहे तुम्हारा
तो
चाँद की चकमक ले
आएंगे।

प्यार से मैं तुम्हे
सताऊंगा
तुम प्यार से मुझे
चिड़ाओगे
एक कहा सुनी की
ठिठोली में
कुछ समय साथ हम
बिताएँगे
हाथ मे हाथ डालकर
प्यार हम जताएंगे
कभी तुम हमे
समझाना
कभी हम तुन्हें
समझाएंगे।

**श्याम कुमार**

## सर्वधर्म प्रार्थना का संदेश जाएगा दूर तक

**आर.के. सिन्हा**

**देश को** एक नई, भव्य और गरिमामय संसद की इमारत मिल गई। इसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उदघाटन किया। लेकिन, इस बात का दुःख भी होता है पूर्व प्रधानमंत्रियों ने अंग्रेजों की गुलामी के इस संसद को बदलने की जरुरत है, इसपर सोचा तक नहीं, ऐसा क्यों ? उनके उदघाटन करने से पहले सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित हुई। यह भारत ही है जहां पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा के विचार को आत्म सात किया गया है। महात्मा गांधी ने अपनी सभाओं में सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का श्रीगणेश करवाया था। नई संसद के उदघाटन से पूर्व भारत के सभी प्रमुख धर्मों के विद्वानों ने अपने-अपने धर्मों की पवित्र पुस्तकों के कुछ अंशों को पढ़ा। जिसने भी नई संसद परिसर में प्रार्थना सभा के कार्यक्रम को देखा तो उसका ह्रदय गदगद हो गया। हिन्दू धर्म के विद्वान डॉ. बलदेव आनंद सागर ने गीता के 5-6 श्लोकों को भी पढ़ा । वे गांधी जयंती पर होने वाली प्रार्थना सभाओं में भी भाग लेते रहे हैं। वे आमतौर पर पंचदेव की प्रार्थना का भी पाठ करते हैं।

सर्वधर्म प्रार्थना का विचार वास्तव में बहुत बड़ा और व्यापक है। यह एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि भारत में सब धर्मों को मानने वाले एक-साथ बैठकर अपने धर्मग्रंथों के मुख्य बिन्दुओं को रख सकते हैं। उम्मीद है कि नई संसद में भी देश के सभी धर्मों, वर्गों, प्रांतों वगैरह से आने वाले सांसद स्वस्थ बहस करेंगे। लोकतंत्र की आत्मा होती है वाद, विवाद, संवाद। जहां पर बहस नहीं है, उसे लोकतंत्र कहना बेमानी होगा। उधर, ईसाई धर्म से फादर जॉर्ज सोलोमन प्रार्थना सभा का हिस्सा रहते हैं। महात्मा गांधी की सर्वधर्म प्रार्थनाओं में ईसाई प्रार्थना पहले दिन से ही आरंभ हो गई थीं। उनका ईसाई धर्म, बाबइल और मिशनरियों के कामकाज से साक्षात्कार तब हुआ जब वे दक्षिण अफ्रीका में रहते थे। जॉर्ज सोलोमन विभिन्न स्थानों पर होने वाली सर्वधर्म प्रार्थनाओं में बाइबल का पाठ करते हैं। वे कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी की सरकार भारत में सबके साथ समान व्यवहार करती है। सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सरकारी आयोजनों में भी होना इस बात की गवाही है कि भारत सरकार का सब धर्मों को लेकर रवैया एक जैसा है। बाकी धर्मों के ग्रंथों की तरह बाइबल का भी रास्ता एक-दूसरे से प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। गांधी जी को बाइबल और ईसाई धर्म को करीब से जानने का अवसर मिला दक्षिण अफ्रीका में। सोलोमन को जब भी किसी सर्वधर्म प्रार्थना सभा में जाने का अवसर मिलता है तो वे उस मौके को छोड़ते नहीं है। वहां का हिस्सा होना अपने आप में अप्रतिम अनुभव होता है। उन्हें विश्वास है कि भारत के नेतृत्व में चलकर विश्व नफरत पर विजय पा लेगा। संसार में शांति, सच्चाई और सहिष्णुता के एक नए युग की शुरूआत होगी।

## विचार

# समय ने उसे अच्छे से पहचाना

**बीता** समय के मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव को प्राप्त नहीं किया जा सकता।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है।इसीलिए यह कहावत कही गई है "काल करे सो आज कर, आज करे सो अब,
पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब"प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं,उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दशार्ते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है "का वर्षा जब कृषि सुखावे," इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया है' समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है,और हजारों,लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है,वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं। और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है। पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदउपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था।

सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिको ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए। जो व्यक्ति अपना निश्चित कार्यक्रम बना कर मानसिक वृत्तियों को संयमित, मर्यादित कर कार्य करता है, उसे जीवन संग्राम में अवश्य बड़ी सफलता अर्जित होती है।समय के महत्व को समझने के लिए वैसे तो सभी वर्गों के लिए यह आवश्यक है, पर समय की महत्ता का सर्वाधिक महत्व विद्यार्थियों के लिए होता है। जो विद्यार्थी समय को महत्व को समझते हुए अनुशासित तरीके से मेहनत करता है उसे परीक्षाओं में दिल से सफलताएं प्राप्त होती हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में समय के महत्व को ध्यान में रख पढ़ाई करके वह बड़ी-बड़ी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर बड़े-बड़े पदों को प्राप्त करते हैं बोलतें हैं कि जीवन में समय का दुरुपयोग एक तरह से आत्महत्या के समान है। समय का दुरुपयोग जीवन की सफलता का प्रमुख कारण है। क्योंकि समय के व्यतीत हो जाने के बाद अफसोस करने से गुजरा हुआ समय वापस नहीं लौटता और व्यक्ति के पास पछताने के अलावा कुछ नहीं बच पाता।युवा वर्ग को खासकर शरीर को स्वस्थ रख समय पर निंद्रा, भोजन,व्यायाम करने की आदत डाल लेना चाहिए,वैसे तो युवा वर्ग को समयानुसार अलसुबह उठकर ताजी हवा लेने का नियम बनाकर ब्रह्म मुहूर्त में अध्ययन करने की नियमावली बना लेना चाहिए।देर से उठने वाले हर काम देरी से करने के लिए मजबूर हो जाते हैं ,समय पर कार्य करने से मनुष्य की व्यक्तिगत प्रगति तो होती ही है उसके निजी व्यक्तित्व में भी विकास तथा चार चांद लग जाते हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
**ई-मेल : actionindianews@gmail.com**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कैसे बनें

**विजय गर्ग**

**साइबर** सुरक्षा आज के समय में एक प्रमुख चिंता का विषय है। कंपनियों और अन्य संगठनों के पास ठोस सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि इंटरनेट पर साइबर अपराधियों के साथ संभावित डेटा उल्लंघन को रोका जा सके। साइबर सुरक्षा एक व्यापक डोमेन है और आज सबसे अधिक मांग वाली रोजगार श्रेणियों में से एक है। साइबर सुरक्षा पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। क्लाउड स्टोरेज और ऑनलाइन उद्यमों की बढ़ती मांग के कारण साइबर सुरक्षा की आवश्यकता सर्वकालिक उच्च स्तर पर है। जैसे-जैसे संगठन डिजिटल स्टोरेज पर अधिक भरोसा करते हैं, वे जल्द ही डेटा सुरक्षा की आवश्यकता को पहचानते हैं। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ बहुत मांग में हैं क्योंकि व्यवसाय अपराधियों द्वारा साइबर हमलों में वृद्धि के कारण अपने पैसे, बुनियादी ढांचे और प्रतिष्ठा को सुरक्षित करना चाहते हैं। हम प्रौद्योगिकी से घिरे हुए हैं, और यद्यपि इसके लाभ हैं, तो इसमें कमियां भी हैं। एक साइबर सुरक्षा पेशेवर, जिसे साइबर खुफिया अधिकारी के रूप में भी जाना जाता है, वैश्विक रोजगार बाजार में उच्च मांग में है। उन्नत कंप्यूटर कौशल वाला कोई भी व्यक्ति इस पद के लिए एक अच्छा मैच हो सकता है। साइबर सुरक्षा पहली बार में प्रवेश करने के लिए एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र प्रतीत हो सकता है; फिर भी, योग्य साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ काफी मांग में हैं, और यह एक पुरस्कृत करियर विकल्प हो सकता है। यद्यपि उच्च स्तर की जिम्मेदारी और तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता के कारण साइबर सुरक्षा में नौकरी की मांग कई बार हो सकती है, यह एक बहुत ही फायदेमंद कैरियर मार्ग भी हो सकता है। यदि आप सभी चीजों में आईटी में रुचि रखते हैं, तो शायद साइबर सुरक्षा आपके लिए करियर का रास्ता है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कौन है? साइबर सुरक्षा पेशेवर या विशेषज्ञ संगठनों का एक महत्वपूर्ण तत्व हैं जो संगठन के नेटवर्क और सूचना प्रणाली की सुरक्षा के प्रभारी हैं। वे साइबर हमलों, सुरक्षा खतरों और अन्य आपराधिक गतिविधियों का पता लगाने, प्रबंधन, विश्लेषण, प्रस्तुति और प्रतिक्रिया के माध्यम से इसे पूरा करते हैं।

## कुत्ता बनने की चुगली

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैं अ**पने गांव का कुत्ता हूं। बस्ती वालों पर आपदा बाद में आती है उससे पहले मैं भौंक देता हूँ। मेरे इस भौंकने और कुत्तागिरी के बारे में आए दिन समाचार पत्र वाले छापते भी हैं। ऐसा नहीं है कि वे हमें शौक से छापते हैं बल्कि उन समाचार पत्रों के संवाददाताओं-संपादकों से हमारा उठना-बैठना नियमित रूप से चलता है। वे जो चाहते हैं हम वह देते हैं। इस हाथ दे उस हाथ ले पॉलिसी का ईमानदारी से पालन करना मेरे खून में रचा-बसा है। इधर कुछ दिन पहले प्रधानी के चुनाव के बारे में समाचार पत्रों में खबर छपी। मैं इस खबर से बड़ा खुश था। सोचा हमारी कुत्तागिरी और चाटुकारिता को कोई न कोई पार्टी अवश्य रेखांकित करेगी और हमें टिकट देगा। इसी प्रतीक्षा में कुछ दिन बीत गए। फिर मैं सोचने लगा यह तो पार्टी का टिकट है न कि कोई बीमारी का, जो खुद ब खुद चल कर मेरे पास आएगी। सो मैंने निर्णय किया कि मैं ही चलकर फलाना-फलाना पार्टी कार्यालय से टिकट ले लेता हूं। टिकट बांटने वाले माहौल में एक बार के लिए भगवान के दर्शन हो सकते हैं लेकिन पार्टी अध्यक्ष के नहीं। कई नई चप्पलों को घिसवाकर या यूं कहें कि शहीद करवाकर पार्टी अध्यक्ष से भेंट की। पार्टी अध्यक्ष ने मुझे फट से पहचान लिया और कई सारे उम्मीदवारी के इच्छार्थियों के साथ-साथ मुझे भी एक आवेदन पत्र दे दिया। आवेदन पत्र में नाम, पता, पढ़ाई, अनुभव तथा संपर्क के बारे में पूछा गया था। मैंने बिना देरी किए आवेदन पत्र भरकर पार्टी अध्यक्ष को दे दिया। उनसे पूछा कि मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरी उम्मीदवारी पक्की हुई या नहीं। अध्यक्ष ने धूर्त मुस्कान पेंकते हुए कहा - तुम्हें छोड़कर कोई दूसरे उम्मीदवार का नाम सुनाई देने लगे तो समझ जाना कि तुम्हारा आवेदन पत्र कूड़ेदान में फेंक दिया गया है। मेरा आवेदन पत्र कूड़ेदान की बाहों में सजा दिया गया। मुझसे रहा नहीं गया। मैं दौड़े-दौड़े पार्टी कार्यालय पहुंचा। वहां अध्यक्ष से मिलने की लाख कोशिश की, लेकिन परिणाम जीरो बटा लूल था। मेरी छटपटाहट को देख वहां का चपरासी मुझसे कहने लगा आपका आवेदन तो पहले ही दिन कूड़े की भेंट चढ़ चुका था। भला कोई आवेदन में बेफिजूल की योग्यताएं लिखता है? आपका आवेदन आपकी विशेष योग्यताओं की वजह से तिरस्कृत हुआ है।

## न्यूज फ्लैश

### किरायेदार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**जिले के** गांव अराईपुरा रोड स्थित एक मकान में किरायेदार का शव संदिग्ध हालत में बाथरूम में पड़ा हुआ मिला है। व्यक्ति के शरीर पर हल्की चोटों के निशान बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना पर पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जालंधर निवासी संजीव अराईपुरा रोड पर पिछले 4 माह से किराये पर रह रहा था। संजीव फर्नीचर की कंपनी में काम करता था। सोमवार को जब एक युवक उसको खाने का टिफिन देने के लिए आया तो संजीव बाथरूम में मृत पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया। पंकज राणा ने बताया कि संजीव ने खाने का टिफिन लगा रखा था। वह आज संजीव को खाने का टिफिन देने के लिए गया था। उसने संजीव को आवाज लगाई, लेकिन संजीव ने कोई जवाब नहीं दिया। जब उसने अंदर जाकर देखा तो संजीव बाथरूम में पड़ा हुआ था। इसकी सूचना मकान मालिक को दी गई। घरौंडा थाना के पुलिस जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक मकान के बाथरूम में व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### खड़े ट्रक से हुई कैंटर की भिडंत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**नेशनल** हाईवे पर कस्बा तरावड़ी के पास खड़े ट्रक में कैंटर की टक्कर हो गई। हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और खिडकी तोडकर ड्राइवर के शव को बाहर निकाला गया। मृतक फैक्ट्री से केमिकल लोड कर दिल्ली जा रहा था। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के जेबड़ा मुस्तकम निवासी जयपाल 42 वर्ष के रूप में हुई है। वह कुबेर लॉजिस्टिक्स कंपनी में कैंटर ड्राइवर के रूप में काम करता था। वह अंबाला के नारायणगढ़ से कैंटर में केमिकल लोड करके दिल्ली जा रहा था। जैसे ही वह तरावड़ी के पास पहुंचा तो हाईवे पर खड़े ट्रक से कैंटर टकरा गया। हादसे में जयपाल की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई धर्मपाल ने बताया कि हाईवे पर रास्ता बाधित था और ट्रेफिक भी अधिक था। जयपाल को साइड से निकालने के लिए रास्ता नहीं मिला। इसी वजह से उसकी खड़े ट्रक के साथ टक्कर हो गई। भाई जयपाल के 4 बच्चे हैं, जिसमें 2 बेटे और 2 बेटी हैं। जयपाल अपनी एक बेटी की शादी करने की तैयारियां कर रहा था, लेकिन इससे पहले ही वह दुनिया छोडकर चला गया।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# अब एक पुस्तिका के जरिए कचरा प्रबंधन की मिलेगी जानकारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**गृहणियों को** अब एक पुस्तिका के जरिए घरेलू स्तर पर कचरा प्रबंधन की जानकारी मिलेगी। सोमवार को प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ.कमल गुप्ता ने अपने करनाल आगमन पर पी.डब्ल्यू.डी. विश्राम गृह में पुस्तिका की लाँचिंग की। इस अवसर पर महापौर रेनू बाला गुप्ता व नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा भी उपस्थित थे।



लाँचिंग के बाद शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने बताया कि तेजी से बढ़ते हुए शहरीकरण के दौर में कचरा प्रबंधन की मूलभूत आवश्यकता है। इस दिशा में शहरी निकाय का लक्ष्य है कि घरों से निकलने वाले प्रतिदिन के कचरे का 100 प्रतिशत पृथ्थकरण हो। इसे प्राप्त करने के लिए तैयार पुस्तिका मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने बताया कि करनाल नगर निगम व सुगम स्वच्छता प्राईवेटी लिमिटेड के सांझे प्रयासों से इस पुस्तिका का प्रकाशन किया गया है और अब यह शहर के सभी हाऊस होल्ड को वितरित की जाएगी। इसी प्रकार कॉमर्शियल एरिया यानि दुकानदारों को और नगर निगम स्टाफ को भी एक-एक पुस्तिका दी जाएगी। पुस्तिका के प्रकाशन को लेकर उन्होंने नगर निगम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर देश में स्वच्छ भारत मिशन की जो मुहिम शुरू की गई थी, उसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। हमारा प्रदेश हरियाणा पहले से ही खुले में शौच से मुक्त हो चुका है। अब घर-घर से कूड़ा एकत्रिकरण, परिवहन और निस्तारीकरण पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाए जाएंगे। इसके तहत कूड़े-कचरे से निकलने वाले आर.डी.एफ. से ऊर्जा तैयार की जाएगी।

क्या है पुस्तिका में- बता दें कि 10 पृष्ठद्दों की पुस्तिका में अलग-अलग तरह के अपशिष्टद्दों को सचित्र दशार्या गया है, जिसे कोई भी नागरिक/गृहणी आसानी से देख-पढ़ कर समझे सकते हैं। अंदर के 8 पृष्ठद्द पर अलग-अलग वेस्ट की जानकारी और अंतिम दो पृष्ठद्दों में एक पर कचरा प्रबंधन को लेकर क्या करें-क्या न करें, के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जबकि अंतिम पृष्ठद्द पर सम्पर्क सूत्र अर्थात कचरा लेने वाली गाड़ी से सम्बंधित शिकायत का टोल फ्री नम्बर- 1800 891 1863 व 1800 180 2700 दिया गया है। इसी पृष्ठद्द पर अपशिष्टद्द के प्रबंधन के लिए 5 अलग-अलग रंगों के डस्टबिन भी दर्शाए गए हैं, जिनमें गीले कचरे के लिए हरा, सूखे के लिए नीला, घरेलू जैव चिकित्सा कचरे के लिए पीला, घरेलू हानिकारक कचरे के लिए लाल और ई-कचरा डालने के लिए काले रंग के बिन्स दिखाए गए हैं।

पुस्तिका के मुख पृष्ठद्द पर नगर निगम करनाल का वाहन एक घर से अलग-अलग कूड़ा एकत्र करता दिखाया गया है, जबकि अंतिम बाहर के पेज पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता का संदेश प्रकाशित किया गया है। पुस्तिका की लाँचिंग के बाद शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने नगर निगम में अप्रेंटिस यानि शिक्षार्थी दो बेस्ट स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक, किरण व सोनिया व सुगम स्वच्छता एजेंसी के 4 बेस्ट सफाई कर्मियों को शॉल देकर सम्मानित किया। नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य भारत का साफ-सुथरा बनाना है। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता लाना अति आवश्यक है कि जैसे वे अपने घरों को साफ-सुथरा रखते हैं, ठीक उसी प्रकार अपने देश को भी स्वच्छ रखना चाहिए, क्योंकि हमारा देश ही हमारी पहचान है।

## अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के सम्मान में होने वाली महापंचायत का न्यौता दिया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**भारतीय** किसान यूनियन (चढूनी) के युवा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पहल ने गांव मुंडलाना में 4 जून को पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के सम्मान में होने वाली महापंचायत को लेकर न्यौता दिया। जिलाध्यक्ष ने सोमवार को लगातार चौथे दिन खेड़ा खेड़ा, कैलाना, भांवर, नया बांस व खुबडू में अलग-अलग बैठकों में जाकर किसान, मजदूर से मुलाकात की और 4 तारीख को भारी संख्या में मुंडलाना पहुंचने की अपील की। विरेन्द्र पहल ने कहा कि कल दिल्ली में बेटियों के साथ हुई बदसलूकी से लोगों की आंखों में खून उतरा हुआ है लोग पूरी तरह से गुस्से में है। अपराधियों के साथ खड़ा होकर बीजेपी सरकार ने अपनी विचारधारा क्लियर कर दी है जिससे लोग बहन बेटियों की इज्जत आबरू और उनकी सुरक्षा को लेकर भयभीत हैं। अब लोग चुप रहकर जुल्म सहने की बजाए सामने खड़े होकर विरोध करना पसंद करने लगे हैं। लोग नहीं चाहते के पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक द्वारा बताया गया सच दबाया जाए इसलिए बड़े जोश और उत्साह में होकर महापंचायत में पहुंचेंगे।

## मेधावी विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**सनपेड़ा गांव** के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। सोमवार को स्कूल परिसर में मेधावी विद्यार्थियों के लिए ग्राम पंचायत द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल सुरेंद्र रोहिल्ला ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डीईओ नवीन गुलिया व मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि डीईईओ महावीर, गांव के सरपंच प्रमोद ढाका, हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व चेयरमैन डा. पूर्णमल गौड़ व अमेठी यूनिवर्सिटी से सीनियर प्रो. विनोद कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और



मेधावी छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। छात्रा खुशी पुत्री संजय ने स्कूल टॉप किया है। सरपंच प्रमोद ढाका ने बताया कि गांव के राजकीय स्कूल में बारहवीं कक्षा में सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमें 20 बच्चों की मेरिट आई है। बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित किया है। इससे गांव के सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले अन्य बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरणा मिलेगी और उनमें प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। डीईओ नवीन गुलिया ने कहा कि सभी गांव व क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रम कर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाना चाहिए। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि पढ़ाई के दौरान अभिभावकों की भूमिका विद्यार्थियों के लिए सबसे अधिक काम आती है। जीवन में उतार-चढ़ाव से घबराने की बजाय पूरे आत्मविश्वास के साथ उसका मुकाबला करना चाहिए। राजपुर स्कूल से प्रिंसिपल संतोष डरोलिया, वरिष्ठ राजनीतिज्ञ डा. जितेंद्र कुमार, बड़ी स्कूल प्राचार्य सुशील राठी, डाइड लेक्चरर सुरेंद्र कुमार, डा. सुनीता ढुल, प्रवक्ता चिरंजीलाल, विनोद कुमार, सत्यपाल आर्य, राजेश कटारिया, संजय कुमार, सुशील, नीलम, रेनू आदि मौजूद रही।

## बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटें से उद्योगपति परेशान, रात को छाया रहता अंधेरा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। स्ट्रीट** लाइटों की मेंटनेंस में लगातार मोटा खर्च होने के बावजूद औद्योगिक क्षेत्र में अधिकांश स्ट्रीट लाईटें ठीक नहीं हैं। जिससे कामगारों को रात्रि के समय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एचएसआइआइडीसी औद्योगिक क्षेत्र बड़ी रात के समय अंधेरे में डूब जाता है। कामगारों के साथ-साथ उद्योगपतियों द्वारा कई बार इस समस्या से निवारण के लिए अधिकारियों को कहा जा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में फेज एक व दो में स्ट्रीट लाइटों में से अधिकांश खराब पड़ी हैं। जिससे रात्रि के समय कामगारों और उद्यमियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उद्योगपति द्वारा कई बार यह मुद्दा उठाया जा चुका है इसके बावजूद रखरखाव के नाम पर शुल्क लेने वाले एचएसआइआइडीसी के अधिकारी मौन साधे हुए हैं। एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी के प्रधान नवीन शर्मा ने कहा कि उद्योगपतियों द्वारा एचएसआइआइडीसी को रखरखाव के लिए शुल्क भी जमा करवाया जाता है, इसके बावजूद उन्हें सुविधाएं नहीं मिलती। एचएसआइआइडीसी बड़ी के एक्सईएन राजबीर देशवाल का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की रिपेयरिंग का काम लगातार करवाया जाता है। रिपेयरिंग का काम कभी बंद नहीं हुआ है। फेज एक व दो जो स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से खराब पड़ी हैं उन्हें बदलने के लिए विभाग से अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलने के बाद इन खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को हटाकर नए सिरे से स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी।

## मकान में घुसा अनियंत्रित ट्रैक्टर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**भैणी खुर्द** गांव में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर एक मकान में जा घुसा। ट्रैक्टर एक नाबालिग लडका चला रहा था। उसके साथ एक युवक बैठा था। हादसे में एक 4 साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि बुजुर्ग घायल हो गया। बुजुर्ग को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। भैणीखुर्द गांव में कुछ बच्चे गली में ही ट्रैक्टर सीख रहे थे। दो-तीन चक्कर वे पहले ही काट चुके थे। तभी अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और ट्रैक्टर सीधा एक मकान में जा घुसा, जहांचारपाई पर एक बुजुर्ग ओमप्रकाश व गांव शामगढ़ निवासी 4 साल का बच्चा आरव बैठा हुआ था।

## कल्याण ने देवी अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**घरौंडा के** विधायक हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को हलके के गांव रसूलपुर व महमूदपुर में ग्रामीणों की ओर से देवी अहिल्याबाई जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देवी अहिल्या बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और जयंती की बधाई दी। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि हम सब देवी अहिल्याबाई के मार्ग पर चलकर समाज सेवा के कार्य में बढ़चढ़ कर योगदान दें।

उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि देवी अहिल्याबाई ने भारत में अंग्रेजों और मुगल शासन से बिना डरे कई तीर्थ स्थलों पर मंदिर बनवाए और कुओं का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि जब देवी अहिल्याबाई ने राज्य शासन को संभाला, उन्होंने अपने कार्यो से कई राजाओं पर विजय प्राप्त की। राजाओं ने गरीबों पर अत्याचार इतने किये थे उस समय, गरीब लोग अन्न को भी तरस जाते थे। तब अहिल्याबाई ने नई योजनाए गरीबों के हित में बनवाई जिसमें उन्हें तीन समय का खाना मुफ्त में मिले और यह योजना काफी राजाओं के विरोध के बाद भी अहिल्याबाई ने सफल योजना के रूप में गरीबों तक लागू कराया।

उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने अपनी प्रजा के बीच उन्होंने भक्तिभाव से लोकप्रियता हासिल की। उन्होंने देश के सभी प्रमुख मंदिरों का संघटन किया जिनमें काशी, गया, हरिद्वार, मथुरा, बद्रीनाथ, रामेश्वर, जगन्नाथपुरी जैसे प्रचलित मंदिर शामिल है। इसके अलावा उन्होंने सराय और धर्मशालाओं का निर्माण किया और इसी प्रकार लोगो का प्यार हासिल किया। रानी ने इतने राजाओं को युद्ध में हराया की कोई भी उनके शासन पर आँख गाडने से पहले 100 बार सोचता था। यह थी देवी अहिल्याबाई की छवि उनके दुश्मनों के सामने , यही नहीं उनके राज्य के सभी लोग उन्हें देवी माँ की तरह पूजते थे। उन्होंने सनातन हिन्दुओं के लिए कई योगदान दिए और हिन्दू धरम की रखवाली की।

## 'समिति के सदस्यों की अधिकारी ध्यान से सुनें बात'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**हरियाणा** के शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता की जिसमें 18 मामलों में से 14 मामलों का मौके पर निपटारा किया तथा 4 मामलों की पुनः जांच करने के लिए उच्च अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी और अगली बैठक में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे कष्ट निवारण समिति के सदस्यों की बात को ध्यान से सुनें और विकास कार्यों को लेकर जो




काम बताते हैं, उन पर तुरंत संज्ञान लें। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कष्ट निवारण समिति की बैठक की कार्यवाही शुरू करते हुए सबसे पहले पिछली बैठक से लंबित 5 मामलों की सुनवाई की और परिवादी की जांच रिपोर्ट से संतुष्ट होने के बाद इन मामलों का निपटारा होने पर फाईल करने के निर्देश दिए। बैठक में नए मामलों की सूची में शामिल एजेंडा नम्बर 1 पुलिस विभाग से संबंधित था। शिकायतकर्ता कमलेश रानी वार्ड नम्बर 2 शाहबाद निवासी की शिकायत थी कि उनके दामाद अमन 3 दिसम्बर 2022 को दिल्ली से वापिस आ रहा था, थाना बुटाना के नजदीक कुछ लोगों ने तेज हथियार से उन पर हमला कर दिया, जिसकी एफआईआर पर पुलिस ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है। इस पर जांच अधिकारी ने बताया कि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही जारी है। एजेंडा नम्बर 2 में बंता सिंह गांव डेरा कुताना निवासी की शिकायत आर्म एक्ट व अनुसूचित जाति एक्ट के तहत पुलिस थाना मुनक में मुकद्दमा नम्बर 0031 दिनांक 19 जनवरी 2022 से दर्ज था, जिसमें पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत से मुकदमे को गलत तरीके से रद्द किया गया।

## संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया ऊर्जा सरंक्षण दिवस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**ऊर्जा संरक्षण** को बढ़ावा देने के लिए राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड में दो दिवसीय ऊर्जा सरंक्षण दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के दिशा निर्देश में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण और निबंध लेखन की प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें करीब 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में स्कूल विद्यार्थियों द्वारा रैली निकली गई जिसके माध्यम से आम जनता को ऊर्जा बचाने हेतु जागरूक किया गया।

विद्यालय के प्रिंसिपल मोहिन्द्र सिंह नरवाल ने ऊर्जा सरंक्षण के महत्व को विस्तार से बताते हुए इसे भावी पीढ़ी के लिए बचाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा पेंटिंग, पोस्टर व भाषण के माध्यम से ऊर्जा सरंक्षण के महत्व को स्थापित करने का एक सफल प्रयास किया गया। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय ऊर्जा बचत अभियान का एक हिस्सा थी। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों की विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर समानित किया गया।

प्रस्ताव लेखन में कक्षा 12वीं की अंकिता पहले स्थान पर रही जबकि 11वीं कक्षा की मनसीरत दूसरे और पूजा तीसरे स्थान पर रही।

# प्रशांत त्यागी बने सेना में सब लेफ्टिनेंट

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**घसौली निवासी पूर्व** मार्किट कमेटी के चेयरमैन लालमण त्यागी के पोते प्रशांत त्यागी सेना में सब लेफ्टिनेंट बनकर देश, राज्य, जिला का नाम रौशन किया है। सब लेफ्टिनेंट बनकर घर आने पर परिजनों एवं आसपास के लोगों ने भव्य स्वागत किया, परिजनों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रशांत त्यागी ने बताया कि कक्षा छटी से बाहरवीं कक्षा तक उनकी पढ़ाई मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय राई से की। 12 वी की परीक्षा पास करने के बाद एनडीए के लिए ऑल इंडिया एंट्रेंस एग्जाम दिया। जिसके बदौलत वह सेना में गए। जहां तीन साल की पढ़ाई राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से की। उसके बाद सेना के केरल पाईनुर में



ट्रेनिंग सेंटर गया आ गए। यहां से सब लेफ्टिनेंट बनकर निकले है। उन्हें पासिंग आउट परेड में ब्रोंज मेडल देकर सम्मानित किया गया। घसौली के सब लेफ्टिनेंट प्रशांत त्यागी के पिता अमरीश त्यागी व मां सीमा त्यागी को जहां अपने बेटे की सफलता पर गर्व है तो वही प्रशांत इस सफलता का श्रेय अपनी दादा मार्किट कमेटी के पूर्व चैयरमैन लालमण त्यागी को देते है। इंडियन मिलिट्री अकादमी से पासिंग आउट परेड के बाद सबलेफ्टिनेंट बनकर प्रशांत घर लौटे। उन्हें वर्दी में देखकर न केवल उनके परिजन बल्कि पूरा मुहल्ला देखता रह गया। बेटे को वर्दी में देख उत्साह से मां की आंखों से आंसू छलक उठे। लोगों ने भी प्रशांत पर पुष्प वर्षा की। प्रशांत व उनकी मां को बधाई देने के लिए घर पर लोगों का तांता लग गया।

**स्कूल में रहते हुए स्कूल व सेना के अनुशासन को देख जोश जगा : प्रशांत प्रशांत** ने बताया कि राई स्पोर्टस स्कूल में रहते हुए स्कूल व सेना के अनुशासन को देख उनमें जोश जगा था। उससे प्रभावित होकर उन्होंने एनडीए की तैयारी शुरू कर दी। प्रशांत ने बताया कि सेना की वर्दी पहनने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। साथ ही दादा लालमण त्यागी व मां व पिता ने भी उसका हौसला बढ़ाया। उनके आशीर्वाद की बदौलत ही वह सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हैं। प्रशांत ने बताया कि वर्दी पहन कर उत्साह दोगुना हो गया है।

# नरेंद्र मोदी एक राजनीतिज्ञ की बजाय एक स्टेट्समैन हैं: सीएम

## पीएम मोदी नेहर देशवासी के कल्याण के लिए किया काम: वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री के बढ़ते कद को देखकर अब बड़े देशों के नेता भी कहने लगे हैं मोदी इज दी बॉस: मनोहर

**8 अमृत काल में आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विकासशील देश को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को हम निश्चित रूप से प्राप्त करेंगे: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 9 सालों में राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर हर देशवासी के कल्याण के लिए कार्य किया है। प्रधानमंत्री की सोच है देश सबसे पहले, बाकी सब बाद में। इसी सोच के साथ देश को विश्व पटल पर आगे बढ़ाने के लिए वे अथक प्रयास कर रहे हैं और अमृत काल में आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विकासशील देश को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को हम निश्चित रूप से प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि इन 9 वर्षों में प्रधानमंत्री ने भारत को पुनः: विश्व गुरु बनाने के लिए दुनिया में विभिन्न देशों का दौरा कर भारत की संस्कृति और विरासत की जो झलक दिखाई है, उससे हर भारतीय को गौरव की अनुभूति हुई है। आज वैश्विक स्तर पर भारत की जो पहचान बनी है, उससे जनता को भी लाभ हो रहा है। दुनिया में प्रधानमंत्री के बढ़ते कद को देखकर अब तो बड़े देशों के नेता भी कहने लगे हैं कि मोदी इज दी बॉस। मुख्यमंत्री आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने के अवसर पर महा संपर्क अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी एक राजनीतिज्ञ की बजाय एक स्टेट्समैन हैं, जो भविष्य की सोचते हैं। प्रधानमंत्री ने भारत की सदियों पुरानी विरासत योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चुनौतियों से घबराते नहीं है, चुनौतियों को अवसर में बदल कर कार्यों को सफल बनाते हैं। प्रधानमंत्री ऐसे प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी है और चुनौतियों से न घबराकर उसे अवसर में बदलने की उनकी यही सोच हर भारतवासी को प्रेरित करती है।

**नरेंद्र मोदी एक प्रयोगधर्मी नेता, जो सदैव देश हित में नए-नए प्रयोग करते हैं:** मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ उनका व्यक्तिगत संबंध रहा है। कई सालों तक उन्होंने साथ में काम किया है। इस दौरान भी वे देखते थे कि नरेंद्र मोदी के लिए देश सबसे पहले है, जबकि अन्य राजनीतिक नेताओं का स्लोगन होता था सबसे पहले मैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी एक प्रयोगधर्मी नेता हैं, जो सदैव देश हित में नए-नए प्रयोग करते रहते हैं। उन्होंने हमेशा देश की जनता के कल्याण, देश की सांस्कृतिक पहचान और देश के भविष्य के बारे में सोचा है। प्रधानमंत्री को वर्षों पुरानी व्यापक समस्याओं को सुलझाने के लिए विकल्प ढूंढने में महारथ है।

### 'यूपीए का कार्यकाल भारत और भारतीयों के लिए सबसे खराब दशक था'



**केंद्रीय** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में अन्य सभी बुरे दशकों में से कांग्रेस का कार्यकाल वास्तव में भारत और भारतीयों के लिए सबसे खराब दशक था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल को इंडियाज लॉस्ट डिकेड कहा जा सकता है। 2जी घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम्स, कोयला घोटाला आदि यूपीए के दशक के मील के पत्थर थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीतिक विचारधारा, फूट डालो और शासन करो की नीति और भ्रष्टाचार के कारण ही वर्ष 2014 में भारत के नागरिकों ने बदलाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रचंड बहुमत दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 9 वर्षों के कार्यकाल भारत में में अनगिनत सुधारों और गवर्नेंस पहलों को सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिसने भारत को अपनी वर्तमान ताकत में आगे बढ़ाया है।

### 'पीएम सामाजिक चिंतन की दिशा में भी करते हैं कार्य'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि नरेंद्र मोदी राजनीति से अलग हटकर सामाजिक चिंतन के बारे में भी सोचते हैं। वर्ष 2015 में शुरू किया गया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान इसी सोच का एक उदाहरण है और समाज के सहयोग से इस अभियान में अपार सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया मन की बात कार्यक्रम भी इसी का एक ओर उदाहरण है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कोई राजनीतिक बात नहीं करते हैं, बल्कि वे देशभर के सामाजिक विषयों और नए टैलेंट को आगे बढ़ाने जैसे विषयों पर बात करते हैं। इस कार्यक्रम के 100 एपिसोड हो चुके हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हैं और पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिए गए अंत्योदय दर्शन के अनुरूप पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए उन्होंने सदैव कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को आजादी दिलाने के लिए कई नेताओं, स्वतंत्र सेनानियों और देशवासियों ने कार्य किया, बलिदान भी दिया, लेकिन आजादी के बाद देश को आगे बढ़ाने के लिए जिस प्रकार के नेता की भारत देश को आवश्यकता थी, वैसा नेता देश को नहीं मिला। लेकिन 9 साल पहले नरेंद्र मोदी के रूप में देश को एक नई सोच का नेता मिला है, जो हमेशा देश को आगे बढ़ाने की बात करते हैं।

### केंद्र सरकार 5 एस पर कर रही काम: सीएम



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार अंत्योदय उत्थान के साथ-साथ 5 एस - शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन और स्वाभिमान पर काम कर रही है।
शिक्षा के नाते से राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 को देश में लागू किया है, जिसका उद्देश्य प्राचीन पद्धति को आधुनिकता के साथ आगे बढ़ाते हुए बच्चों में देश के प्रति भाव जागृत करना है।
इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, ओ पी धनखड़ ने कहा कि इन 9 वर्षों में सभी ने देखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत कैसे बदला है। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि युवावस्था में हमने जो सपने देखे थे, वे अब हकीकत में बदल रहे हैं। अनुच्छेद 370 को खत्म करना, राम मंदिर का निर्माण ऐसे सपने हैं, जो प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साकार हुए हैं।

**नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का स्वाभिमान और सम्मान बढ़ा है - बिप्लब देब:** कार्यक्रम में त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और हरियाणा बीजेपी प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि ये 9 साल सबसे यादगार हैं। भारत का स्वाभिमान और सम्मान नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ा है। इसे इन 9 वर्षों में सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक कहा जा सकता है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा, चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष अरूण सूद, मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# ट्रैफिक पुलिस ने चलाया विशेष अभियान: अनिल विज



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा के** गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि यातायात नियमों की उलंघना को रोका जा सके और यातायात नियमों की पालना करवाई जा सके। इसी कड़ी में प्रदेश में 18 मई से 27 मई, 2023 तक विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की उल्लंघना करने पर कुल 3843 चालान किए गए है, जिसमें 2867 लेन ड्राइविंग और 976 ओवर स्पीड के चालान शामिल है। विज ने बताया कि लेन ड्राइविंग और ओवर स्पीड के अम्बाला में 794, कैथल में 70, सिरसा में 92, कुरूक्षेत्र में 87, मेवात में 205, रोहतक में 110, करनाल में 100, हिसार में 38, यमुनानगर में 142, पानीपत में 265, झज्जर में 126, नारनोल में 80, सोनीपत में 92, फरीदाबाद में 804, भिवानी में 136, पंचकूला में 145, चरखी दादरी में 84, गुरूग्राम में 96, रेवाड़ी में 127, जींद में 43, हांसी में 35, फतेहाबाद में 62 और पलवल में 110 चालान किए गए है। विज ने प्रदेशवासियों

**8 3843 चालान किए गए है, जिसमें 2867 लेन ड्राइविंग और 976 ओवर स्पीड के चालान शामिल है**

से अपील करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमो के उल्लंघन से न सिर्फ व्यक्ति अपने जीवन को खतरे में डालते है अपितु दूसरे नागरिको की जान को भी खतरा रहता है और इससे दूसरे लोगो के लिए भी मुश्किलें उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमो के उलंघन से सड़क दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती है और ट्रैफिक जाम होने से अन्य दिक्कतें पैदा होती है। इसलिए सभी नागरिकों को ट्रैफिक नियमो का पालन अवश्य करना चाहिए ताकि हम एक सभ्य समाज की स्थापना में अपना योगदान यातायात नियमों का पालन करके दे सकें। विज ने बताया कि प्रदेश में 5 जनवरी से 15 जनवरी, 2023 तक भी विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की उल्लंघना करने पर लेन ड्राइविंग और गलत साइड ड्राइविंग के कुल 5230 चालान और 20 फरवरी से 27 फरवरी, 2023 तक कुल 5021 चालान भी किए गए थे।

# 'खिलाड़ियों की मान मर्यादा तार-तार करके पैरों तले रौंद रही सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**इनेलो के** प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा है कि देश व प्रदेश के खिलाड़ी अपना पसीना बहा कर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं लेकिन ये सरकार इन खिलाड़ियों की मान-मर्यादाओं को तार-तार करते हुए पैरों तले रौंद रही है और उन्हें पुलिस के हाथों पिटवा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिल्ली में जो तानाशाही रवैया दिखाया है, उसका जवाब देने का समय आ गया है। अभय सिंह चौटाला सोमवार को अपनी पदयात्रा के तहत जिला के हलका हांसी व नारनौंद के गांवों में आयोजित जनसभाओं के दौरान ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दिल्ली में केंद्र सरकार के इशारे पर अपनी आवाज उठाने वाले खिलाडियों



पर पुलिस ने अत्याचार किया है, वह असहनीय व निंदनीय है। खिलाडियों के मान-सम्मान को बरकरार रखने की बजाए ये सरकार उल्टा इन खिलाड़ियों को ही अपमानित कर रही है। बजाए दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने के आवाज उठाने वाले खिलाडियों पर ही जुल्म ढहाया जा रहा है। इनेलो इस मामले को लेकर चुप नहीं रहेगी और पार्टी इन खिलाडियों के साथ है। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश की भाजपा गठबंधन सरकार का भी दिवालिया पिटा हुआ है। गरीबों व जरूरतमंदों को सरकार सुविधाएं देने का दंभ भर रही है और लंबे चौड़े दावे किए जा रहे हैं कि भूखे का पेट भरने के लिए सरकार मुफ्त राशन दे रही है मगर एक दृश्य देखकर वे भी हैरत में पड़ गए।

**8 रकार ने दिल्ली में जो तानाशाही रवैया दिखाया है, उसका जवाब देने का समय आ गया है**

उन्होंने बताया कि अपनी इस पदयात्रा के दौरान जब वे रामायण गांव में पहुंचे तो वहां एक जनसभा के दौरान एक गरीब महिला अपने हाथ में आटे का थैला लेकर उनके पास आई और वो थैला दिखाया। इनेलो नेता ने कहा कि इससे बड़ी शर्मनाक स्थिति क्या होगी कि आज प्रदेश का हर वर्ग अपने हक अधिकार को लेकर सडकों पर हैं, बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे हैं, उसके बावजूद ये गठबंधन सरकार फर्जी आंकड़ों की फेहरिस्त लेकर सच पर काला पर्दा डालने के प्रयास में है।

# हरियाणा न्यूक्लियर पावर प्लांट जून 2028 में शुरू होगा

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा के** फतेहाबाद जिले के गोरखपुर गांव में स्थित उत्तर भारत के पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र की पहली इकाई संभवतः जून 2028 में काम करना शुरू कर देगी। यह जानकारी आज यहां मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में हरियाणा सरकार और गोरखपुर हरियाणा परमाणु विद्युत परियोजना (जीएचएवीपी) के अधिकारियों के समन्वय के संबंध में हुई बैठक में दी गई।
कौशल ने बैठक में बिजली अधिकारियों को उच्च ट्रांसमिशन, कम क्षमता की लाइनों के स्थानांतरण कार्य में तेजी लाने और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए परियोजना को वैकल्पिक स्रोत से संयंत्र स्थल तक 33 केवी बिजली कनेक्शन प्रदान करने का निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और फतेहाबाद जिला प्रशासन को परियोजना स्थलों को सड़क से राष्ट्रीय राजमार्ग से जोडने के लिए संयुक्त अध्ययन करने का निर्देश दिये। इस पहुंच मार्ग से स्थल तक भारी लिफ्टें और मशीनरी के परिवहन की सुगम सुविधा होगी। परियोजना की प्रगति की जानकारी देते हुए जीएचएवीपी के परियोजना निदेशक निरंजन कुमार मित्तल ने बताया कि भूमि सुधार का 74 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है. इसके अतिरिक्त, पहली इकाई के लिए एंड शील्ड और स्टीम जनरेटर जैसे महत्वपूर्ण रिएक्टर उपकरण साइट स्थल पर पहुंच गए हैं।

## 31 जुलाई तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर ब्याज में मिलेगी 30 प्रतिशत छूट

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स की राशि 31 जुलाई, 2023 तक जमा कराने पर ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। पहले यह छूट 10 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से ब्याज छूट में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले सभी वर्गों को काफी राहत मिलेगी। जिन नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।
शहरी स्थानीय निकाय विभाग के एक प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा में प्रॉपर्टी टैक्स अब पूरी तरह स्ट्रीम लाईन हो चुका है।

# फिल्मी पर्दे पर दिखेगा महिला पहलवान कविता का संघर्ष

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**जुलाना** खंड के गांव मालवी की महिला पहलवान कविता दलाल की लाइफ पर अब फिल्म भी बनेगी। इस फिल्म को लेकर कविता दलाल का मुंबई की टीम के साथ अनुबंध साइन हुआ है। बाकायदा उनके जीवन पर टीम ने कहानी भी लिखने शुरू कर दी है। कविता दलाल का कहना है कि जैसे ही उन्हें इस बात का पता चला कि उनके जीवन और संघर्ष पर फिल्म बन रही है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उनके संघर्ष को पर्दे पर दिखाया जाएगा और अन्य लड़कियों को प्रेरणा मिलेगी। जो परिस्थितियों के विपरित जाकर अपने लक्ष्य को हासिल करती है। कविता ने बताया कि प्रीति अग्रवाल के साथ उनकी फिल्म बनाने को लेकर कांट्रेक्ट



साइन हुआ है। फिल्म में उनके जिंदगी के पूरे संघर्ष को दिखाया जाएगा। मैं अटल हूं जैसी फिल्मों के निमार्ता जीशान भी कविता की बायोपिक पर काम करने को लेकर बेहद उत्सुक नजर आ रहे हैं। दंगल, मेरीकॉम समेत दूसरी बायोपिक फिल्मों की तरह कविता दलाल की जिंदगी भी फिल्मी सिनेमा के पर्दे पर उतरेगी। कविता दलाल साल 2016 में सूट व सलवार में कविता दलाल की अंतरराष्ट्रीय पहलवान को पटखनी देते हुए वीडियो वायरल हुई थी जिसके बाद

**8 कविता ने बताया कि प्रीति अग्रवाल के साथ उनकी फिल्म बनाने को लेकर कांट्रेक्ट साइन हुआ है**

कविता दलाल सुर्खियों में आई थी। फिलहाल वह आम आदमी पार्टी से जुड़ी हुई हैं। जुलाना के छोटे से गांव मालवी के किसान परिवार में पैदा हुई कविता दलाल को शुरू से ही दूध व दही खाने का शौक था। शारीरिक रूप से मजबूत और पांच फीट 11 ईंच की कद काठी होने के कारण उसका रूझान वेट लिफ्टिंग की तरफ गया। ग्रामीण परिवेश से निकलकर समाज और आर्थिक हालातों से लड़ते हुए कविता दलाल ने मेहनत की और धीरे-धीरे मैडलों की झड़ी लगा दी।

## तबादला नीति के खिलाफ सड़कें पर उतरे रोडवेज कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर तबादला नीति के खिलाफ सोमवार को यहां सांझा मोर्चा के नेता सरबत सिंह पूनिया, संदीप जांडली, कुलदीप पाबड़ा, सतेंद्र, विजय नागपुर, कुलदीप मलिक, अनिल भाटिया, राजेश खेदड़, अशोक सिहाग, हनुमान वर्मा, नरेश गोरिया, राजकुमार बीघड़, अनिल खटक, कुलदीप कन्हड़ी के नेतृत्व में सैंकड़ों रोडवेज कर्मचारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया। रोडवेज कर्मचारियों ने सरकार की वायदाखिलाफी व हठधर्मिता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद रोडवेज कर्मचारी ने जीएम की अनुपस्थिति में एडीए को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

# हिसार हवाई अड्डा बना नहीं और नौकरी के नाम पर युवाओं से ठगे 16 लाख

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
जिले का एयरपोर्ट भले ही अभी तैयार न हुआ हो लेकिन इसमें नौकरी लगवाने के नाम पर युवाओं से धोखाधड़ी का क्रम शुरू अवश्य हो गया है। हिसार एयरपोर्ट अथ्योरिटी के फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर तीन जिलों के 11 युवाओं से 16 लाख रुपये ठगकर धोखाधड़ी का मामला पुलिस के पास पहुंचा है। जब युवा फर्जी जॉइनिंग लेटर लेकर पहुंचे और अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट की तो उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। सदर पुलिस ने अक्षय की शिकायत पर आर्यन, उसकी पत्नी अनीता व विजेंद्र सिहाग पर मामला दर्ज किया है। पुलिस को मिली




शिकायत के अनुसार आरोपितों ने पंघाल गांव के अक्षय व अमित, भगाना गांव के नवीन, पंघाल गांव के अशोक, नरवाना के सोनू, भगाना के सुखबीर, डाडम गांव के रतन, भाटला के संदीप कुमार, दुबेटा निवासी विवेक सिंह, भगाना निवासी अंशुल के साथ ये धोखाधड़ी की है। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार जिले के भगाना गांव के अक्षय ने पुलिस को शिकायत दी कि नियाणा गांव के आर्यन का भगाना गांव में ननिहाल है। दोनों एक दूसरे के

**8 आरोपितों ने उसे बताया कि हिसार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में नौकरियां निकली हुई हैं**

अच्छे जानकार है। आर्यन कहता रहता था कि वह हिसार अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर कार्य करता है और उसकी काफी आला अधिकारियों से जानकारी है। वह उसे या उसके किसी जानकार को हिसार अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा में नौकरी लगवा सकता है। अक्षय ने 13 दिसंबर 2021 को अपनी शादी में आर्यन, उसकी पत्नी अनीता व मां को निमंत्रण दिया हुआ था। उस दिन शादी में आर्यन व उसकी मां, पत्नी अनीता आपस में बैठकर बातचीत कर रहे थे जो कि आर्यन की हर बात पर हां में हां कर रही थी। आर्यन ने अक्षय को कहा कि उसने उसे जो ऑफर दिया था उसके बारे में उसने क्या सोचा। आर्यन ने अपने उक्त फर्जी ऑफर को दोबारा दोहराते हुए कहा कि उसकी विजेंद्र सिहाग से जानकारी है जिसकी राजनीति में काफी चहल पहल है, के साथ काफी अच्छी उठ बैठ हैं और वह पैसे लेकर सरकारी नौकरी लगवाने का काम करता है। शिकायत के अनुसार आरोपितों ने उसे बताया कि हिसार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में नौकरियां निकली हुई हैं और वह नौकरी लगवाने के प्रति एक लाख 75 हजार रुपये लेता हैं।

# गुरुग्राम में मोनू मानसेर की टीम और गौ-तस्करों में फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**हरियाणा** के गुरुग्राम में अल सुबह कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर गौ तस्करों और गौरक्षकों के बीच जमकर गोलियां चली। गौ तस्कर पुलिस का स्टीकर लगी स्कॉर्पियो गाड़ी में गायों को ले जा रहे थे। गौ रक्षक पीछे लगे तो फायरिंग शुरू हो गई। इसी बीच गोली लगने से गौ तस्करों की स्कार्पियो का टायर फट गया। गौ तस्कर हथियार लहराते हुए अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गए। गाड़ी में 3 गायें थी और उनके मुंह बुरी तरह से रस्सी से बांधे हुए थे। गौ तस्करों के पीछे लगे युवा मोनू मानसेर की

**8 गौ तस्कर हथियार लहराते हुए भाग गए। गाड़ी में 3 गायें थी और उनके मुंह बुरी तरह से रस्सी से बांधे हुए थे**

टीम के सदस्य थे। पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गौ रक्षक स्कॉर्पियो के पीछे लगे हैं। बताया गया है कि गौ रक्षकों को सूचना मिली थी की एक काले रंग की स्कॉर्पियो में गौ तस्करी की जा रही है। गौ रक्षकों ने इसके बाद सुबह गुरुग्राम के फर्रुखनगर क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। स्कॉर्पियो केएमपी एक्सप्रेस वे पर दिखी गौ रक्षक इसके पीछे लग गए। कुछ दूर पीछा करने के बाद गौ तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद गौ रक्षकों की तरफ से भी गोलियां चली।

**हथियार लहरा कर भागे:** दोनों तरफ से चली गोलीबारी के गौ तस्करों की स्कॉर्पियो गाड़ी के टायर फट गए। फायरिंग में किसी को भी चोट नही आयी। गाड़ी के टायर फटने के बाद भी इसमें सवार युवक इसे कई किलोमीटर तक दौड़ाते रहे। इस बीच दोनों के बीच फायरिंग का दौर चलता रहा। बाद में गौ तस्करों ने केएमपी पर पाटली के पास गाड़ी रोकी और हथियारों के साथ मौके से फरार गए।

# 5 अधिकारियों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई: गुप्ता

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय एवं हरियाणा आवास मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को गंभीरता से ना लेने वाले और बिना अनुमति के बैठक से गायब रहने वाले 5 अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए है। इन अधिकारियों के खिलाफ उपायुक्त द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और अधिकारियों की एसीआर रिपोर्ट में भी दर्ज किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि सभी अधिकारियों को कष्ट निवारण समिति की बैठक को गंभीरता से लेना होगा ताकि लोगों को तुरंत न्याय मिल सके। अगर अधिकारी स्वयं गंभीर नहीं हुए तो उन्हें स्वयं



इस विषय को ओर अधिक गंभीरता से लेना होगा। इतना ही नहीं जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में 14 में से 8 शिकायतों का मौके पर निवारण कर दिया गया है। कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता सोमवार को देर सायं नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की चौथी बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता ने गांव नीमवाला निवासी बालकृष्ण, गांव त्यौड़ी निवासी सतपाल, गांव दामली निवासी विक्रम सिंह, गांव किरमच निवासी ललित कुमार, गांव धंतौड़ी निवासी दिनेश, गांव हिबाना निवासी राकेश कुमार, सेक्टर-3 निवासी धर्मपाल सैनी की शिकायत का मौके पर समाधान किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते

**8 बिना अनुमति के बैठक से गायब रहने वाले 5 अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं**

हुए कहा कि कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में 14 में 8 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है और शेष बची 6 शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए है। इस कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को सभी अधिकारियों को गंभीरता से लेना चाहिए और जब भी कोई व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर संबंधित विभाग में पहुंचे तो उसकी शिकायत का वहीं विभागीय स्तर पर ही समाधान कर देना चाहिए ताकि बैठक में कम से कम शिकायते पहुंचे। उन्होंने कहा कि मानसून के सीजन से पहले संबंधित विभागों के अधिकारियों को ड्रेन, नाले व नालियों की सफाई करने के आदेश दिए गए है ताकि बरसातों के सीजन में रतिभर भी दिक्कत ना आने पाए। इस मामले को लेकर उपायुक्त स्वयं समीक्षा करें ताकि किसी भी स्तर पर चूक ना होने पाए। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए एजेंडे पर विस्तृत प्रकाश डाला और आश्वासन दिया कि मानसून के सीजन से पहले संबंधित विभागों के माध्यम से ड्रेन, नाले व नालियों की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया जाएगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, जजपा के जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला आदि अधिकारीगण और कष्ट निवारण समिति के सदस्य मौजूद थे।

# जीवन में उतार-चढ़ाव से घबराने की बजाय पूरे आत्मविश्वास के साथ उसका मुकाबला करना चाहिए: देवेंद्र कादियान



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**सनपेड़ा गांव** के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। सोमवार को स्कूल परिसर में मेधावी विद्यार्थियों के लिए ग्राम पंचायत द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल सुरेंद्र रोहिल्ला ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डीईओ नवीन गुलिया व मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि डीईईओ महावीर, हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व चेयरमैन डा. पूर्णमल गौड़ व अमेठी यूनिवर्सिटी से सीनियर प्रो. विनोद कुमार, सरपंच प्रमोद ढाका ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और मेधावी छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। छात्रा खुशी पुत्री संजय ने स्कूल टॉप किया है। सरपंच प्रमोद ढाका ने बताया कि गांव के राजकीय स्कूल में बारहवीं कक्षा में सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमें 20 बच्चों की मेरिट आई है। बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित किया है। इससे गांव के सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले अन्य बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरणा मिलेगी और उनमें प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। डीईओ नवीन गुलिया ने कहा कि सभी गांव व क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रम कर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाना चाहिए। इन कार्यक्रमों के जरिए अन्य विद्यार्थी भी सीख लेते है और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अच्छे अंक प्राप्त करते है। उन्होंने स्कूल को साफ-सुथरा बनाने पर स्टाफ की सराहना की। वहीं, समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि पढ़ाई के दौरान अभिभावकों की भूमिका विद्यार्थियों के लिए सबसे अधिक काम आती है। जीवन में उतार-चढ़ाव से घबराने की बजाय पूरे आत्मविश्वास के साथ उसका मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हर साल उनकी संस्था देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर बोर्ड परीक्षा में टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी, टैब व स्मार्ट फोन देकर सम्मानित किया जाता है। इससे दूसरों बच्चों को प्रेरणा मिलती है। इसके बाद बोर्ड परीक्षा में सफल मेधावी छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर राजपुर स्कूल से प्रिंसिपल संतोष डरोलिया, वरिष्ठ राजनीतिज्ञ डा. जितेंद्र कुमार, बड़ी स्कूल प्राचार्य सुशील राठी, डाइड लेक्चरर सुरेंद्र कुमार, डा. सुनीता ढुल, प्रवक्ता चिरंजीलाल, विनोद कुमार, सत्यपाल आर्य, राजेश कटारिया, संजय कुमार, सुशील, नीलम, रेनू आदि मौजूद रही।

## न्यूज फ्लैश

### जिला रोजगार कार्यालय ने किया प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन

**पानीपत: जिला** सचिवालय के चतुर्थ तल पर स्थित जिला रोजगार कार्यालय में सोमवार को प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. रीतू चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्लेसमैंट ड्राइव में श्री श्याम बॉयो फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा फील्ड ऑफिसर के 25 पदों को भरना था। इसके लिए 18 से 35 आयु के युवाओं का साक्षात्कार हुआ जिसमें 23 आवेदक उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि चयनित फील्ड ऑफिसरों की सूचना उन्हें जल्दी ही दी जाएगी।
फोटो कैप्शन श्री श्याम बॉयो फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकारी आवेदकों का साक्षात्कार लेते हुए।

### चौ. चरण सिंह महान विचारक व कमेरा वर्ग के सच्चे हितैषी थे: उपायुक्त

**पानीपत: उपायुक्त वीरेंद्र** कुमार दहिया ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 36वीं पुण्यतिथि पर कहा कि वे ईमानदार, महान विचारक तथा किसान व कमेरा वर्ग के सच्चे हितैषी थे। वे जीवनपर्यन्त किसानों व कमेरा वर्ग के हित में कार्य करते हुए उनके उत्थान के लिए संघर्षशील रहे। उन्होंने किसानों के जीवन को बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास किया। यदि हम चौधरी चरण सिंह द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ईमानदारी व निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए गरीब किसानों की प्रगति में अपना योगदान देते हैं तो यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उपायुक्त ने बताया कि चौधरी चरण सिंह विलक्षण प्रतिभाओं के धनी थे। ग्रामीण परिवेश में एक गरीब परिवार में पले-बढ़े होने के कारण वे किसानों व गरीब लोगों की समस्याओं को भली प्रकार समझते थे। पूर्व प्रधानमंत्री का मानना था कि देश के विकास का रास्ता गांवों व खेत खलिहानों से होकर गुजरता है। यदि किसानों की आर्थिक स्थिति ठीक होगी तो ग्रामीण क्षेत्र की क्रय शक्ति बढ़ेगी जिससे देश की उन्नति होगी। उनकी नीतियों के अनुरूप देश कृषि विकास एवं किसानों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है।

### अब 22 फेसलेस सेवाओं का लाभ उठाएं नागरिक: उपायुक्त

**पानीपत: उपायुक्त** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि हरियाणा सरकार ने सुशासन की दिशा में निरन्तर कदम बढ़ाते हुए अब हरियाणा में वाहन और सारथी पोर्टल के माध्यम से आधार आधारित 22 फेसलेस सेवाओं का लाभ आमजन को देने का निर्णय लिया है। लाइसेंस सेवाओं का लाभ उठाने के लिए पोर्टल सारथीडॉटपरिवहनडॉटजीओवीडॉटआईएन/सारथी सर्विस का उपयोग किया जा सकता है। डीसी ने कहा कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत आमजन को ऑनलाईन आवेदन से तय समय पर सुविधाएं दी जाएगी। इसके तहत आमजन को वाहन पोर्टल पर वाहन पंजीकरण से सम्बंधित जैसे गिरवी जारी रखना, स्वामित्व का हस्तांतरण, पते में बदलाव, नया परमिट जारी करना, परमिट का नवीनिकरण, किराया खरीद, समझौते का पुष्ठांकन, अस्थाई परमिट के आवेदन, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि, मोटर वाहन के अस्थाई पंजीकरण के लिए आवेदन, फिटनेस सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि जारी करना, फीस के बदले रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट विवरण देखना, परिवहन सेवाओं के रिकार्ड में मोबाईल नम्बर अपडेट करना जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### आधार है महत्वपूर्ण दस्तावेज, पता और मोबाइल नम्बर हमेशा रखें अपडेट: उपायुक्त

**पानीपत: यदि** किसी व्यक्ति को आधारकार्ड बनवाए 10 वर्ष से अधिक समय हो गया है तो उसे अपडेट अवश्य करवा लें। आधारकार्ड धारकों को अपने आधारकार्ड का अपडेशन करवाना अतिआवश्यक है। अपने पते का प्रमाण और पहचान का प्रमाण लेकर अपने नजदीकी आधार केन्द्र से यह कार्य पूर्ण करवा सकते हैं क्योंकि अब आधारकार्ड महत्वपूर्ण दस्तावेजों में शामिल है। उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि केन्द्र सरकार ने आधारकार्ड के नियमों में संशोधन करते हुए कुछ बदलाव किया है। इलैक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी गजट पत्र में प्रकाशित नोटिफिकेशन के मुताबिक आधार अपडेट होने से सैंट्रल आईडैंटी डाटा में इससे जुड़ी जानकारी रिपॉजिटरी में लगातार स्थिरता सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि इस नोटिफिकेशन के अनुसार आधार धारक आधार के नामांकन की तारिख से हर दस साल पूरे होने पर कम से कम एक बार पहचान और निवास प्रमाण वाले दस्तावेजों का अपडेट करवा सकते हैं। इससे सी.आई.डी.आर. में आधार से जुड़ी जानकारी निरन्तर आधार पर स्टिक सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया क इस प्रक्रिया के तहत पांच वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों का आधारकार्ड में बायोमैट्रिक अपडेट करवाना भी जरूरी है।

# भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन का 10वां स्थापना दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। भारतीय** प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन का 10 वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से कार्यालय महेंद्रगढ में मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष तेजपाल प्रजापति मालडा.ने की, मुख्य अतिथि के तौर पर आदरणीय गोविंद प्रजापति प्रदेश कोषाध्यक्ष, रहे, बैठक में महाराजा दक्ष प्रजापति जी को पुष्प अर्पित किए व दीप प्रज्वलित किया, बैठक को संबोधित करते हुए गोविंद प्रजापति ने संगठन के बारे में



विस्तार पूर्वक बताया इढलड संगठन 29 मई 2014 को अस्तित्व में आया और धीरे-धीरे यह संगठन पूरे भारतवर्ष में अपनी अलग ही पहचान बनाए हुए हैं इढलड संगठन समय-समय पर अनेक समाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी प्रस्तुत करता रहता है, बैठक को संबोधित करते हुए हुए जिला अध्यक्ष तेजपाल प्रजापति मालडा.ने सभी देशवासियों को इढलड के 10 वे स्थापना दिवस की बधाई दी, उन्होंने कहा कि संगठन शिक्षा के क्षेत्र मे कार्य कर रहा है जल्द ही समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षण संस्थान खोलने जा रहा है, जिससे समाज मे शिक्षा का स्तर उपर उठेगा, संगठन समय समय पर अनेक सामजिक कार्य मे अपनी भागीदारी प्रस्तुत देता है, इस मौके पर जिला महासचिव सुरेश नंबरदार, जिला शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी सुनील बसई, जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश, बुद्धराम राजावास, दिनेश, आकाश, नितिन महेन्द्र इत्यादि मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र रोडवेज डिपो कर्मचारियों ने किया धरना-प्रदर्शन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र डिपो** में सांझा मोर्चा के आव्हान पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेंद्र पंचाल एवं राजेश गोयल ने संयुक्त रूप से की । मंच का संचालन डिपो सचिव रणजीत करोड़ा ने किया । धरना प्रदर्शन में महासंघ के राज्य उपप्रधान निशान सिंह व ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947 के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान मायाराम उनियाल एवं प्रेस सचिव बलदेव सिंह मामू माजरा खास तौर पर उपस्थित रहे। धरना- प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य वरिष्ठ उप प्रधान मायाराम उनियाल एवं निशान सिंह ने संयुक्त रूप से बयान दिया कि हरियाणा सरकार ने जो परिवहन विभाग में ट्रांसफर पॉलिसी बनाई है यह किसी भी तरह से ना तो कर्मचारी हित में है और ना ही विभाग हित में है हरियाणा सरकार से जिन कर्मचारियों को पलवल से गुरुग्राम भेजा जाना चाहिए था कर्मचारियों को पंचकूला भेजा गया । यानी कि लगभग प्रत्येक कर्मचारी को 200 से ढाई सौ किलोमीटर तक दूरदराज भेजा गया और तो और जिन कर्मचारियों का किसी का एक महीना किसी के 2 महीने किसी के 6 महीने किसी के 8 महीने 1 साल से कम रह गए हैं उन कर्मचारियों को भी रोहतक से कुरुक्षेत्र, सोनीपत से सिरसा आदि दूरदराज बदल दिया गया है।

# सड़क पर पड़े घायल पशु की सहायता करने के लिए आमजन करें प्रयास: धर्मवीर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) हरियाणा**
पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि पशु सेवा प्रभु सेवा के सामान है, हम जिस प्रकार अपने पालतु पशुओं का ख्याल रखते है, उसी प्रकार हमें अगर सडक पर कोई घायल पशु दिखाई दे तो उसकी तुरंत प्रभाव से सहायता करना सुनिश्चित करें और संभव हो सकें तो उसका इलाज करवाने या संबंधित विभाग को सूचित करने की कोशिश करें। चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर सोमवार को गांव बाहरी मौहल्ला में श्रीमहादेव गऊशाला में पशुपालन



विभाग द्वारा आयोजित संयुक्त टीकाकरण अभियान के 7वें चरण की शुरूआत करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों में सोमवार से संयुक्त टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है, यह अभियान आगामी 30 जून तक चलेगा। इस अभियान के तहत प्रदेश भर की कुल करीब 63 लाख गाय और भैंस है, जिनको मुंह खुर व गलघोटू बीमारी से बचाने के लिए टीका लगाया जा रहा है।

# 'दिग्विजय चौटाला के नेतृत्व में देश में हैंडबाल नई ऊंचाइयों को छुएगा'

**पानीपतः जजपा के** प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला को हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया का अध्यक्ष चुने जाने पर इनसो के राष्ट्रीय महासचिव एवं ब्लॉक समिति सदस्य राजिंदर जैलदार ने सोमवार को गांव आसन कलां के हैंडबॉल ग्राउंड में खिलाडि?ों को लड्डू बांटकर खुशी मनाई। जैलदार ने बताया की दिग्विजय चौटाला के नेतृत्व में देश में हैंडबाल नई ऊंचाइयों को छुएगा। वहीं राजिंन्दर जैलदार ने स्टेडियम के खिलाडियों को भरोसा दिलाया की दिग्विजय सिंह चौटाला खेल के सामान व अन्य चीजों की ग्राउंड पर कमी नही आने देंगे।

# भारतीय योग संस्थान द्वारा राखीगढ़ी में योग महाकुंभ आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक ) नौवें** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 की तैयारी में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं एम डी एन आई वाई द्वारा योग उत्सवों की श्रृंखला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से 24 दिन पूर्व हरियाणा के धरोहर स्थल राखीगढ़ी के सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) रोहिणी, दिल्ली द्वारा आयोजित मानवता के लिए योग कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के 50 साधक साधिकाओं सहित पूरे हरियाणा प्रांत के 3500 से अधिक साधकों व स्कूली बच्चों ने भाग लिया । कल सायं देर तक चले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि



भारतीय योग संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान देसराज एवं विशिष्ट अतिथियों अखिल भारतीय महामंत्री ललित गुप्ता, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली के कार्यक्रम अधिकारी डॉ ईश्वर एन आचार्य, हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार डॉ हरीश चंद्र, हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मदन मानव, संस्थान के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश विज, हरियाणा संरक्षक राजकिशन सैनी, योगाचार्य सूर्य देव आर्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । हिसार के साधक साधिकाओं ने मधुर स्वागत गीत योग गीत तथा रोहतक की साधिकाओं ने सुंदर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया । प्रांतीय संरक्षक राजकिशन सैनी ने सभी का स्वागत किया । मंत्री मानसिंह ने गहरे लंबे श्वास व गायत्री मंत्र का उच्चारण करवाया । मुख्य अतिथि के उद्बोधन के पश्चात विशिष्ट अतिथि डॉ ईश्वर एन आचार्य ने भारतीय योग संस्थान को इतने भव्य आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार डॉ हरीश चंद्र ने भी इतने बड़े आयोजन को संस्थान की महान उपलब्धि मानते हुए केंद्र व हरियाणा सरकार तथा हरियाणा योग आयोग द्वारा योग के प्रचार प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों की पूरी जानकारी दी।

# छात्रों को साईबर अपराधों व यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के आदेशानुसार स्कूलों तथा कॉलेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जाकर साईबर अपराधों के प्रति विधार्थियो को जागरुक किया जा रहा है। इसी कडी में 29 मई 2023 को सहारा कम्प्रहेंसीव स्कूल अमीन रोड कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला यातायात पुलिस द्वारा छात्र/छात्राओं को साईबर अपराधों के प्रति जागरुक किया गया। जिला यातायात कण्ट्रोल रूम इंचार्ज उप निरीक्षक सतबीर सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि आज देश के हर छोटे बडे नागरिक के पास स्मार्ट फोन है। मोबाईल फोन ने जहां हमारे बहुत सारे काम आसान किए हैं, वहीं हमारे दैनिक जीवन में बहुत समस्याएं भी खडी कर दी है। मोबाईल फोन से हमें संसार के किसी भी देश से किसी भी प्रकार की जानकारी हासिल हो सकती है। लेकिन इसके बहुत सारे दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। मोबाईल फोन का प्रयोग करते समय हमें साईबर क्राईम के प्रति सतर्क रहना चाहिए। किसी भी अनजान ऐप्लिकेशन को अपने मोबाईल फोन में डाउनलोड ना करें। किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गये लिंक पर क्लिक नही करना चाहिए। इसके अलावा उन्होने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से फोन पर विडियो काल ना करें और ना ही बैंक खाते से सम्बंधित कोई भी जानकारी किसी को न दें। इसके बावजूद किसी भी अगर किसी के साथ इस प्रकार का साइबर अपराध हो जाता है तो अपनी शिकायत नेशनल साईबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल पर या नजदीकी थाना/चौंकी में दर्ज करवा सकते हैं। जितना जल्दी हो सके आप भारत सरकार द्वारा जारी साईबर क्राइम हेल्पलाईन नम्बर 1930 पर शिकायत करें। ऐसा करनें से आपका पैसा सुरक्षित वापिस आ सकता है। ट्रैफिक कोर्डिनेटर कुरुक्षेत्र उप निरीक्षक रोशन लाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों की पालना करते हुए मनुष्य खुद को सुरक्षित रखते हुए दूसरो की भी सुरक्षा कर सकते है।

उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटनाओं मे सबसे ज्यादा नुकसान युवा वर्ग का हो रहा है इसके पीछे युवाओं द्वारा वाहनो को तेजगति से चलाना तथा वाहन चलाते समय लापरवाही है।

# अन्याय विरोधी आगे बढ़ो हम तुमरे साथ है: सुरेंद्र अहलावत

**इस समय देश व प्रदेश में भ्रष्टाचार इतना बढ़ चुका है कि उसके पाव भी धरती में धंस चुके हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**संजय चौक** पर अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद करने व समाज को जागृत करने के लिए सरदार हरवेल सिंह व उसके साथी गुलशन कुमार सपड़ा को सर्वजातीय जन पंचायत संगठन के प्रधान एवं गरीबों के हितेषी, शोषित, वंचित की आवाज को बुलंद करने वाले सुरेंद्र अहलावत ने झंडा पकडाते हुए कहा कि इस समय देश व प्रदेश में भ्रष्टाचार इतना बढ़ चुका है कि उसके पास भी धरती में धस चुके हैं जहां एक तरफ हर वर्ग सड़कों पर आकर अपनी मांगों को लेकर धरने प्रदर्शन पर है तो वहीं देश के गौरव



बेटियां न्याय को लेकर जंतर मंतर पर पिछले लंबे समय से बैठे हैं और कल उनके साथ की गई बर्बरता यह दर्शाती है कि सरकार दिए गए वह नारे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ यह सब सिर्फ महज भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया गया और इस बात से यह साबित हो जाता है कि देश महामहिम राष्ट्रपति को नई संसद के उद्घाटन समारोह पर ने बुलाया जाना साफ दर्शाता है कि देश की बेटियों व महिलाओं की भारतीय जनता पार्टी कितनी ध्यान रखते हैं।
अहलावत ने कहा हरबेल सिंह मक्कड़ जैसे क्रांतिकारी लोग जिस तरीके से सड़कों पर लड़ाई लड़ रहे हैं उसी तरीके से जनता के साथ हो रहे अन्याय परमेश सड़कों पर आकर अपनी लड़ाई लड़नी चाहिए क्योंकि सरकार गूंगी भारी हो चुकी है। आज हर वर्ग को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए एकजुट होकर आगे आना चाहिए वही अहलावत ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अन्याय विरोधी क्रांतिकारी संगठन जब भी सर्व जातीय जन पंचायत को किसी भी प्रकार के लिए आह्वान करेगा सबसे आगे सर्व जाती है जन पंचायत के कार्यकर्ता होंगे।

# सोंगल की धरोहर भी चुराई : मधुसूदन बवेजा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) किसान कांग्रेस** के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने आनंद भवन म्यूजियम में रखी सोंगल की धरोहर भी चुरा ली। उन्होंने बताया कि आजादी से पहले सोंगल तामिलनाडू में राजा महाराजाओं के पास होती थी, जब एक राजा राज छोड़कर जाता था तो वह दूसरे राजा को सोंगल सौंपता था। 15 अगस्त 1947 को भारत के आजाद होने पर राजा महाराजाओं ने सोंगल चाचा नेहरू को सौंप दी थी और कहा था कि अब लोकतंत्र शुरू हो गया है। इसके बाद चाचा नेहरू ने सोंगल को आनंद भवन इलाहाबाद के म्यूजियम में रखी। अब केंद्र की सरकार म्यूजियम से चुराकर संसद में लेकर आए है। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि नये संसद को कमल के फूल के आधार पर बनाया गया है। संसद किसी भी पार्टी का नही है। ये लोकतंत्र की सरेआम हत्या है। इसके अलावा नये संसद भवन का राष्ट्रपति से उद्घाटन न करवाकर दलितों सहित देश की महिलाओं का अपमान किया गया है। बवेजा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा ही महिलाओं का सम्मान करती आई है और आगे भी करती रहेगी और सोंगल इस बात का प्रतीक है कि अब कांग्रेस आ रही है।

## अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी हुई गठित...

# अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट नरेला के अध्यक्ष बने कृष्ण बंसल









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अग्रवाल सेवा** संघ ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी के लिए 28 मई को मतदान और मतगणना मुख्य चुनाव अधिकारी राजेंद्र सिंघल व चुनाव अधिकारी रामनिवास गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता की देखरेख में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। अध्यक्ष पद के लिए कृष्ण कुमार बंसल ने 42 वोटों के अंतराल से जीत हासिल की। बाहरी दिल्ली के नरेला में अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में शांतिपूर्वक संपन्न हुए।

मतगणना पश्चात देर शाम घोषित किए गए परिणाम अनुसार अध्यक्ष पद के लिए कृष्ण कुमार बंसल, महामंत्री पद के लिए पंकज गुप्ता, प्रचार मंत्री पद के लिए राहुल सिंघल सह कोषाध्यक्ष के लिए विद्यासागर विजयी घोषित हुए। वही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए रविंद्र मोहन गर्ग, उपाध्यक्ष पद के लिए धर्मवीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप बंसल, कार्यालय मंत्री सुशील कुमार, कार्यकारिणी सदस्य पुनीत कुमार गोयल, विनोद बंसल, घनश्याम दास अग्रवाल, संजय जैन, सुरेंद्र गर्ग, अमित गुप्ता, अमित पुत्र सुरेंद्र कुमार निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। सभी ने चुने गए नए पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई सहित समाज हित में तन-मन-धन से कार्य करने को प्रोत्साहित किया। वही चुने हुए पदाधिकारियों ने निष्पक्ष रूप से पूरा समय देकर समाज के हित में सभी को साथ लेकर काम करने का आश्वासन दिया।

### 42 वोटों के अंतराल से जीते कृष्ण बंसल...

= सभी ने चुने गए नए पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई सहित समाज हित में तन-मन-धन से कार्य करने को प्रोत्साहित किया।
= चुने हुए पदाधिकारियों ने निष्पक्ष रूप से पूरा समय देकर समाज के हित में सभी को साथ लेकर काम करने का आश्वासन दिया।
= अध्यक्ष पद के लिए कृष्ण कुमार बंसल ने 42 वोटों के अंतराल से जीत हासिल की।



**कृष्ण कुमार बंसल, अध्यक्ष, अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्टः आज** जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है, उसे मैं पूरी ईमानदारी ने निभाऊगां और समाज की जो भी समस्याएं है उसका समाधान किया जायेगा और समाज के विकास पर विशेष ध्यान दिया जायेगा, जिससे की समाज और अधिक आगे बढ़ सके।



**हेमराज बंसल, चेयरमैन, अग्रवाल वैश्य समाज नरेलाः** अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी में बहुत ही प्रतिभावान, अनुभवी लोग है। मैं आशा करता हूं कि ये अग्रवाल समाज को ऊचांईयों पर लेकर जायेगें। मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और समाज के लोगों से अपील करता हूं कि संगठित होकर रहें।

# तपती गर्मी में पक्षियों को अनाज भिगोकर डालेंः रामदेव शर्मा

## सभी को पौधारोपण अवश्य ही करना चाहिए और पौधे की रक्षा भी करनी चाहिएः शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय पुजारी संघ पंजीकृत के अध्यक्ष पंडित रामदेव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मेरे यानि पंडित रामदेव शर्मा एवं पंडित दिनेश चंद शर्मा के मध्य एक वार्ता हुई। जिसमें पूर्व के सभी मतभेदों को मिटाते हुए आपस में एक विचार गोष्ठी की गई। जिसमें चर्चा हुई कि संघ के चुनाव शीघ्र होंगे और जेष्ठ माह की तपती हुई इस भीषण गर्मी में आम जनमानस जो पक्षियों को अनाज डालते हैं उनसे आग्रह करते हैं कि वह लोग पक्षियों को अनाज जो डालते है वह भिगोकर डालें। उन्होंने आगे बताया कि सूखे अनाज से पक्षियों की इस भीषण गर्मी में जान माल की हानि हो सकती है। ऐसा



अनजाने में हम लोगों से कोई अपराध ना हो इसके लिए सभी से आग्रह है इस पर ध्यान देने की जरूरत है। श्री शर्मा ने बताया कि जेष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा मनाया जाता है, जिसमें मां गंगा जैसी पवित्र नदियों में और सरोवर में लोग एकत्रित होकर के स्नान करते हैं और अपने पितरों के निमित्त बहुत सी वस्तुओं का दान करते हैं और महादेव का एवं पुण्य दायिनी मां गंगा जी का पुण्य आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। पितरों की खुशी व तृप्ति के लिए प्रार्थना एवं दान करते हैं। इसी प्रकार से जेष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी जिसे निर्जला एकादशी कहते हैं इसमें भी भगवान राधा दामोदर लक्ष्मी नारायण व धर्मराज के निमित्त एवं पितरों के निमित्त बहुत सारे कृत्य करते हुए दान-पुण्य करते हुए सभी अपने-अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना एवं व्रत करते हैं। पंडित रामदेव शर्मा ने कहा कि मेरा उन सभी से आग्रह है की इन सब चीजों की प्राप्ति के लिए इन दोनों दिनों में सभी भक्त लोग अपनी मनोकामना पूर्ण करने हेतु एवं संसार में हरियाली बनी रहे इसके निमित्त एक-एक पौधे का रोपण करें और अपने आस-पास में स्वच्छता बनाएं रखे और दूसरों को भी प्रेरित करे। गंगा मैया की जय, भारत माता की जय। रामदेव शर्मा ने आगे बताया कि मेरे इस विचार से सभी सहमत हुए। जिसमें ओमप्रकाश कौशिक, पं दिनेश चंद शर्मा, भरत ती, घनश्याम शर्मा, रामअवतार गौड, धनीराम शर्मा, महंत राधाचरण वशिष्ट, पं वीरेंद्र कौशिक, बनवारी लाल, विनोद कुमार पांडे, बृज मोहन त्रिपाठी, देवदत्त पांड, कमल सिंह राणा, श्री कृष्ण, सत्य प्रकाश सहित अन्य सभी ने संकल्प लिया की सभी इस कार्य के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे।

# भलस्वा डेरी में विशाल जन चेतना सभा आयोजित

## 'आप' ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य कियाः दुष्यंत गौतम





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के भलस्वा डेरी स्थित दुर्गा चौक पर विशाल जन चेतना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, जिला अध्यक्ष विनोद सहरावत, जिला महामंत्री रविन्द्र शर्मा, भाजपा दिल्ली प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर यादव, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब, पूर्व निगम पार्षद विजय भगत, जिला उपाध्यक्ष तेजपाल, उपाध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व भाजपा निगम प्रत्याशी दिव्या झा, जितेन्द्र ढीका सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि आम आदमी पार्टी वादे की पक्की नहीं है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते दिल्ली के लोग विकास को तरस रहे है और परेशान हो रहे है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखे।

# प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल ने यात्रा के लिए बस को दिखाई हरी झंडी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर से भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री सुमित यादव ने 125 बुजुर्गों व महिलाओं को निःशुल्क तीर्थ यात्रा के लिए बस को रवाना कराया।

इस बस यात्रा को हरी झंडी भाजपा दिल्ली प्रदेश कोषाध्यक्ष और 'आओ साथ चले' के राष्ट्रीय संयोजक विष्णु मित्तल ने दी। विष्णु मित्तल ने कहा कि आज बड़ा ही अच्छा कार्यक्रम सुमित यादव के द्वारा किया गया है। इसके लिए मैं उनकी पूरी टीम का धन्यवाद करता हूं। बुजुर्गों को यात्रा करवाना पुण्य का कार्य है। इस मौके पर आये हुए सभी गणमान्य लोगों का भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री सुमित यादव ने धन्यवाद किया।

**प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल ने बस को दिखाई हरी झंडीः** भाजपा दिल्ली प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल ने 125 यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर बस को वृंदावन व गोवर्धन परिक्रमा के लिए रवाना किया।

**ये लोग रहे मौजूदः** जिला केशवपुरम भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व सिविल लाईन जोन के चेयरमैन नवीन त्यागी, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा, भाजपा नेता सत्यपाल यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**कार्यक्रम का आयोजन सुमित यादव ने कियाः** इस निःशुल्क यात्रा का आयोजन भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा के महामंत्री सुमित यादव ने किया। श्री यादव ने नारियल फोड़ कर यात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी।

**वृंदावन, गोवर्धन परिक्रमा सहित कई मंदिरों के दर्शन करेगें यात्रीः** इस निःशुल्क यात्रा के दौरान 125 बुजुर्ग व महिलाएं गोवर्धन परिक्रमा, वृंदावन की यात्रा सहित कई मंदिरों के दर्शन करेगें। इस दौरान तीर्थ यात्रियों के लिए रहना व खाना फ्री रहेगा।





**विष्णु मित्तल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष व 'आओ साथ चले' के राष्ट्रीय संयोजकः** आज बड़ा ही अच्छा और भव्य कार्यक्रम सुमित यादव की ओर से किया गया है। इस कार्यक्रम के लिए मैं उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं। सभी को बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए।



**सुमित यादव, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा भाजपा दिल्ली प्रदेशः** मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं। आज 125 बुजुर्गों और महिलाओं को निःशुल्क यात्रा करवाई गई है। इसमें सहयोगी संस्था आओ साथ चले है।









# बिना फार्म भरे चेंज या जमा कराये दो हजार के नोट : डीसी विक्रम सिंह




**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** किसी भी बैंक में 2000 का नोट बदलवाने के लिए फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। साथ ही नोट बदलवाते समय कोई आईडी प्रूफ दिखाने की भी जरूरत नहीं है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज सेक्टर-12 लघु सचिवालय स्थित एसबीआई बैंक में दो हजार के नोट बदलवाने की प्रक्रिया का जायजा लिया और वहां उपस्थित लोगों से दो हजार के नोट बदलवाने में किसी प्रकार की दिक्कत तो नहीं इस बारे चर्चा की। डीसी विक्रम सिंह ने बताया की दो हजार के नोट बदलवाने के लिए कोई पर्ची या फार्म भरने की जरूरत नहीं है। आप किसी भी बैंक के ब्रांच में जाकर नोट बदल सकते हैं। उस बैंक में आपका अकाउंट हो ऐसा जरूरी नहीं है। आप सीधे काउंटर पर जाकर नोट बदल सकते हैं। वहीं अगर आपका उस बैंक में अकाउंट है तो आप ये रुपए अपने अकाउंट में जमा भी करा सकते हैं। नोट बदलने के लिए आपको कोई भी चार्ज (शुल्क) नहीं देना होगा। ये एकदम फ्री है। अगर कोई कर्मचारी आपसे इसके लिए पैसे मांगता है तो आप बैंक अधिकारी या बैंकिंग लोकपाल में इसकी शिकायत कर सकते हैं। एसबीआई बैंक मैनेजर विश्वा दीपक चौधरी ने बताया कि स्टेट बैंक द्वारा 2000 का नोट बदलने के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। दो हजार के नोट बदलने के लिए किसी आईडी की जरूरत नहीं है। कोई फॉर्म भी नहीं भरना होगा। 23 मई से 30 सितंबर 2023 के बीच कोई भी व्यक्ति जिसके पास 2000 रुपये के नोट हैं, वो उसे अन्य मूल्य के नोटों से बदलवा सकता है। इसी तरह बैंक अकाउंट में भी 2000 रुपये के नोट को जमा करने के लिए कोई भी अतिरिक्त फॉर्म नहीं भरने होंगे। हालांकि, जो भी डिपॉजिट को लेकर बैंक के नियम हैं लेकर बैंक के नियम हैं उसका पालन करना होगा। स्टेट बैंक ने नोटिफिकेशन इसलिए जारी किया है, क्योंकि सोशल मीडिया पर नोट बदलने को लेकर अलग-अलग जानकारियां दी जा रही थीं।

# डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन (एमआरईआई) की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन (मानव रचना शैक्षणिक संस्थान) की ओर से एनआईटी-5 स्थित राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 13वां स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इस समापन शिविर में स्कूल के कुल 8 सौ बच्चों की स्वास्थ्य जांच और काउंसलिंग की गई। इस कार्यक्रम के साथ फाउंडेशन की ओर से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए शहर के विभिन्न इलाकों में लगाए जा रहे स्वास्थ्य जांच शिविरों का समापन हो गया। फाउंडेशन की ओर से इससे पहले शहर में सेक्टर-28 वृद्धाश्रम, सेक्टर-



21, सेक्टर-19, एतमादपुर, गांधी कॉलोनी, दयालपुर, साई धाम सेक्टर-86, मोहना, आईपी कॉलोनी, एनआईटी-5 और जीवन नगर में भी शिविर लगाए जा चुके हैं। जिनमें तकरीबन 37 सौ लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, डेंटल चैकअप, न्यूट्रिशन सलाह और स्वास्थ्य परामर्श का लाभ दिया गया है। शिविर के दौरान संस्थान के डेंटल साइंसेज, फिजियोथेरेपी, पोषण और मनोविज्ञान ने विशेष सहयोग दिया। साथ ही संस्थान के फैकल्टी सदस्यों के साथ स्टूडेंट्स वॉलंटियर्स ने भी अहम भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### रास्ता रोककर तेजधार हथियार व पीट-पीटकर घायल करने का आरोप

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में कहासुनी की रंजिश रखते हुए युवक का रास्ता रोककर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने व पीट-पीटकर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल को परिजन लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में घायल का उपचार करवाया। पुलिस ने घायल के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। लाल दरवाजा निवासी गौरव ने गत 27 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि करीब 10.30 बजे उसकी कहासुनी प्रदीप उर्फ जुडी निवासी बागड़ी मोहल्ला से हो गई। रात करीब 11.30 बजे वह मंडी वाली गली से होता हुआ घर जा रहा था। उसी दौरान प्रदीप उर्फ जुड़ी व दीकप निवासी लाल दरवाजा ने रास्ता रोक लिया। दीपक के हाथ में तलवार थी। उस पर हमला करना शुरू कर दिया। उसके बाद उसे पीटने लगे। भीड़ इक्ट्ठी होती देखकर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल को उपचार के अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने घायल को उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार करवाने के बाद उसे छुट्टी मिल गई। जांच अधिकारी एसआई मुनेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितो को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### सेना के जवान की कार को तेज रफ्तार बस ने मारी टक्कर

सोनीपत। बहालगढ़ थाना क्षेत्र में सेना के जवान की कार को तेज रफ्तार बस ने पीछे से टक्कर मार दी। इसमें जवान के साथ ही उनकी पत्नी और भतीजी घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उनकी पत्नी और भतीजी को पीजीआई रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद चालक अपनी बस को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस हादसा करने वाली बस व चालक की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए है। गांव उमरी उत्तर प्रदेश निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि वह भारतीय सेना में तैनात है। हाल मेंउसकी तैनाती जम्मू-कश्मीर के अखनूर में है। वह 27 मई को अखनूर से अवकाश लेकर अपने घर को चला था। वह अपनी कार से घर जा रहा था। उनके साथ में पत्नी अंजली और भतीजी दिशा भी थी। जब उनकी कार बहालगढ़ थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर जुरासिक पार्क के सामने सुबह साढ़े चार बजे आई तो एक तेज रफ्तार रोडवेज की बस ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे उनकी कार पीछे से क्षतिग्रसत हो गई और वह तीनों घायल हो गए। हादसे के बाद चालक अपनी बस को लेकर दिल्ली की ओर गया। ओमप्रकाश ने इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर हालत के चलते अंजली और दिशा को पीजीआई रेफर कर दिया गया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थान प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि जल्द से जल्द बस चालक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### महिला को बातों में लेकर सोने के बाले चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने महिला को बातों में लेकर कान के बाले चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित मनोज निवासी पट्टी कल्याण पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मुरथल निवासी कमलेश ने 2 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने खेत में चारा लेने के लिए गई थी। दोपहर करीब 1.30 बजे चारा लेकर ओशो धार रोड से गांव की तरफ से जा रही थी उसी दौरान मुरथल की तरफ से एक गाड़ी उसके पास आकर रूकी। उसमे एक बाबा के कपड़े पहनने हुए था व दुसरा जो ड्राईवर था। वो सादे कपडो मे था। बाबा ने मुझसे बुधनाथ के डेरे का पता पुछा तो मैने कहा वो तो दूसरी साईड में रह गया। उसे बातों में लेकर उसके कानों से बाले की प्रशंसा करने लगे।

## ट्रेन में महिला की सोने की चेन चोरी

**सोनीपत।** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर चलने वाली पैसेंजर गाड़ी में महिला यात्री के गले से सोने की चेन चोरी होने का मामला सामने आया है। सोनीपत स्टेशन पर गाड़ी पहुंचने पर महिला को पता चला। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मैन बाजार शहर पानीपत निवासी सिमरन ने बताया कि वह पानीपत-दिल्ली जाने वाली पैंसेजर गाड़ी में सवार होकर सोनीपत पहुंची थी। सोनीपत स्टेशन पर पहुंचने पर उसे जानकारी मिली कि उसके गले से सोने की चेन गायब हो गए। अपने स्तर पर चेन की तलाश की।

# श्री श्याम वंदना महोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** श्री श्याम दरबार ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति श्री श्याम वंदना महोत्सव सैक्टर-23ए कम्युनिटी सैन्टर में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के संरक्षक एवं बाबा के अनन्य भक्त लेखराज दीक्षित व चेयरमैन मुकेश दीक्षित ने की। संस्था के प्रधान प्रदीप दीक्षित व महासचिव कुलदीप लाम्बा ने बताया कि कम्युनिटी सैन्टर में भव्य दरबार, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा व छप्पन भोग लगाकर बाबा का गुणगान किया गया। महासचिव कुलदीप लाम्बा ने बताया कि भजन प्रवाहक मनोज शर्मा, मोनू भैया, राशि पाटनी,



कोमल चोपड़ा के साथ मंदिर के सदस्यों द्वारा सायंकालीन भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मंच का संचालन श्याम आहूजा ने किया। श्याम वंदना महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता टिपर चंद शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष लाम्बा, निवर्तमान पार्षद जयवीर खटाना, शीतल खटाना, प्रमोद कुमार टिबड़ेवाल, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, अनुराग गर्ग, शिक्षाविद् भारत भूषण शर्मा, संजीव प्रधान, श्याम सुंदर गोयल, प्रदीप गुप्ता, सचिन, विशाल गोयल, गौरव कंसल, रवि सोनी, गुरु चरण डोरा, राजीव गोयल, संदीप सिंगला, गौरव गोयल आदि अतिथि उपस्थित रहे। जिसमें ज्योत प्रज्जवलित परम पूज्य गुरू देव लेखराज दीक्षित एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित टिपर चंद शर्मा ने करते हुए बाबा का आशीर्वाद प्राप्त प्राप्त किया और भजन संध्या के कार्यक्रम में मनोज शर्मा, मोनू भैया, राशि पाटनी, कोमल चोपड़ा ने भजनों का ऐसा समा बांधा के सारे भक्तगण झूमते हुए नजर आए। भजन संध्या के उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया एवं महासचिव कुलदीप लाम्बा ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और कहा श्याम बाबा सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखेंगे। वंदना महोत्सव में चेयरमैन मुकेश दीक्षित, अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित, महासचिव कुलदीप लाम्बा, उपप्रधान सत्येन्द्र यादव, वरिष्ठ उप प्रधान मुकेश संदूजा, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, सुशील अग्रवाल, प्रचार मंत्री पूनम शर्मा, लवली गर्ग, राजेश लाम्बा, मोहन अग्रवाल, तरुण भारद्वाज, जगबीर खटाना, प्रेम शंकर शर्मा, जॉनी, दीपांशु शर्मा, रणबीर शर्मा सहित कार्यकारणी के अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# युवा सैन समाज फरीदाबाद संगठन की एक आवश्यक बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** युवा सैन समाज फरीदाबाद संगठन की एक आवश्यक बैठक का आयोजन डबुआ कालोनी में किया गया। इस बैठक में प्रधान योगेन्द्र सैन के तीन वर्ष पूरे होने के एडवोकेट रविन्द्र सैन सिद्धु को सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्ष के लिए प्रधान चुना गया। इस अवसर पर सैन समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सैन व हरिशंकर सविता को सैन समाज कोर कमेटी सदस्य बनाया गया। तत्पश्चात सभी को सम्मान कर स्वागत किया गया। उपस्थित समाज के मौजिज लोगों,



बुजुर्ग तथा पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए रविन्द्र सैन सिद्धु ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे पहले प्रधान राजीव बालियान व योगेन्द्र सैन ने बहुत ही मेहनत व कर्तव्य निष्ठा से संगठन को आगे बढ़ाया है। आज जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है मैं उस जिम्मेदारी को उठाने के लिए तैयार हुए हम सब मिलकर फरीदाबाद सैन समाज के लिए और अच्छे व बेहतर कार्य करेंगे।

## ई-पेंशन सिस्टम में अपडेट करवाएं पेंशनस

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** जिला खजाना अधिकारी संजय सिंह छोकर ने बताया कि हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त सभी पेंशनर्स को सूचित किया जाता है कि जो पेंशनर्स खजाना कार्यालय, फरीदाबाद व उप-खजाना कार्यालय, बल्लभगढ़ से अपनी पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। वे अपना आधार कार्ड व पैन कार्ड की फोटो प्रति के साथ खजाना कार्यालय व उप-खजाना कार्यालय में पी0पी0ओ0 बुक के साथ किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर ई पेंशन सिस्टम में अपडेट करवाएं तथा साथ ही जो भी पेंशनर पुरानी टैक्स व्यवस्था में रहना चाहता है तो स्वयं ई-पेंशन में ई-पेंशनर लोगिन कर प्रवेश कर अपना डाटा अपडेट कर सकते है।

# जल्द लगेंगे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान और निरोगी हरियाणा मेले



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**

एडीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जी के द्वारा निरोगी हरियाणा योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी लोगों को मुफ्त में हेल्थ चेकअप की सुविधा उपलब्ध कराना है। निरोगी हरियाणा योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा है। लाभार्थियों को परामर्श के साथ-साथ दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। एडीसी अपराजिता ने आज मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान और निरोगी हरियाणा योजना को लेकर की समीक्षा बैठक। उन्होंने बताया कि आगामी 5 जून से 10 जून तक मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना और निरोगी हरियाणा मेले का आयोजन किया जाएगा। गरीब परिवार जिन्हें परामर्श और जांच के अभाव में शरीर में होने वाले रोग की जानकारी नहीं होती थी, उनके लिए यह योजना मेले अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। लाभार्थियों को परामर्श के साथ-साथ दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। इन मेलों के तहत स्वास्थ्य विभाग की एएनएम और आशा वर्कर अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में लाभार्थियों से संपर्क करेंगी। इन मेलों में अंत्योदय सूचीबद्ध परिवार जिनकी आय 1 लाख 80 हजार रुपये प्रतिवर्ष से कम हैं को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। आपको बता दें कि निरोगी हरियाणा योजना यह एक प्रकार का स्वास्थ्य से संबंधित योजना है जिसकी शुरूआत हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा बजट 2022 के दौरान हरियाणा के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए इस योजना की शुरूआत हरियाणा सरकार के द्वारा किया गया है। निरोगी हरियाणा योजना के अंतर्गत हरियाणा में रहने वाले लोगों को इस योजना के तहत फ्री में उनका इलाज किया जाएगा और इलाज के बाद जो भी रिकॉर्ड होगा उस रिकॉर्ड को सुरक्षित रखा जाएगा ताकि आवश्यकता पडने पर उस रिकॉर्ड का इस्तेमाल भविष्य में किया जा सके। इसके अलावा यदि हेल्थ चेकअप के दौरान किसी व्यक्ति को यदि कोई बीमारी है और वह बीमारी इस योजना के तहत हेल्थ चेकअप में पाया गया तो उस व्यक्ति का इलाज निरोगी हरियाणा योजना के तहत बिल्कुल फ्री में किया जाएगा उस व्यक्ति से 1 भी नहीं लिया जाएगा।

# एसआरएस. इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थी परिषद का गठन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एस. आर. एस. इंटरनेशनल स्कू में विद्यार्थी परिषद (स्टूडेंट कार्उसिल) का गठन किया गया तथा इसके बाद परिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय की इस परिषद में विभिन्न पदों के लिए चयनित विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इन पदों के लिए विद्यार्थियों को एक निर्धारित चयन प्रक्रिया में विभिन्न चरणों से गुजरना पड़ा जिसमें तात्कालिक भाषण, समूह चर्चा, प्रधानाचार्या, कोर्डिनेटर व अपनी कक्षा अध्यापिका से बातचीत और छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड आदि प्रमुख थे। विभिन्न चरणों में हुई इस प्रक्रिया को पूरा करते हुए



कुछ छात्र सत्र 2023-24 की 'विद्यार्थी परिषदइ के लिए चुने गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुरजीत खन्ना, प्रिंसीपल डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद और विद्यालय के मेनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल उपस्थित रहे। इस मौके पर छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इसके बाद श्रीमती सुरजीत खन्ना ने हेड गर्ल के लिए कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय की छात्रा चारु गर्ग को तथा हेड बॉय के लिए कक्षा बारहवीं के वाणिज्य संकाय के छात्र फरहान अख्तर को शपथ दिलाई और बैच व सैश देकर सम्मानित किया गया। इनके अलावा वाइस हेड गर्ल और वाइस हेड बॉय के लिए क्रमशः कक्षा दसवीं की छात्रा आँचलप्रीत कौर और कक्षा ग्यारहवीं के छात्र अनिकेत कुमार को भी शपथ दिलाई गई और बैच प्रदान किए गए। इन मुख्य पदों के अलावा अलग-अलग हाउस- एशिया, अमेरिका, यूरोप और अफ्रीका के प्रभारियों, विभिन्न क्लबों के सचिवों और सभी हाउस के विद्यार्थी प्रशासकों (हाउस प्रेफिक्ट) को भी शपथ दिलाई गई और बैच प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के मेनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रधानाचार्या श्रीमती कृष्णा मिश्रा, स्कूल मैनेजर तेज प्रकाश पांडेय व शिक्षाविद सी. एल. गोयल ने विद्यार्थी परिषद सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

# प्रेम-विवाह करने वाली युवती की हत्या करने के दोषी पिता-पुत्र को अदालत ने सुनाई फांसी की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** शहर थाना गोहाना क्षेत्र में प्रेम-विवाह करने वाली युवती की गला रेतकर हत्या करने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित पिता-पुत्र को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह की अदालत ने दोनों को फांसी की सुनाई है। पिता-पुत्र ने षड़यंत्र के तहत गला रेतकर युवती को मौत के घाट उतारा था। अदालत ने धारा-302 व 34 में आरोपित संदीप उर्फ लाला व युवती के पिता उमेद सिंह को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने मामले में चार आरोपितों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। जिले के गांव गढ़ी हकीकत निवासी अर्जुन ने 7 सिंतबर 2019 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि करीब सवा पहले गांव खंदराई की रितु (23) से प्रेम विवाह किया था। अर्जुन गांव खंदराई का भांजा है। दोनों के विवाह से अर्जुन के परिजन तो खुश थे लेकिन रितु के परिजन झूठी शान के चक्कर में क्रोध में जल रहे थे। अर्जुन को यह भलीभांति अहसास था कि मौका मिलते ही रितु के परिजन कोई भी अंजाम दे सकते हैं। रितु ने भले ही प्रेम विवाह कर लिया था लेकिन वह अपने परिजनों को नहीं भूला पाई। उसे विश्वास था कि समय गुजरने पर सब ठीक हो जाएगा और उसके परिजन शांत हो जाएंगे। रितु की मोबाइल फोन पर अपनी छोटी बहन अंजू और मां श्यामो से बातचीत होने लगी। शनिवार को रितु की तबीयत बिगड़ गई थी और उसने अपनी मां-बहन से बातचीत की। इसके बाद दोनों ने रितु को गोहाना में आकर एक निजी चिकित्सक के पास उपचार कराने को कहा। साथ में कहा कि इसी बहाने वे भी उससे मुलाकात कर लेंगे। रितु ने उनकी बातों पर विश्वास कर लिया। रितु ने अर्जुन को मना लिया और दोनों बस में सवार होकर गोहाना में एक निजी अस्पताल पहुंच गए। इससे पहले रितु की मां, बहन व उसका भाई संदीप साथियों के साथ मिल कर जाल बिछा चुका था। परिजनों ने बहाने से रितु व अर्जुन को अलग-अलग कर दिया। अंजू व उसकी मां रितु को गोल-गप्पे खाने के बहाने अस्पताल से बाहर ले गईं। इसके बाद वहां संदीप ने अपने साथियों के साथ मिल कर रितु का अपहरण कर लिया और उसे सीधे अपने गांव ले गए। संदीप ने साथियों के रितु को घर ले जा कर उसका तेजधार हथियार से गला रेंत कर मौत के घाट उतार दिया। अंजू व उसकी मां अस्पताल में अर्जुन को अकेले छोड़ कर गायब हो गईं। संदीप बहन की हत्या करने के बाद साथियों के साथ दोबारा अस्पताल पहुंचा तो अर्जुन वहां बाहर खड़ा मिला। वहां पहुंचते ही संदीप ने साथियों से अर्जुन पर तेजधार हथियार से हमला करने का प्रयास किया लेकिन वह बच गया। संदीप ने उसे कहा कि रितु को तो ठिकाने लगा दिया है अब तेरी बारी है। जान बचाने के लिए अर्जुन वहां से भाग निकला, लेकिन संदीप ने साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर उसका पीछा किया। अर्जुन कई मकानों की छतों पर चढ़ कर व दीवारों को फांद कर समता चौक के निकट एक व्यक्ति के मकान में जा छुपा और उसकी जान बच गई। अर्जुन ने इस संबंध में शहर थाना में सूचना दी, जिसके बाद एसएचओ महिपाल सिंह अपनी टीम के साथ गांव खंदराई पहुंचे तो रितु अपने घर में मृत मिली। पुलिस के पहुंचने से पहले रितु के परिजन वहां से फरार हो चुके थे।

# कोल्ड ड्रिंक्स की 300 पेटी बेचकर वाहन चालक हुआ फरार

## सेक्टर-15 के रहने वाले शुभग गर्ग ने अपनी गाड़ी से भेजी थीं कोल्ड ड्रिंक्स

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत सेक्टर-27** शहर सोनीपत क्षेत्र में कोल्ड ड्रिंक्स की 300 पेटी बेचकर मिनी ट्रक चालक के फरार होने का मामला सामने आया है। चालक सेक्टर-15 में स्थित कोल्ड ड्रिंक्स के एजेंसी संचालक के यहां से सप्लाई लेकर गया था। उसने सामान को कहीं रास्ते में ही दूसरे दुकानदार को बेच दिया। उसके बाद गोदाम के पीछे मिनी ट्रक को खड़ा करके भाग गया। पुलिस ने एजेंसी संचालक की शिकायत पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार हुए चालक की तलाश कर रही है। सेक्टर-15 शुभम गर्ग ने बताया कि उसके पास कोल्ड ड्रिंक्स की डीलरशिप है। वह कोल्ड ड्रिंक्स की पूरे शहर में सप्लाई करता है। इसके लिए उन्होंने अपने मिनी ट्रक बना रखे है। एक मिनी ट्रक पर ककरोई गांव का रहने वाला कुलदीप चालक है। उन्होंने कुलदीप वाले मिनी ट्रक में कोल्ड ड्रिंक्स की 300 पेटी सप्लाई के लिए भेजी थी। इस सप्लाई को कच्चे क्वार्टर में सुभाष एजेंसी पर उतारना था।शाम तक न तो सप्लाई पहुंचाकर चालक कुलदीप ही वापस आया और न ही सुभाष एजेंसी पर सप्लाई ही पहुंची। इसके साथ ही चालक का फोन लगातार बंद आता रहा। शाम को सप्लाई गाड़ी गोदाम के पीछे लावारिश हालत में खड़ी हुई मिल गई। चालक ने हमारे सामान को कहीं पर बेच दिया है और रुपया लेकर भाग गया है। मामले को लेकर पुलिस को अगवत करवाया। जांच अधिकारी एचसी विक्रम ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 30 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# महाकाल लोक की 6 मूर्तियां खोखली थी

## 6 मूर्तियां टूटी: अंदर से खोखली, स्टील रॉड से मजबूत करना भूले; ऐसी कुल 136 मूर्तियां 15 करोड़ की

**टीम एक्शन इंडिया/उज्जैन**
**उज्जैन में** रविवार को तेज आंधी-बारिश के कारण धराशायी हुई महाकाल लोक की 6 मूर्तियां अंदर से खोखली थीं। पता चला कि मूर्तियों का बेस ही बहुत कमजोर था। जबकि, इसे बनाने वाली एमपी बावरिया कंपनी ने इनकी लाइफ 10 साल बताई थी। पूरे महाकाल लोक में करीब 136 मूर्तियां लगाई गई हैं। इनकी लागत 15 करोड़ रुपए है। इस हिसाब से औसतन एक मूर्ति बनाने में 11 लाख रुपए खर्च हुए है। महाकाल लोक बनने की शुरूआत 2018 में हुई। फ्लोर का काम शुरू होने के बाद सबसे पहले सप्तऋषियों की मूर्तियां स्थापित की गई थीं। रविवार को सप्तऋषि की 7 में से 6 मूर्तियां पेडस्टल से नीचे गिर गईं। मूर्तियां गिरने की जानकारी पर महाकाल लोक पहुंची, तब प्रशासन कॉरिडोर से श्रद्धालुओं को बाहर कर रहा था। उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसडीएम कल्याणी



पांडे और मंदिर प्रशासक संदीप सोनी पहुंच चुके थे। क्रेन की मदद से मूर्तियों को हटाया जा रहा था। टूटी हुई मूर्तियां अंदर से खोखली थीं। हमें ये तीन खामियां दिखीं...

**पहला कारण:** मूर्तियों का बेस बेहद कमजोर था। नीचे की ओर इतनी जगह छोड़ दी गई कि इससे आसानी से हवा-पानी अंदर जा सकता था।

**दूसरा कारण:** 10 से 25 फीट ऊंची मूर्तियों को फाइबर रेनफोर्स प्लास्टिक से बनाया गया था। मजबूती देने के लिए अंदर सरिए लगाने होते हैं, लेकिन मूर्तियां खोखली थीं।

**तीसरा कारण:** मूर्तियों की बनावट इस तरह की नहीं थी कि वे 30 से 50 किमी/घंटे की स्पीड से चलने वाली हवा झेल सकें। भोपाल मौसम विभाग के अनुसार उज्जैन में दिन में 45 किमी/घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी। मूर्तियां हवा का प्रेशर झेल नहीं सकीं।

### मूर्तियों को ठोस बनाते तो बजट बढ़ जाता...

**मूर्तियों** को डिजाइन करने वाले स्मार्ट सिटी के साथ काम कर रहे कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि प्लान में पहले से ही था कि मूर्तियों को अंदर से खोखला बनाकर अंदर स्टील या लोहे की रॉड से मजबूती दी जाएगी।
संभवत: मूर्तियों के आधार में मजबूती नहीं होने के कारण ही मूर्ति गिरी हैं। मूर्तियों की मजबूती के लिए इनमें केमिकल डालकर इन्हें ठोस किया जा सकता था। इससे इनकी उम्र भी कई गुना बढ़ जाती। हालांकि, इस प्रोसेस में मूर्तियां कई गुना महंगी बनतीं और मूर्ति बनाने का बजट भी बढ़ जाता।

**मूर्तियों के अंदर जॉइंट कमजोर पड़ गया:** मूर्तियां बनाने वाली एमपी बावरिया कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर संजय पटेल ने कहा- तेज हवा ने बवंडर बना दिया, जिससे मूर्ति के अंदर का स्ट्रक्चर टूट गया। पटेल ने माना कि मूर्तियों के अंदर माइल्ड स्टील का जॉइंट कमजोर पड़ गया होगा। अब इनमें स्टील के साथ कांक्रीट का इस्तेमाल करेंगे।

**कलेक्टर बोले, एक्शन लेंगे:** उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि मूर्तियों की एज 10 साल थी। मूर्ति बनाने वाली कंपनी गुजरात की एमपी बाबरिया की काफी राशि धरोहर के रूप में हमारे पास है। सभी मूर्तियां डिफेक्ट लायबिलिटी में है। कंपनी नई मूर्तियां बनाकर देगी। 10 से 25 फीट ऊंची ये मूर्तियों पर गुजरात, ओडिशा और राजस्थान के कलाकारों ने कारीगरी कर 5 साल में तैयार किया था।

# पांच राज्यों के साथ ही कश्मीर में भी विधानचुनाव की आहट!

**सुगबुगाहट**

**सयासी जानकार भी मानते हैं कि घाटी में जी20 की हुई सफल बैठक के बाद चुनाव की तारीखों का एलान किया जा सकता है**




**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू-कश्मीर**
**पीडीपी** की नेता महबूबा मुफ्ती घाटी के प्रसिद्ध खीर भवानी मंदिर में जाकर माथा टेक आई हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के मुखिया गुलाम नबी आजाद रैलियां शुरू कर चुके हैं। इन रैलियों में वह धारा 370 हटाने से पहले के कश्मीर की मांग करने लगे हैं। कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला भी कश्मीर में चुनाव कराने के साथ पाकिस्तान से बात करने का विवादित बयान भी देने लगे हैं। सियासी जानकार भी मानते हैं कि घाटी में जी20 की हुई सफल बैठक के बाद चुनाव की तारीखों का एलान किया जा सकता है। संभव है कि पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ ही कश्मीर में भी चुनाव करा दिया जाए।

**आजाद की पार्टी ने की चुनाव संबंधी बड़ी बैठक:** जम्मू-कश्मीर में चुनावी माहौल बनने लगा है। बीते कुछ दिनों से जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के मुखिया गुलाम नबी आजाद घाटी के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर सियासी रैलियां और जनता से संवाद स्थापित कर रहे हैं। गुलाम नबी आजाद की पार्टी के वरिष्ठ नेता अहमद शहजाद कहते हैं कि जम्मू कश्मीर में तो अब परिसीमन भी हो गया है। ऐसे में घाटी की राजनीतिक पार्टियों को किसी भी वक्त चुनाव के लिए तो तैयार रहना ही पड़ेगा। गुलाम नबी आजाद की पार्टी ने रविवार को घाटी में बैठक कर अपने चुनावी एजेंडे के साथ आगे की रणनीति पर काम भी करने का एलान कर दिया है।

# राजस्थान में तूफान-बारिश ने मचाई तबाही



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राजस्थान** में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर कहर बरपा सकता है। इसका सबसे ज्यादा असर जोधपुर, जयपुर, बीकानेर के अलावा अजमेर संभाग के कुछ जिलों में देखने को मिलेगा। यहां 70-80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज अंधड़ आ सकते हैं। इसके साथ ही तेज बारिश के दौरान बिजली भी गिर सकती है। इस स्थिति को देखते हुए जयपुर मौसम केंद्र ने 7 जिलों के लिए ऑरेंज और तीन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए बारिश-आंधी के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। इससे पहले पिछले 24 घंटे में उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के जिलों में अंधड़ ने जबरदस्त तबाही मचाई।
कई जगह पेड़, मोबाइल टावर, कच्ची दीवारें गिर गईं। 80ङट की स्पीड से भी ज्यादा तेज आए इस अंधड़ के कारण बीकानेर, जोधपुर और नागौर एरिया के आसमान में धूल का गुबार छा गया और विजिबिलिटी भी बहुत कम हो गई थी। वहीं, जैसलमेर में ओले गिरने से दादा-पोते की मौत हो गई तो अजमेर के सोजत में इतनी तेज हवा चली कि मालगाड़ी पर रखे लोहे के कंटेनर प्लेटफॉर्म पर पलट गए।

**तबाही**

**80 किमी की स्पीड से भी ज्यादा तेज आए इस अंधड़ के कारण बीकानेर एरिया के आसमान में धूल का गुबार छा गया**

**बीकानेर में 11 साल में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड:** बीकानेर में रविवार दोपहर बाद बदले मौसम से हुई तेज बारिश ने 11 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। साल 2014 में 17 मई को 50.4 एमएम बारिश एक दिन में हुई थी, लेकिन कल 72.8 एमएम बरसात हुई, जो पिछले 11 साल में मई महीने में एक दिन में सबसे ज्यादा दर्ज की गई।

# सीएम गहलोत ने पायलट पर कसा तंज

## कांग्रेस में ऐसी स्थिति नहीं, किसी को मनाने के लिए पद ऑफर करो

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**कांग्रेस** हाईकमान की सचिन पायलट मामले में सुलह की कोशिश के बीच सीएम अशोक गहलोत ने तंज कसा है। उन्होंने सुलह के फॉर्मूले की चर्चाओं को निराधार बताया है। गहलोत ने पायलट की शर्त नहीं मानने के संकेत दिए हैं। गहलोत ने कहा- किसी कार्यकर्ता की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह कहे यह पद लूंगा। यह नहीं लूंगा। गहलोत सोमवार दोपहर को दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- ऐसे फॉर्मूले मैंने अपनी



जिंदगी में कभी नहीं सुने। कोई नेता मांगे कि यह चीज मुझे मिल जाए या हाईकमान उसे ऑफर करें कि आप कौन सा पद लोगे? ऐसा रिवाज मैंने कभी कांग्रेस में नहीं देखा। लोग स्टोरी बनाते रहते होंगे। उसमें कोई दम नहीं होता। गहलोत ने कहा- हाईकमान और कांग्रेस पार्टी आज भी इतना मजबूत है कि ऐसी स्थिति नहीं आई है कि आप किसी को मनाने के लिए ऑफर करो कि आप कौन सा पद स्वीकार करोगे? ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ। जिंदगी में न कभी होगा। कांग्रेस बहुत मजबूत संगठन है। आज भी हाईकमान बहुत मजबूत है। न किसी कार्यकर्ता की ऐसी हिम्मत है कि वह कहे कि मैं यह पद लूंगा। ऐसा कभी होता नहीं है। गहलोत ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात से पहले सचिन पायलट पर तंज कसकर सुलह फॉर्मूले की गुंजाइश पर ही सवाल उठा दिए हैं। गहलोत ने साफ तौर पर इशारा किया है कि वे पायलट की मांगों के सामने सरेंडर करने को तैयार नहीं हैं।

# भिंड में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**टीम एक्शन इंडिया/भिंड**
**भिंड में सोम**वार सुबह 9 बजे एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराना पड़ी। यह नयागांव थाना इलाके में जखमौली गांव के नजदीक सिंध नदी के बीहड़ में उतरा। इंडियन एयरफोर्स के मुताबिक, हेलिकॉप्टर को रूटीन ऑपरेशनल ट्रेनिंग के दौरान इमरजेंसी लैंड कराना पड़ा। दोनों पायलट और हेलिकॉप्टर सेफ हैं। क्रू को मदद देने के लिए अन्य हेलिकॉप्टर से टीम मौके पर पहुंची। वायुसेना का अपाचे गयासिंह भदौरिया के खेत में लैंड हुआ। हेलिकॉप्टर को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। कुछ ही देर में ग्वालियर से एयरफोर्स के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।
उन्होंने ग्रामीणों को हटाया। टीम ने हेलिकॉप्टर की तकनीकि खराबी को ठीक किया। दोपहर दो से ढाई बजे की बीच हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी।

**पायलट सेफ**

**इंडियन एयरफोर्स के मुताबिक, हेलिकॉप्टर को रूटीन ऑपरेशनल ट्रेनिंग के दौरान इमरजेंसी लैंड कराना पड़ा**

# नाबालिग से रेप व हत्या के दोषी को फांसी की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले की एक अदालत ने एक नाबालिग बच्चे से दुष्कर्म के दोषी को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) रामकिशोर यादव की अदालत ने यह फैसला सुनाया। स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु एडवोकेट ने सोमवार को बताया कि इस घटना की चार्जशीट न्यायालय में 28 अप्रैल 2023 को आई थी। अभियुक्त पर न्यायालय में दो मई को चार्ज लगाया गया था। कुल 14 गवाह थे। आठ मई को पहली गवाही कराई गई और 18 मई को सभी की गवाही खत्म कराई। 22 मई को फाइनल बहस हुई। 26 मई को आरोपित सैफ पर सभी धाराओं में दोष सिद्ध करार दिया गया।

**सजा**

**अर्थदंड भी लगाया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) रामकिशोर यादव की अदालत ने यह फैसला सुनाया**




## नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम बदलने से

**लोहरदगा:** झारखंड सरकार ने आदर्श विद्यालय योजना के तहत विकसित किए गए 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का नाम बदल दिया है। अब सभी विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के नाम से जाने जाएंगें। इसी क्रम में लोहरदगा नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम भी परिवर्तित कर उसके स्थान पर अब सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा कर दिया गया है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में तीखा आक्रोश है। लोहरदगा के नदिया हिंदू हाई स्कूल की स्थापना आजादी से पूर्व 1931



इंफाल में रविवार को हुई हिंसा के बाद वहां बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किया गया है।

**मिशन 2024** चाय नहीं इस बार टिफिन पर होगी चर्चा; मोबाइल से लेकर दरवाजे तक पहुंचने का प्लान

# यूपी में टारगेट 80 के लिए बीजेपी का मास्टर प्लान

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**लोकसभा** चुनाव में अभी एक साल का वक्त है। लेकिन, बीजेपी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। टारगेट 80 सीटों पर जीत का है। इसको अचीव करने के लिए बीजेपी ने पहली बार 'चाय पर चर्चा' की जगह 'टिफिन पर चर्चा' का प्लान बनाया है। इसके तहत, पार्टी के मंत्री, सांसद घर-घर पहुंचेंगे। ज्यादा वक्त बिताएंगे। बात करेंगे। फीडबैक लेंगे। पार्टी और उनके काम के बारे में लोगों को बताएंगे। 30 दिन के महाजनसंपर्क, जो कि 30 मई से शुरू हो रहा है इसमें सोशल



मीडिया से लेकर घर के दरवाजे तक पहुंचने की बीजेपी की रणनीति है। जनसंपर्क के इस मास्टर प्लान में जहां युवाओं को सोशल मीडिया से इंफ्लुएंस किया जाएगा। वहीं, मिडिल एज, सीनियर सिटीजन और महिलाओं को घर-घर पहुंचकर बताया जाएगा कि पार्टी ने अब तक क्या-क्या किया है। इस अभियान में केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, सांसद, विधायक, संगठन पदाधिकारियों से लेकर पार्टी के कोर कैडर को भी शामिल किया गया है।

**600 वॉलिंटियर सोशल मीडिया पर बताएंगे सरकार ने क्या-कुछ किया:** 30 मई से शुरू होने वाले जनसंपर्क महाअभियान की शुरूआत 29 मई को बीजेपी की सोशल मीडिया वर्कशॉप से होगी। इस वर्कशॉप में राज्य से 600 से ज्यादा वॉलिंटियर शामिल होंगे। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 3 घंटे मीट चलेगी। इसमें मोदी सरकार के 9 साल में किए गए कामों को बताया जाएगा।